*जानकीहरण* महाकाव्य अपने शीर्षक से केवल सीताहरण से सम्बद्ध प्रतीत होता है, किन्तु इसमें राम के जन्म से लेकर अभिषेक तक की पूरी कथा है।

## माघ

माघ राजस्थान के भीनमाल या श्रीमाल नगर के निवासी थे। इनके पितामह वहाँ के राजा के प्रधानमंत्री थे। इनका समय 700 ई. माना जाता है। माघ की एकमात्र रचना *शिशुपालवध* महाकाव्य है। माघ इस काव्य की रचना में भारवि और भट्टि से बहुत प्रभावित हैं। भारवि से प्रतिस्पर्धा तो उनके महाकाव्य में प्रारम्भ से अन्त तक दिखाई पड़ती है। भारवि शिव का यशोगान करते हैं, तो माघ विष्णु का। माघ अलङ्कृत काव्य रचना में भारवि से आगे बढ़ गए हैं।

- **शिशुपालवध** — *शिशुपालवध* 20 सर्गों का उत्कृष्ट महाकाव्य है, जिसमें कृष्ण द्वारा शिशुपाल के वध की कथा वर्णित है। छोटे कथानक को माघ ने महाकाव्य में विस्तृत वर्णनों से बहुत बड़ा बना दिया है। व्याकरण, राजनीति, वेद, दर्शन, संगीत आदि विविध शास्त्रों के अपने ज्ञान को माघ ने इसमें प्रदर्शित किया है। इस महाकाव्य को लिखने में माघ का ऐसा उद्देश्य प्रतीत होता है कि महाकाव्य के छोटे से छोटे लक्षण को समाविष्ट करके इसे आदर्श महाकाव्य का रूप दिया जा सके। भाषा और छन्द दोनों पर माघ का अद्भुत अधिकार है। भारवि के समान इन्होंने चित्रकाव्य का



Chapter-4.indd 41 12-08-2016 2:05:31 PM

भी प्रयोग किया है। इस महाकाव्य को पण्डितों के समाज में बहुत प्रशंसा मिली है जिसका प्रमाण यह सुभाषित है— मेघे माघे गतं वय:।

## श्रीहर्ष

यद्यपि माघ के बाद अन्य अनेक कवि हुए, किन्तु श्रीहर्ष को जो ख्याति मिली, वह अन्य किसी को नहीं मिली। श्रीहर्ष विशिष्ट पण्डित-परम्परा में उत्पन्न हुए थे। इन्होंने *नैषधीयचरित* महाकाव्य के अतिरिक्त वेदान्त का एक क्लिष्ट ग्रन्थ *खण्डनखण्डखाद्य* भी लिखा था। इनकी शैली पाण्डित्य से भरी हुई है। माघ के समान श्रीहर्ष भी पाण्डित्य-प्रदर्शन करते हैं, किन्तु पदों का लालित्य भी सर्वत्र बनाए रखते हैं।

श्रीहर्ष का समय बारहवीं शताब्दी है। ये कान्यकुब्जनरेश जयचन्द्र की सभा में रहते थे। श्रीहर्ष ने अनेक ग्रन्थ लिखे जिनकी सूचना उन्होंने *नैषधीयचरित* के सर्गों के अन्त में दी है।

- **नैषधीयचरित** — *नैषधीयचरित* में निषध देश के राजा नल के जीवन का वर्णन है। नल और दमयन्ती के परस्पर प्रेम तथा विवाह की संक्षिप्त कथा को कल्पनाशक्ति के सहारे श्रीहर्ष ने 22 सर्गों में फैलाया है। उनके प्रेम में हंस तथा देवता बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान करते हैं। *नैषधीयचरित* में श्रीहर्ष ने अपने प्रौढ़ पाण्डित्य का इतना अधिक प्रदर्शन किया है कि यह शास्त्र-काव्य बन गया है। साधारण संस्कृतज्ञ इसके साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। विद्वानों के गर्वरूपी रोग को दूर करने के लिए यह औषध माना गया है *(नैषधं विद्वद्‌दौषधम्)।* इस महाकाव्य को भारवि और माघ के काव्यों से भी उत्कृष्ट कहा गया है—

तावद् भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदय:।
उदिते नैषधे काव्ये क्व माघ: क्व च भारवि:।।

अर्थात् भारवि की शोभा तब तक है, जब तक माघ का उदय नहीं हुआ और जब नैषध काव्य का उदय हो गया, तो कहाँ माघ और कहाँ भारवि?

भारवि, माघ और श्रीहर्ष इन तीनों के महाकाव्यों *(किरातार्जुनीय, शिशुपालवध,* और *नैषधीयचरित)* को संस्कृत विद्वान् *बृहत्त्रयी* कहते हैं। इन तीनों ने अलंकृत पद्धति का अनुसरण किया है। कालिदास के तीन काव्यों *(रघुवंश, कुमारसम्भव* और *मेघदूत)* को सरल शैली का आश्रय लेने के कारण *लघुत्रयी* कहा जाता है। इन छ: काव्यों का संस्कृत परम्परा में विशेष रूप से प्रचार है।



Chapter-4.indd 42 12-08-2016 2:05:31 PM

## अन्य महाकाव्य

संस्कृत भाषा में महाकाव्य-रचना बहुत लोकप्रिय रही है। उपर्युक्त महाकाव्यों के अतिरिक्त प्राचीन काल में भी अनेक महाकाव्य लिखे गए थे और यह परम्परा आज तक चली आ रही है। यहाँ कुछ महाकाव्यों के नाम दिए जाते हैं। *हरविजय* नामक महाकाव्य कश्मीरी कवि रत्नाकर द्वारा लिखा गया, जिसका समय 850 ई. माना जाता है। इस महाकाव्य में भगवान् शिव की अन्धकासुर पर विजय का विस्तार से वर्णन है। इसमें 50 सर्ग हैं। महाकाव्य की विशालता के कारण रत्नाकर की कीर्ति बहुत फैल गई। रत्नाकर के समकालीन शिवस्वामी ने बौद्धग्रन्थ अवदानशतक की एक कथा पर आश्रित *कप्फणाभ्युदय* नामक महाकाव्य लिखा। यह 20 सर्गों का बौद्ध महाकाव्य है। कश्मीर के ही निवासी क्षेमेन्द्र ने तीन प्रसिद्ध महाकाव्यों का प्रणयन किया। ये हैं— *रामायणमञ्जरी, भारतमञ्जरी* और *बृहत्कथामञ्जरी*। ये तीनों प्रसिद्ध कथाओं पर आश्रित हैं। क्षेमेन्द्र ने 1067 ई. में अपना अन्तिम महाकाव्य *दशावतारचरित* लिखा। क्षेमेन्द्र का जीवनकाल 995 ई. से 1070 ई. तक है।

एक अन्य कश्मीरी कवि (मंख) ने *श्रीकण्ठचरित* नामक महाकाव्य 25 सर्गों में लिखा, जिसमें शिव द्वारा त्रिपुर के पराजय का वर्णन है। इनका समय बारहवीं शताब्दी ई. है। अन्य प्रदेशों के कवियों ने भी समय-समय पर महाकाव्यों की रचना की। नीलकण्ठ दीक्षित ने सत्तरहवीं शताब्दी में *शिवलीलार्णव* महाकाव्य 12 सर्गों में लिखा। रामभद्र दीक्षित का *पतञ्जलिचरित* (आठ सर्ग), वेंकटनाथ का *यादवाभ्युदय*, धनेश्वर सूरि का *शत्रुञ्जय* महाकाव्य, वाग्भट का *नेमिनिर्माणकाव्य*, वीरनन्दी का *चन्द्रप्रभचरित*, हरिश्चन्द्र का *धर्मशर्माभ्युदय* इत्यादि महाकाव्य भी प्रसिद्ध हैं। कुछ महाकाव्य विभिन्न देवताओं तथा शास्त्रीय विषयवस्तु के निरूपण के लिए भी लिखे गए हैं। हेमचन्द्र (1088-1172 ई.) का *कुमारपालचरित* 28 सर्गों का महाकाव्य है, जिसके प्रथम 20 सर्गों में व्याकरण के नियमों के अनुसार संस्कृत भाषा के रूपों का प्रयोग दिखाया गया है और अन्तिम 8 सर्गों में प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषा के व्याकरण-सम्बद्ध रूपों का प्रयोग है। इसे *द्व्याश्रयकाव्य* भी कहते हैं।

आधुनिक युग में भी संस्कृत महाकाव्यों की रचना हो रही है। वर्तमान महापुरुषों तथा घटनाओं को विषय बनाकर अनेक महाकाव्य लिखे गए हैं। महापुरुषों में गुरुगोविन्द सिंह, शिवाजी, स्वामी दयानन्द, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानन्द, महात्मा गांधी, सुभाषचन्द्रबोस, जवाहरलाल नेहरु आदि पर अनेक संस्कृत महाकाव्य लिखे गए हैं। आधुनिक काल में



Chapter-4.indd 43 12-08-2016 2:05:31 PM

प्राचीन विषयों पर भी अनेक महाकाव्य लिखे गए हैं। यही नहीं, विदेशी महापुरुष भी संस्कृत महाकाव्य के विषय बने हैं। नाटक के समान महाकाव्य भी आधुनिक संस्कृत कवियों की अत्यधिक लोकप्रिय विधा है।

## ध्यातव्य बिन्दु

- ♦ महाकाव्य — सर्गबन्ध रचना
- ♦ महाकाव्य का नामकरण — कवि, कथानक अथवा नायक के नाम पर आधारित।
- ♦ कालिदास के दो प्रसिद्ध महाकाव्य–

(i) कुमारसम्भव — सर्ग-आठ, रीति-वैदर्भी।
विषय : शिव-पार्वती के विवाह तथा कुमार कार्तिकेय के जन्म की कथा।

♦ कालिदास के शृंगार रस के प्रति विशिष्ट आकर्षण का द्योतक।

(ii) **रघुवंश-** सर्ग- 19, रीति-वैदर्भी।
विषय — इक्ष्वाकुवंश के विभिन्न राजाओं का विस्तृत वर्णन,
गृहस्थ जीवन की श्रेष्ठता का प्रतिपादन।
रघुवंशी राजाओं के उच्च आदर्शों का द्योतन।
सभी रसों के प्रकाशक प्रसाद गुण से परिपूर्ण।

अश्वघोष के दो महाकाव्य–

(i) बुद्धचरित— सर्ग-28, उपलब्ध सर्ग-14।
विषय — भगवान् बुद्ध के जीवन और उपदेशों का वर्णन।

(ii) सौन्दरनन्द— सर्ग-18, रीति- वैदर्भी।
विषय — नन्द और सुन्दरी के परस्पर अनुराग का शृंङ्गारपूर्ण वर्णन।
बुद्ध के सौतेले भाई नन्द की धर्मदीक्षा का वर्णन।
बौद्धधर्म के उपदेशों की रोचक एवं काव्यमय प्रस्तुति।

♦ किरातार्जुनीय
सर्ग—18
विषय— इन्द्रकील पर्वत पर दिव्य अस्त्र प्राप्त करने वाले अर्जुन और किरातवेशधारी भगवान् शंकर के युद्ध का वर्णन।



Chapter-4.indd 44 12-08-2016 2:05:31 PM

इस महाकाव्य के प्रसिद्ध नीतिवाक्य—

हितं मनोहारि च दुर्लभं वच:।

सहसा विदधीत न क्रियाम्।।

समय- छठी शताब्दी।

रावणवध (भट्टिकाव्य)

लेखक— भट्टि।

समय— छठी शताब्दी का उत्तरार्द्ध एवं सातवीं शताब्दी का आरम्भ।

विषय— रामायण की कथा का सरल एवं संक्षिप्त रूप में वर्णन।

- जानकीहरण

  लेखक— कुमारदास।

  विषय— राम की कथा पर आधारित।

  समय— छठी शताब्दी।

- शिशुपालवध

  लेखक— माघ।

  समय— 700 ई.।

  विषय— कृष्ण द्वारा शिशुपाल के वध की कथा का वर्णन।

- नैषधीयचरित

  लेखक— श्रीहर्ष।

  समय— बारहवीं शताब्दी।

  विषय— निषध देश के राजा नल एवं दमयन्ती के प्रणय का वर्णन।

- बृहत्त्रयी

  *किरातार्जुनीय* (भारविकृत), *शिशुपालवध* (माघकृत) एवं *नैषधीयचरित* (श्रीहर्षकृत) बृहत्त्रयी कहलाते हैं।

- हरविजय

  लेखक— रत्नाकर (कश्मीरी कवि)।

  समय— 850 ई.।

  विषय— भगवान् शिव की अन्धकासुर पर विजय का विस्तृत वर्णन।



Chapter-4.indd 45 12-08-2016 2:05:31 PM

- कप्फणाभ्युदय

  लेखक— शिवस्वामी।

  विषय—बौद्धग्रन्थ अवदानशतक की कथा पर आश्रित।
- रामायणमञ्जरी, भारतमञ्जरी और बृहत्कथामञ्जरी

  लेखक— क्षेमेन्द्र।

  विषय— प्रसिद्ध कथाओं पर आश्रित।
- दशावतारचरित

  लेखक—क्षेमेन्द्र।

  समय— 995 ई. से 1070 ई.।
- श्रीकण्ठचरित

  लेखक— मंख (कश्मीरी कवि)।

  समय—बारहवीं शताब्दी।

  विषय— शिव द्वारा त्रिपुर की पराजय का वर्णन।

  सर्ग— 25 सर्ग।
- शिवलीलार्णव

  लेखक— नीलकण्ठ दीक्षित।

  समय— सत्तरहवीं शताब्दी।

  सर्ग— बारहवीं सर्ग।
- पतञ्जलिचरित

  लेखक— रामभद्र दीक्षित।

  सर्ग— आठ।
- यादवाभ्युदय

  लेखक— वेंकटनाथ।
- शत्रुञ्जय

  लेखक— धनेश्वर सूरि।
- नेमिनिर्माणकाव्य

  लेखक— वाग्भट।



Chapter-4.indd 46 12-08-2016 2:05:31 PM

◆ चन्द्रप्रभाचरित

लेखक— वीरनन्दी।

◆ धर्मशर्माभ्युदय

लेखक— हरिश्चन्द्र।

◆ कुमारपालचरित (द्व्याश्रयकाव्य)

लेखक— हेमचन्द्र।

सर्ग—28।

◆ द्व्याश्रयकाव्य

ऐसा काव्य जो दो कथानकों पर आधारित हो।

◆ वर्तमान संस्कृत महाकाव्य

अनेक महापुरुषों, यथा गुरुगोविन्द सिंह, शिवाजी, स्वामी दयानन्द, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानन्द, सुभाषचन्द्र बोस आदि पर लिखे गए।

## अभ्यास-प्रश्न

प्र. 1. सर्गबन्ध रचना किसे कहते हैं?

प्र. 2. महाकाव्य में किन गुणों वाला व्यक्ति नायक होता है?

प्र. 3. महाकाव्य में कौन-कौन से रस प्रधान होते हैं?

प्र. 4. महाकाव्य के मंगलाचरण में किन बातों का समावेश होता है?

प्र. 5. महाकाव्य के नामकरण का आधार क्या होता है?

प्र. 6. संस्कृत महाकाव्यों के विकासक्रम में कौन-से कवियों के नाम मुख्य रूप से लिए जाते हैं?

प्र. 7. संस्कृत कवियों में कविकुलगुरु कौन माना जाता है?

प्र. 8. कालिदास द्वारा लिखे हुए महाकाव्यों के नाम लिखिए।

प्र. 9. शिव-पार्वती के विवाह तथा कार्तिकेय के जन्म की कथा किस महाकाव्य में आती है?

प्र. 10. अश्वघोष के दो महाकाव्यों के नाम लिखिए।

प्र. 11. अश्वघोष किस शताब्दी में हुए थे?

प्र. 12. सौन्दरनन्द महाकाव्य का वर्ण्य-विषय क्या है?

प्र. 13. अश्वघोष के दोनों महाकाव्य किस रीति में लिखे गए हैं?

प्र. 14. भारवि का समय क्या माना जाता है?

प्र. 15. भारवि की रचना की कौन-सी विशेषता प्रसिद्ध है?



Chapter-4.indd 47 12-08-2016 2:05:31 PM

प्र. 16. भारवि की रचना की किसी एक लोकोक्ति का उल्लेख कीजिए।

प्र. 17. *किरातार्जुनीय* काव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए।

प्र. 18. भट्टिकाव्य किसकी रचना है?

प्र. 19. भट्टिकाव्य का दूसरा नाम क्या है?

प्र. 20. *जानकीहरण* की कथा किस ग्रन्थ पर आधारित है?

प्र. 21. माघ का जन्मस्थान कहाँ माना जाता है?

प्र. 22. माघ ने *शिशुपालवध* काव्य में किन शास्त्रों के विषय में अपना ज्ञान प्रकाशित किया है?

प्र. 23. माघ के बाद किस महाकवि को सर्वाधिक ख्याति मिली?

प्र. 24. नल और दमयन्ती की कथा किस महाकाव्य में आती है?

प्र. 25. 'कान्यकुब्जनरेश' यह विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

प्र. 26. 'नैषधं विद्वदौषधम्' इस सूक्ति का क्या तात्पर्य हैं?

प्र. 27. बृहत्त्रयी में किन कवियों की रचनाएँ आती है?

प्र. 28. लघुत्रयी में कौन-कौन से काव्य आते हैं?

प्र. 29. *हरविजय* महाकाव्य किस कवि की कृति है?

प्र. 30. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) लौकिक संस्कृत भाषा में काव्य रचना का आरम्भ महर्षि ......... से हुआ।

(ख) .............................................. को नायक बनाकर वाल्मीकि ने आदिकाव्य प्रस्तुत किया।

(ग) महाकाव्य के उद्देश्य के रूप में धर्म .............................................. काम और .............................................. में से कोई एक फल होता है।

(घ) महाकाव्य में सर्गों की संख्या ...................................... से अधिक होनी चाहिए।

(ङ) बुद्ध के जीवन और उपदेशों का वर्णन........................................ महाकाव्य में मिलता है।

(च) बुद्धचरित के वर्णन .................................. से समता रखते हैं।

(छ) .................................. भारवि की एकमात्र रचना है।

(ज) भारवि ने कथानक से अधिक .................................. को महत्त्व दिया।

(झ) कुमारदास का समय .................................. शताब्दी माना जाता है।

(ट) महाकवि श्रीहर्ष का समय .................................. शताब्दी है।



Chapter-4.indd 48 12-08-2016 2:05:31 PM

## पञ्चम अध्याय

# ऐतिहासिक महाकाव्य

भारत में ऐतिहासिक विषयों को लेकर काव्य लिखने की एक प्राचीन परम्परा है। वैदिक ऋषियों की सूची, *महाभारत* एवं *पुराण* आदि में दी गई वंशावली अथवा वंशवृक्ष इतिहास दृष्टि के साक्षात् प्रमाण हैं। विभिन्न प्रकार के अभिलेख-शिलालेख, मन्दिरों की दीवारों, गुफाओं अथवा ताम्रपत्रों पर अंकित विभिन्न वर्णन आदि भारतीयों के इसी ऐतिहासिक चिन्तन को अभिव्यक्त करते हैं। *रामायण, महाभारत* एवं पुराणों की परम्परा का विकास शनैः-शनैः *ऐतिहासिक महाकाव्य* परम्परा में हुआ। *राजतरंगिणी* इसी परम्परा का एक प्रमुख ग्रन्थ है। यहाँ यह स्पष्ट होना अनिवार्य है कि हमारी इतिहास की कल्पना कुछ भिन्न प्रकार की थी।

कुछ पाश्चात्त्य विद्वानों ने भारतीयों के विषय में यह दुष्प्रचार किया कि उनमें ऐतिहासिक चेतना का अभाव था, किन्तु *राजतरंगिणी* आदि अनेक काव्यग्रन्थ इस आक्षेप का पर्याप्त रूप में निराकरण करते हैं। प्राचीन भारतीय परम्परा में घटनाओं का सामान्यतः विवरण तो लोग देते थे, किन्तु उनके साथ तिथियों को अंकित नहीं करते थे। इस अर्थ में ही *महाभारत* को इतिहास-ग्रन्थ कहा गया है। वैदिक साहित्य के अनुशीलन से पता चलता है कि इतिहास लिखने वालों का एक अलग वर्ग था। इतिहास के अन्तर्गत घटनाओं का सच्चा विवरण दिया जाता था।

राजशेखर के अनुसार इतिहास दो प्रकार का होता है— परिक्रिया और पुराकल्प। परिक्रिया उस इतिहास को कहते हैं, जिसका नायक एक व्यक्ति होता है अर्थात् किसी एक राजा के चरित्र का वर्णन करना परिक्रिया है। *रामायण, नवसाहसांकचरित, विक्रमांकदेवचरित* आदि इसी प्रकार के ग्रन्थ हैं। दूसरी ओर पुराकल्प वह इतिहास है जिसमें अनेक नायकों का वर्णन होता है। *महाभारत, राजतरंगिणी* आदि इसी प्रकार के इतिहास-ग्रन्थ हैं।

यदि हम संस्कृत के अभिलेखों का अध्ययन करें तो वहाँ पर्याप्त ऐतिहासिक सूचनाएँ काव्य के रूप में मिलेंगी। यहाँ तक कि उनमें तिथियों का भी निर्देश हुआ है। यह सही है कि संसार की क्षणिकता की दार्शनिक भावना से अभिभूत होने के कारण संस्कृत के विद्वानों ने लौकिक व्यक्तियों तथा घटनाओं को बहुत महत्त्व न देकर राम, कृष्ण, शिव आदि देवताओं के विषय में ही महाकाव्य लिखे। फिर भी राजाओं की प्रशस्ति का गान करने वाले कवियों

का भी यहाँ अभाव नहीं था। लेकिन आज ऐसी अनेक कृतियाँ नष्ट हो चुकी हैं जिनमें ऐतिहासिक तथ्यों का भण्डार था। लोकोत्तर चरित्र का वर्णन करने वाले महाकाव्यों को यहाँ अधिक सम्मान मिला, जबकि लौकिक पुरुषों से सम्बद्ध काव्य सम्मान नहीं पा सके। *विक्रमांकदेवचरित* अज्ञात कोने में पड़ा रहा, जबकि *नैषधीयचरित* टीकाओं से विभूषित होता रहा। एक ही लेखक बाणभट्ट की *कादम्बरी* पण्डितों के बीच आदर पाती रही, जबकि उनका *हर्षचरित* उतना आदर नहीं पा सका। फिर भी कवियों ने अपने आश्रयदाताओं की प्रशस्तियाँ गद्य में या महाकाव्यों के रूप में लिखीं। गुप्तकाल के अभिलेखों में इन प्रशस्तियों का उत्कर्ष दिखाई देता है। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इतिहास पर काव्य का ऐसा गहरा रंग चढ़ा है कि शुद्ध इतिहास को निकालना बहुत कठिन हो गया।

## प्रारम्भिक ग्रन्थ

संस्कृत साहित्य में ऐतिहासिक रचनाएँ भी काव्य के रूप में ही मिलती हैं। कवियों ने अपनी रचनाओं द्वारा अपने आश्रयदाताओं को अमर कर दिया। बाणभट्ट (630 ई.) ने अपने आश्रयदाता हर्षवर्धन के प्रारम्भिक जीवन को आधार बनाकर *हर्षचरित* नामक गद्य-काव्य लिखा। वस्तुत: इस रचना में बाण ने अपना, हर्षवर्धन का तथा उसके पूर्वजों का भी काव्यात्मक वर्णन किया है। इसमें हर्ष की राज्यप्राप्ति के समय तक की घटनाओं का वर्णन है। वाक्पतिराज ने प्राकृत काव्य *(गउडवहो)* में कन्नौज के राजा *यशोवर्मन* की विजय का वर्णन किया है। इनका समय 750 ई. है। कश्मीर के ललितादित्य ने *यशोवर्मन* को संग्राम में हराया था। इस काव्य में ग्रामीण जीवन के सजीव चित्र मिलते हैं। पद्मगुप्त का *नवसाहसांकचरित* (1005 ई.) एक प्रकार से संस्कृत का पहला ऐतिहासिक महाकाव्य है, जिसमें 18 सर्ग हैं। इसमें मालव-नरेश सिन्धुराज का इतिहास वर्णित है। सिन्धुराज भोज के पिता थे। इस महाकाव्य में शशिप्रभा के साथ उनके विवाह का वर्णन है। पद्मगुप्त पहले राजा मुञ्ज के सभाकवि थे। मुञ्ज की मृत्यु के बाद सिन्धुराज ने पद्मगुप्त का आदर किया। पद्मगुप्त पर कालिदास की रसमयी पद्धति का बहुत प्रभाव है, इसीलिए इन्हें परिमल-कालिदास भी कहा गया है।

## विक्रमांकदेवचरित

इस काव्य के लेखक बिल्हण कश्मीरी थे तथा शिक्षित होने के बाद भ्रमण हेतु कश्मीर छोड़कर निकल पड़े। मथुरा, कन्नौज, प्रयाग, काशी इत्यादि स्थानों से होते हुए वे अन्त में कल्याण के चालुक्य-नरेश विक्रमादित्य (षष्ठ) की राजसभा में पहुँचे। बिल्हण का वहाँ बहुत सम्मान हुआ। अपने संरक्षक की प्रशंसा में बिल्हण ने वहीं 18 सर्गों का महाकाव्य *विक्रमांकदेवचरित* लिखा। इसका रचनाकाल 1088 ई. है। मूलत: यह ऐतिहासिक ग्रन्थ



Chapter-5.indd 50 24-08-2016 9:52:37 AM

है, जिसे महाकाव्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है। राजा विक्रमादित्य के पूर्वजों का वर्णन करते हुए इन्होंने इसके प्रथम सात सर्गों में ऐतिहासिक तथ्य दिए हैं। इसमें आठवें सर्ग से सत्तरहवें सर्ग तक विक्रमादित्य (षष्ठ) का काव्यात्मक वर्णन है। इसमें मुख्यत: नायक और नायिका का प्रणय वर्णित है। विवाह, जलक्रीड़ा, मृगया आदि के वर्णन में बिल्हण ने कई सर्ग केवल महाकाव्य-धर्म का निर्वाह करने के लिए लगाए हैं। बिल्हण इतिहासकार के रूप में निष्पक्ष नहीं है क्योंकि वे राष्ट्रकूटों पर तैलप (873-97 ई.) की विजय का तो वर्णन करते हैं, किन्तु मालव-नरेश द्वारा उसकी पराजय का नहीं। बिल्हण इस महाकाव्य के दो सर्गों में अपने संरक्षक के पारिवारिक कलह का भी वर्णन करते हैं। अंतिम सर्ग में उन्होंने अपने कुटुम्ब का वर्णन करते हुए अपनी भारत-यात्रा का भी वृत्तान्त लिखा है।

काव्य की दृष्टि से *विक्रमांकदेवचरित* बहुत सफल है। इसमें प्रवाह, रोचकता और सरलता सभी गुण हैं। यह प्रसादपूर्ण वैदर्भी शैली में लिखा गया है। भाषा सरल और स्पष्ट है। लंबे समासों का प्रयोग इसमें नहीं मिलता। कालिदास की काव्यशैली बिल्हण पर छायी हुई है। बिल्हण ने *चौरपञ्चाशिका* नामक गीतिकाव्य भी लिखा था। अपनी जन्मभूमि कश्मीर पर कवि को बहुत गर्व है। वे कहते हैं कि केसर तथा कविता कश्मीर को छोड़कर अन्यत्र नहीं होती। कस्तूरी की गंध से युक्त पश्मीने का चादर तथा वितस्ता (झेलम) में चलने वाली नौकाएँ कश्मीर को स्वर्ग बना देती हैं। बिल्हण में कवित्वशक्ति एवं पाण्डित्य के साथ-साथ ऐतिहासिक चेतना भी है।

## राजतरंगिणी

*राजतरंगिणी* निश्चित रूप से संस्कृत साहित्य का श्रेष्ठ ऐतिहासिक ग्रंथ है, जिस पर काव्य का रंग बहुत गहरा नहीं है। कल्हण और उनके इस ग्रन्थ पर संस्कृत साहित्य को गर्व है। कल्हण के पिता चम्पक कश्मीर के राजा हर्ष के सच्चे अनुयायी थे। हर्ष की हत्या हो जाने पर चम्पक ने राजनीति से संन्यास ले लिया और इसलिए कल्हण भी राजनीति से वञ्चित रह गए। हर्ष के संगीत-शिक्षक कल्हण के चाचा कनक थे। राजा उनसे पूर्णत: प्रभावित थे। उन्हीं के कारण परिहासपुर में बुद्धप्रतिमा को बचाया जा सका था। कल्हण शिव के भक्त होते हुए भी बौद्धमत के प्रशंसक थे। उन्होंने संस्कृत साहित्य का गहन अध्ययन किया था। उन्होंने *राजतरंगिणी* की रचना में कश्मीर के समस्त ऐतिहासिक साधनों का प्रयोग किया था। उन्होंने इस काव्य को 1148 ई. में लिखना आरंभ करके तीन वर्षों में पूरा किया। कल्हण कहते हैं कि उन्होंने प्राचीन राजाओं के कथासंग्रह, नीलमतपुराण, विभिन्न शिलालेख, प्रशस्ति-पत्र, प्राचीन मुद्रा आदि का उपयोग करके इस इतिहास-ग्रन्थ को प्रामाणिक बनाया है। उन्होंने देवालयों, प्राचीन भवनों, स्मारकों और शासन-पत्रों का भी अवलोकन किया था।



Chapter-5.indd 51 24-08-2016 9:52:37 AM

*राजतरंगिणी* में आठ तरंग हैं। इसमें आठवाँ तरंग ग्रन्थ का प्राय: अर्धभाग है। इसमें समकालिक तथा निकट अतीत का इतिहास है। कवि के साक्षात् अनुभव पर आश्रित होने के कारण इस तरंग की बातें विशेषत: प्रामाणिक हैं। आरम्भिक तरंगों में पुराणों का आधार लिया गया है, इसलिए कल्पना का समावेश वहाँ अधिक है। जैसे-जैसे कवि सुदूर अतीत से निकट अतीत की ओर अग्रसर होता गया, वैसे-वैसे उसके वर्णनों में प्रामाणिकता बढ़ती गई।

*राजतरंगिणी* का आरम्भ किसी गोनन्द नामक राजा के वर्णन से होता है, किन्तु प्रथम तीन तरंगों में काल या तिथि का उल्लेख नहीं है। इसमें पहली तिथि 813 ई. के आसपास है और यहाँ से आरम्भ करके 1150 ई. तक की घटनाओं का प्रामाणिक, पूर्ण और वैज्ञानिक रीति से वर्णन किया गया है। नैतिकता का प्रचार करना कल्हण का मुख्य उद्देश्य लगता है, इसलिए कई राजाओं और मन्त्रियों के अनैतिक कार्यों का वर्णन इन्होंने खुलकर किया है। कल्हण ने कश्मीर में धार्मिक सहिष्णुता दिखाई है, किन्तु कुछ राजाओं के धर्म-विरोधी कार्यों को भी इन्होंने प्रकाशित किया है। कल्हण के इतिहास पर भारतीय जीवन-दर्शन, युगविभाजन, कर्म-सिद्धान्त, भाग्यवाद, तन्त्र-मन्त्र आदि का स्पष्ट प्रभाव है। इन्होंने कश्मीरी नागरिकों की कटु आलोचना की है। लोभी पुरोहितों, अनुशासनहीन सैनिकों तथा दुष्ट कर्मचारियों की इन्होंने घोर निन्दा की है। रानी दिद्दा की महत्त्वाकांक्षा का इन्होंने विस्तार से वर्णन किया है।

*राजतरंगिणी* एक सच्चे इतिहासकार द्वारा काव्यात्मक शैली में लिखा गया ग्रन्थ है। अलंकारों का प्रयोग बहुत स्वाभाविक रूप से इसमें किया गया है। प्राय: पूरा ग्रन्थ अनुष्टुप् छन्द में लिखा गया है। कहीं-कहीं छन्द बदले गए हैं। कल्हण मूलत: अपने को कवि बतलाते हैं। कुल मिलाकर यह महाकाव्य संस्कृत का गौरव-ग्रन्थ है।

## अन्य ऐतिहासिक महाकाव्य

कल्हण की *राजतरंगिणी* को आगे बढ़ाने का कार्य विभिन्न कालों में जोनराज (1450 ई.), श्रीवर (1486 ई.) तथा शुक (1586 ई.) ने किया। फलत: अपने-अपने समय तक का इतिहास इन कवियों ने प्रस्तुत किया। अकबर को *राजतरंगिणी* से बड़ा प्रेम था, इसलिए इसका अनुवाद उसने फारसी में कराया। फारसी में इसके तीन अनुवाद मिलते हैं।

संस्कृत में ऐतिहासिक काव्य परंपरा आगे भी चली। जल्हण ने *सोमपालविलास* में सुस्सल द्वारा विजित राजपुरी के राजा का विवरण लिखा। हेमचन्द्र (1088-1172 ई.) ने अनहिलवाड़ के चालुक्य-नरेश कुमारपाल से सम्बद्ध *कुमारपालचरित* लिखा। इसमें जैनमत की महिमा का वर्णन अधिक तथा इतिहास कम है। तेरहवीं शताब्दी के कवि सोमेश्वर ने *कीर्तिकौमुदी* नामक महाकाव्य में गुजरात के राजा वस्तुपाल का वर्णन किया है। राजा बीसलदेव के सभापण्डित अरिसिंह ने 11 सर्गों का *सुकृत संकीर्तन* नामक महाकाव्य लिखा। इसमें वस्तुपाल के धार्मिक



Chapter-5.indd 52 24-08-2016 9:52:37 AM

कृत्यों का वर्णन है। विजयनगर के राजपरिवार की वधू गंगादेवी ने 1371 ई. के आसपास अपने पति (कम्पण) की दक्षिण-विजय पर आश्रित आठ सर्गों का महाकाव्य *मधुराविजय* लिखा। नयचन्द्रसूरि ने *हम्मीर-महाकाव्य* 14 सर्गों में लिखा, जिसमें रणथम्भौर के चौहान नरेश हम्मीर का वर्णन किया गया है। जयानक ने *पृथ्वीराजविजय* महाकाव्य (1191-93 ई.) लिखा, जो अपूर्ण रूप में केवल 12 सर्गों में प्राप्त हुआ है। आधुनिक काल में डॉ. काशीनाथ मिश्र ने *राजतरंगिणी* के ढाँचे पर मिथिला के कर्णाटवंशीय राजाओं का वर्णन करते हुए आठ तरंगों में **कर्णाटराजतरंगिणी** लिखी। इस प्रकार कवियों ने किसी राजा या उसके कार्यों से प्रसन्न होकर ऐतिहासिक महाकाव्य लिखे हैं। *शिवराज्योदय, छत्रपतिचरित, गान्धिचरित, विवेकानन्दचरित, गुरुगोविन्दसिंहचरित* आदि बीसवीं शताब्दी में लिखे गए ऐतिहासिक महाकाव्य हैं।

## ध्यातव्य बिन्दु

- **ऐतिहासिक महाकाव्य** — भारतीय ऐतिहासिक विषयों को लेकर लिखे गए काव्य।
- **राजशेखर के अनुसार इतिहास के दो भेद** — (i) परिक्रिया और (ii) पुराकल्प
  - (i) **परिक्रिया** — एक नायक के वर्णन वाला इतिहास। यथा — *रामायण, नवसाहसांकचरित, विक्रमांकदेवचरित* आदि।
  - (ii) **पुराकल्प** — अनेक नायकों के वर्णन वाला इतिहास। यथा — *महाभारत, राजतरंगिणी* आदि।
- **हर्षचरित**
  लेखक — बाणभट्ट।
  विषय — राजा हर्षवर्धन का वर्णन।
- **गउडवहो (प्राकृतकाव्य)**
  लेखक — वाक्पतिराज।
  विषय — कन्नौज के यशोवर्मन की विजय का वर्णन।
- **नवसाहसांकचरित**
  लेखक — पद्मगुप्त।
  विषय — मालव-नरेश सिन्धुराज का इतिहास वर्णन।
- **विक्रमांकदेवचरित**
  लेखक — बिल्हण।
  विषय — चालुक्य-नरेश विक्रमादित्य (षष्ठ) की प्रशंसा का वर्णन।
  सर्ग — 18
- **राजतरंगिणी**
  लेखक — कल्हण।



Chapter-5.indd 53 24-08-2016 9:52:37 AM

विषय — प्राचीन गोनन्द राजा से लेकर 1150 ई. तक के राजाओं से सम्बन्धित घटनाओं का वर्णन।

तरंग — आठ

छन्द — प्राय: अनुष्टुप्।

- **कुमारपालचरित**

  लेखक — हेमचन्द्र। समय — 1088–1172 ई.।

  विषय — अनहिलवाड़ के चालुक्य-नरेश कुमारपाल का वर्णन।

- **कीर्तिकौमुदी**

  लेखक — सोमेश्वर।

  विषय — गुजरात के राजा वस्तुपाल का वर्णन।

  समय — तेरहवीं शताब्दी।

- **सुकृत-संकीर्तन**

  लेखक — राजा वीसलदेव के सभापण्डित अरिसिंह।

  विषय — वस्तुपाल के धार्मिक कृत्यों का वर्णन।

  सर्ग — 11

- **मधुराविजय**

  लेखिका — विजयनगर के राजपरिवार की वधू गंगादेवी।

  विषय — कम्पण की दक्षिण विजय का वर्णन।

  समय — 1371 ई. के आसपास।

  सर्ग — 8

- **हम्मीर-महाकाव्य**

  लेखक — नयचन्द्रसूरि।

  विषय — रणथम्भौर के चौहान-नरेश हम्मीर का वर्णन।

  सर्ग — 14

- **पृथ्वीराजविजय**

  लेखक — जयानक

  समय — 1191–93 ई.

  सर्ग — अपूर्ण रूप में केवल 12 सर्गों में प्राप्त।

- **कर्णाटराजतरंगिणी**

  लेखक — डॉ. काशीनाथ मिश्र (आधुनिक काल)

  विषय — 'राजतरंगिणी' के ढाँचे पर मिथिला के कर्णाटवंशीय राजाओं का वर्णन।

  तरंग — आठ



Chapter-5.indd 54 24-08-2016 9:52:37 AM

## षष्ठ अध्याय

# काव्य की अन्य विधाएँ

संस्कृत साहित्य के अंतर्गत बहुत-सी ऐसी पद्य-रचनाएँ हैं, जिन्हें महाकाव्य नहीं कहा जाता, फिर भी काव्य की सामान्य परिभाषा में ये रचनाएँ आती हैं। इन्हें खण्डकाव्य, गीतिकाव्य, मुक्तक, स्तोत्रकाव्य इत्यादि कहा जाता है। इस अध्याय में महाकाव्य से भिन्न रूप के पद्य-काव्य की विधाओं का क्रमश: विवेचन किया जा रहा है।

### खण्डकाव्य

लघु कथानक पर आश्रित काव्य को खण्डकाव्य कहा जाता है। इसे गीतिकाव्य भी कहते हैं, यदि कोमल भावों को कवि अपनी अनुभूति और कल्पना से पूर्ण करके संगीतमयी भाषा में प्रकट करे। संस्कृत भाषा में *ऋतुसंहार* तथा *मेघदूत* उत्कृष्ट खण्डकाव्य हैं।

### ऋतुसंहार

यह कालिदास की रचना है। इसमें छ: सर्गों में ग्रीष्म आदि ऋतुओं का काव्यमय वर्णन है। इन ऋतुओं के वर्णन में कालिदास ने शृङ्गार भावना को प्रमुखता दी है। इसलिए सर्वत्र नायक-नायिका के संवाद के रूप में ऋतुओं को उपस्थित किया है। ऋतु परिवर्तन से जहाँ बाह्य प्रकृति में नवीनता आती है, वहाँ युवक-युवतियों में विविध प्रणय-क्रीड़ाओं तथा शृङ्गार की चेष्टाओं का उदय दिखाया गया है। वसन्त का वर्णन करते हुए कवि कहता है—

द्रुमा: सपुष्पा: सलिलं सपद्मं<br>
स्त्रिय: सकामा: पवन: सुगन्धि:।<br>
सुखा: प्रदोषा दिवसाश्च रम्या:<br>
सर्वं प्रिये चारुतरं वसन्ते।।

प्रिये! जिधर देखो आनन्द ही आनन्द है। वसन्त के आते ही वृक्ष फलों से लद गए हैं। जल में कमल खिल गए हैं। स्त्रियाँ प्रियों से मिलने के लिए उत्सुक हो गई हैं। पवन सुगन्धपूर्ण हो गया है। संध्या सुहावनी हो गई है। दिन आकर्षक लगते हैं। सचमुच वसन्त में सब कुछ अधिक सुन्दर हो गया है।

*ऋतुसंहार* कालिदास की युवावस्था की रचना कही जाती है। उनके उत्कृष्ट काव्य-गुणों के अंकुर इसमें दिखाई पड़ते हैं। रूपक और उपमा जैसे अलंकारों का प्रयोग एक तरुण कवि के रूप में कालिदास ने यहाँ किया है।

## मेघदूत

महाकवि कालिदास की यह रचना यद्यपि केवल 120 श्लोकों की है, तथापि इसने इन्हें अपूर्व ख्याति दी है। *मेघदूत* प्रबन्धात्मक खण्डकाव्य है। इसमें एक ऐसे यक्ष की विरह-व्यथा का वर्णन है, जो एक वर्ष के लिए अपनी प्रिय पत्नी से दूर कर दिया जाता है। उसकी पत्नी हिमालय में स्थित अलकापुरी में यक्षों की नगरी में रहती है। यक्ष स्वयं (मध्य भारत में स्थित) रामगिरि में प्रवास कर रहा है। वर्षाकाल के आरम्भ में वह मेघ को दूत बनाकर अपना सन्देश प्रियतमा के पास भेजता है।

*मेघदूत* में दो भाग हैं— *पूर्वमेघ* और *उत्तरमेघ*। *पूर्वमेघ* में रामगिरि से अलकापुरी तक मेघ के मार्ग का रोचक वर्णन है। भारतवर्ष के प्राकृतिक सौंदर्य का सुन्दर चित्र कालिदास ने इसमें खींचा है। उज्जयिनी का वर्णन अपेक्षाकृत विस्तार से किया गया है। *उत्तरमेघ* में अलकापुरी के वर्णन के प्रसंग में यक्ष के भवन तथा उसकी विरहिणी प्रियतमा का चित्र अंकित किया गया है। उसे मार्मिक संदेश भी दिया गया है। यक्ष मेघ को एक चेतन संदेशवाहक मानता हुआ भी उसके स्वाभाविक गुणों से अवगत है। इसलिए वह कहता है— तुमसे प्रार्थना है कि जब तुम मेरी प्रिया के निवास-स्थान पर पहुँचो, तो बिजली को जोर से चमकने न देना। मेरी पत्नी कहीं स्वप्न देख रही होगी या मेरा ध्यान कर रही होगी, तो तुम्हारा गर्जन सुनकर जाग जाएगी।

*मेघदूत* में विरह और प्रणय का अद्भुत चित्र खींचा गया है। पूरे काव्य में मन्दाक्रान्ता छन्द का प्रयोग हुआ है। कालिदास ने इसमें आभ्यन्तर और बाह्य दोनों प्रकृतियों का सुरम्य समन्वय किया है। *मेघदूत* के आधार पर संस्कृत में दूत-काव्यों की परम्परा चल पड़ी। विभिन्न कवियों ने विभिन्न शताब्दियों में अनेक संदेश-काव्य लिखे, जैसे— जम्बू कवि का *चन्द्रदूत*, धोयी कवि का *पवनदूत*, वेंकटनाथ, रूपगोस्वामी, वामनभट्ट बाण के पृथक्-पृथक *हंसदूत* इत्यादि। शताधिक दूतकाव्य *मेघदूत* के अनुकरण पर लिखे गए हैं।

## गीतिकाव्य

**भावानामात्मनिष्ठानां कल्पना वलितं लघु।**
**स्फुरणं गेयरूपेण गीतिकाव्यं निगद्यते।।**



Chapter-6.indd 56 12-08-2016 2:08:16 PM

हृदय में स्थित भावों और कल्पनाओं को गेय रूप में प्रकट करने वाले काव्य को गीतिकाव्य कहा जाता है।

संस्कृत में गीतिकाव्यों की समृद्ध परंपरा है। *ऋग्वेद* में स्तुतिपरक मन्त्रों के माध्यम से सर्वप्रथम गीतियाँ लिखी गई थीं, जिनमें ऋषियों ने अपने कोमल भावों को प्रकट किया था। *ऋग्वेद* के अन्य सूक्तों में भी हमें सुख और दु:ख को प्रकट करने वाले गीत मिलते हैं, जिनमें हिरण्यगर्भ आदि ऋषियों ने व्यक्तिगत अनुभवों को निश्छल भाव से प्रकट किया है। गीतिकाव्य गीतों को लोग अवकाश के समय में या विशिष्ट अवसरों पर गाते हैं। इनमें भक्ति या शृङ्गार से सम्बद्ध गीत होते हैं। इनकी रचना ऐसे छन्दों में होती है, जिन्हें सरलता से गाया जा सके। सभी लोग इन गीतों को सुनकर भावविभोर हो उठते हैं। गीतिकाव्य का क्षेत्र बहुत व्यापक है। इसमें  शृंगार और भक्ति से सम्बद्ध प्रबन्धात्मक और मुक्तक दोनों प्रकार के काव्य आते हैं। सभी स्तोत्रकाव्य गेय होने से गीतिकाव्य की श्रेणी में आते हैं। मुक्तककाव्यों में गेयता पायी जाने के कारण उन्हें भी विद्वानों ने गीतिकाव्य की श्रेणी में रखा है।

## गीतगोविन्द

यह जयदेव रचित एक अत्यन्त लोकप्रिय गीतिकाव्य है। जयदेव, बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन की राजसभा में रहते थे। ये कृष्णभक्त कवि थे। इस काव्य में राधा-कृष्ण के प्रेम का वर्णन है। इसमें 12 सर्ग हैं, जिनमें राधा-कृष्ण की प्रेम-लीला की झाँकियाँ गीतों के द्वारा प्रकट की गई हैं। इसके प्रत्येक अक्षर में संगीत है। यह मधुर, कोमल-कान्त पदावली का है। उदाहरण के लिए—

ललितलवङ्गलता-परिशीलन-कोमलमलयसमीरे।
मधुकरनिकरकरम्बित-कोकिल-कूजितकुञ्जकुटीरे।।

यहाँ लम्बा समास होने पर भी शैली में मनोरमता और प्रवाह विद्यमान है।

इसके प्रत्येक गीत के राग और ताल का निरूपण किया गया है। पूर्वी भारत में इसकी गान यात्रा (उत्सव-विशेष) आदि विविध अवसरों पर किया जाता है। संस्कृत के गीतिकाव्यों में यह श्रेष्ठ है।

## चौरपञ्चाशिका

यह 50 श्लोकों का गीतिकाव्य है, जिसमें किसी राजकुमारी से कवि के गुप्त प्रेम का वर्णन है। इस प्रेम-प्रसंग का पता जब राजा को चलता है, तब वह कवि को प्राणदण्ड का आदेश



Chapter-6.indd 57 12-08-2016 2:08:16 PM

देता है। जब कवि दण्ड के लिए ले जाया जा रहा था, तब उसने राजकुमारी के साथ बिताए सुख की स्मृति में 50 श्लोक पढ़े। इन्हें सुनकर राजा अभिभूत हो गया और उसने कवि को राजकुमारी से विवाह करने की अनुमति दे दी। इस काव्य के विषय में उपर्युक्त कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि कवि का नाम चौर था, जैसा कि शीर्षक से स्पष्ट है। कतिपय विद्वानों के मतानुसार इसके रचयिता कवि बिल्हण थे। इस काव्य के सभी श्लोक वसन्ततिलका छन्द में हैं तथा 'अद्यापि' से इन श्लोकों का आरम्भ होता है, जैसे—

अद्यापि तां भुजलतार्पितकण्ठपाशां
वक्षःस्थलं मम पिधाय पयोधराभ्याम्।
ईषन्निमीलित-सलीलविलोचनान्तं,
पश्यामि मुग्धवदनां वदनं पिबन्तीम्।।

## मुक्तककाव्य

मुक्तककाव्य भी गीतिकाव्य की श्रेणी में आते हैं। इनका प्रत्येक श्लोक स्वतन्त्र होता है, प्रबन्धात्मक नहीं। प्राचीन काव्यशास्त्री मुक्तकों को उत्कृष्ट काव्य नहीं मानते थे, किन्तु आनन्दवर्धन ने मुक्तकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मुक्तकों में प्रत्येक श्लोक चमत्कारपूर्ण होता है। विभिन्न युगों में कई प्रकार के मुक्तक काव्य संस्कृत भाषा में लिखे गए।

## भर्तृहरि का शतकत्रय

भर्तृहरि का समय सातवीं शताब्दी ई. माना जाता है। इन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर प्रायः सौ-सौ श्लोकों के तीन संग्रह बनाए— *शृंङ्गारशतक*, *नीतिशतक* और *वैराग्यशतक*। इनमें प्रत्येक श्लोक अपने में परिपूर्ण है। *शृंङ्गारशतक* में काम और विलास की नाना स्थितियों, स्त्रियों के हाव-भाव, कटाक्ष आदि का सुन्दर वर्णन किया गया है। काम के महत्त्व की घोषणा करते हुए कवि कहता है कि नारी का प्रत्येक कर्म मोहक होता है। बहुत कम लोग काम के दर्प को चूर करने में समर्थ होते हैं— **कन्दर्पदर्पदलने विरला मनुष्याः।**

*नीतिशतक* में कवि ने विद्या, वीरता, सज्जनता आदि उदार वृत्तियों का वर्णन करते हुए मूर्खता, लोभ, धन, दुर्जनता आदि की निन्दा भी की है। इसके श्लोक जन-समाज में बहुत प्रचलित हैं। इसमें प्रचुर स्वाभाविकता है।

*वैराग्यशतक* में कवि ने संसार की असारता और वैराग्य की महत्ता का प्रतिपादन किया है। इसमें काव्य-प्रतिभा और दार्शनिकता का अपूर्व समन्वय है। भर्तृहरि संस्कृत में मुक्तक गीतिकाव्य की परम्परा के प्रवर्तक कवि हैं। भाषा की सरलता के कारण इनके



Chapter-6.indd 58 12-08-2016 2:08:16 PM

भाव पाठकों पर सीधा प्रभाव डालते हैं। अनेक छन्दों में विषय को रोचक बनाकर अनुरूप उदाहरण देकर सूक्तियों से भर्तृहरि श्रोता को तत्काल आकृष्ट कर लेते हैं।

## अमरुशतक

संस्कृत गीतिकाव्यों में अमरुशतक अत्यन्त प्रसिद्ध रचना है। यद्यपि यह शतक है, किन्तु इसमें प्राय: 150 श्लोक मिलते हैं। निश्चय ही अमरु कवि के श्लोकों में दूसरे कवियों ने भी अपने श्लोक मिलाए होंगे। *अमरुशतक* का सर्वप्रथम उल्लेख आनन्दवर्धन (850 ई.) ने किया। वे कहते हैं कि अमरु का प्रत्येक श्लोक भावों की उत्कृष्टता के कारण अपने में ही पूर्ण काव्य है। यह शृंङ्गारपूर्ण श्लोकों का संग्रह है। शृंङ्गार के सभी पक्ष इसमें चित्रित हैं। कहीं मानवती नायिका के अनुराग का चित्र है, तो कहीं प्रियतम के लौटने पर उसके क्रोध के दूर होने का वर्णन है। समासों का अभाव और शब्दों का सुपरिचित होना इसके आकर्षण का सबसे बड़ा कारण है। अमरु कवि प्रेम के श्रेष्ठ चित्रकार हैं। इनका प्रिय छन्द शार्दूलविक्रीडित है। अमरु कवि का व्यक्तित्व या समय भले ही अज्ञात हो, किन्तु उनकी काव्य-रचना अमर है।

सत्तरहवीं शताब्दी के कवि पण्डितराज जगन्नाथ ने अनेक रमणीय श्लोकों का संग्रह अपने *भामिनीविलास* में किया। इसमें गीत्यात्मक मुक्तक पद्यों के चार खण्ड हैं। पदलालित्य तथा अनुप्रासों के विन्यास में जगन्नाथ अद्वितीय हैं। उन्होंने *गङ्गालहरी, सुधालहरी* आदि छोटे स्तोत्रकाव्यों की भी रचना की। उनके अतिरिक्त पण्डितराज ने काव्यशास्त्र का महान् ग्रन्थ *रसगङ्गाधर* भी लिखा।

## स्तोत्रकाव्य

भक्तिप्रधान गीतिकाव्यों को स्तोत्रकाव्य कहा जाता है। विभिन्न देवताओं, आचार्यों या तीर्थों की स्तुति में ये स्तोत्र लिखे गए हैं। इनका सस्वर पाठ भक्तों के हृदय में आह्लाद उत्पन्न करता है। भारतवर्ष में विभिन्न सम्प्रदायों के कवियों ने अपने-अपने सम्प्रदायों से सम्बद्ध स्तोत्रों की रचना की। इनमें भक्त कवियों के भाव व्यक्त हुए हैं। पुष्पदन्त नामक कवि ने *शिखरिणी* छन्द में *शिवमहिम्न:* स्तोत्र लिखा था। मयूरकवि ने सूर्य की स्तुति स्रग्धरा छन्द में अपने *सूर्यशतक* नामक काव्य में की, जिसमें अनुप्रासों की छटा अत्यन्त आकर्षक है। बाणभट्ट ने सूर्यशतक के अनुकरण पर *चण्डीशतक* नामक काव्य की रचना की। बाण और मयूर दोनों का समय सातवीं शताब्दी ई. का पूर्वार्द्ध है।



Chapter-6.indd 59 12-08-2016 2:08:16 PM

शंकराचार्य आदि ने भी अनेक स्तोत्र लिखे, जिनमें *भजगोविन्दम्* और *सौन्दर्यलहरी* विख्यात हैं। कश्मीर में उत्पलाचार्य की *शिवस्तोत्रावली*, धर्माचार्य की *पञ्चस्तवी* तथा अभिनवगुप्त का *अनुभवनिवेदन* व *क्रमस्तोत्र* प्रसिद्ध हैं। जैन और बौद्ध कवियों ने भी अपने आचार्यों तथा गुरुओं की प्रशंसा में शताधिक स्तोत्र लिखे।

## प्राकृत काव्य

संस्कृत गीतिकाव्यों के साथ प्राकृत गीतिकाव्य का भी विकास हुआ। इसमें हाल नामक कवि की *गाहासत्तसई* या *गाथासप्तशती* बहुत प्रसिद्ध है। इसका रचनाकाल निश्चित नहीं है, किन्तु जिस प्रकार की प्राकृत भाषा इसमें प्रयुक्त हुई है, वह 200 ई. में प्रचलित थी। *गाथासप्तशती* में प्रदर्शित जीवन संस्कृत काव्य में सामान्यतया प्रदर्शित जीवन से भिन्न है। इसमें ग्रामीण जीवन, कृषक, गोपालक, उद्यान में खेलने वाली कन्याएँ आदि चित्रित हैं। ग्रामीण स्त्रियों का स्वाभाविक वर्णन इसमें किया गया है। इसमें सात सौ प्राकृत गाथाएँ (पद्य) हैं।

*गाथासप्तशती* के अनुकरण पर जयदेव के समकालिक गोवर्धनाचार्य ने *आर्यासप्तशती* की रचना की जो संस्कृत भाषा में 700 मुक्तक रूप में लिखे गए आर्या छन्द के श्लोकों का संग्रह है। हिन्दी में कवि बिहारी ने भी इन्हीं सप्तशतियों के अनुकरण पर अपनी सतसई की रचना की थी। इस प्रकार छोटे छन्द में शृंङ्गार का पूरा चित्र खींचने का प्रयास जो हाल कवि ने किया, उसकी लम्बी परम्परा चली।

## अन्य काव्यग्रन्थ

संस्कृत भाषा में कुछ अन्य प्रकार की पद्यात्मक रचनाएँ मिलती हैं, जिन्हें गीतिकाव्य, नीतिकाव्य तथा उपदेशपरक काव्यों में रखा जाता है। इनमें कालिदास के नाम से प्रसिद्ध शृङ्गारतिलक तेईस श्लोकों का काव्य है, जो प्रेम के रमणीय चित्रों से भरा है। इसमें अमरु कवि के भाव झलकते हैं। दूसरा काव्य *घटकर्परकाव्य* है, जो 22 श्लोकों में यमक के प्रयोगों से भरा है। इसलिए इसे यमककाव्य भी कहते हैं।

संस्कृत भाषा में नैतिक सूक्तियों के कई संग्रह मिलते हैं। दामोदर भट्ट (800 ई.) ने *कुट्टनीमत* नामक व्यंग्य ग्रन्थ लिखा, जिसमें पाठकों को सांसारिक नीति के विषय में शिक्षा दी गई है। क्षेमेन्द्र ने समयमातृका, *नर्ममाला, कलाविलास, दर्पदलन, सेव्यसेवकोपदेश, चतुर्वर्ग-संग्रह* इत्यादि ग्रन्थों में हास्य-व्यंग्यपूर्ण शैली में समकालिक जीवन का चित्र



Chapter-6.indd 60 12-08-2016 2:08:16 PM

खींचा है। वैद्य, स्वर्णकार, ज्योतिषी, औषधि विक्रेता आदि पर उन्होंने अच्छी चुटकी ली है।

इस प्रकार संस्कृत भाषा में अनेक प्रकार की पद्य रचनाएँ प्राप्त होती हैं, जो पाठकों को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों को प्राप्त करने में सहायता देती हैं। इनका अनुशीलन आज भी आनन्ददायक तथा शिक्षाप्रद है।

## श्लेषकाव्य

शिलष्ट काव्य या अनेकार्थक काव्यों की एक परम्परा ग्यारहवीं शताब्दी से चली आ रही है। इनमें शिलष्ट पदावली के प्रयोग से एक ही काव्य में दो या अधिक कथाएँ एक साथ चलती हैं। इस प्रकार के काव्यों में सन्ध्याकरनन्दी का *रामचरित*, धनञ्जय का *राघवपाण्डवीय* प्राचीन तथा महत्त्वपूर्ण हैं। ऐसे कुछ अन्य प्रमुख काव्य हैं— विद्यामाधव (बारहवीं शताब्दी) कृत *पार्वतीरुक्मिणीय*, माधवभट्ट (बारहवीं शताब्दी) कृत *राघवपाण्डवीय,* दैवज्ञसूर्य (सोलहवीं शताब्दी) कृत *रामकृष्णविलोमकाव्य,* हरदत्तसूरि (सोलहवीं शताब्दी) कृत *राघवनैषधीय,* चिदम्बर कवि (सत्तरहवीं शताब्दी) कृत *राघवपाण्डवयादवीय* एवं वेंकटाध्वरी (सत्तरहवीं शताब्दी) कृत *यादवराघवीय*।

संस्कृत साहित्य में आरम्भ काल से ही कवयित्रियों का उल्लेख प्राप्त होता है। *ऋग्वेद* में ऋषिकाओं के अनेक मन्त्र संगृहीत हैं, जो काव्य की दृष्टि से अत्यन्त उच्च कोटि के हैं। लौकिक संस्कृत में भी अनेक कवयित्रियों के पद्य सुभाषित सङ्ग्रहों में मिलते हैं। इनमें विज्जका, सुभद्रा, फल्गुहस्तिनी, इन्दुलेखा, मारुला, विकटनितम्बा, शीलाभट्टारिका के नाम प्रमुख हैं। कवयित्रियों ने मुक्तक तथा प्रबन्धात्मक दोनों प्रकार की रचनाएँ की हैं। इनमें रामभद्राम्बाविरचित *रघुनाथाभ्युदय*, तिरुमलाम्बा कृत *वरदाम्बिकापरिणयचम्पू* एवं गङ्गदेवी कृत *वीरकम्परायचरित* तथा *मधुराविजय* प्रसिद्ध प्रबन्धकाव्य हैं। बीसवीं शताब्दी में *पण्डिता क्षमाराव* का नाम उल्लेखनीय है



Chapter-6.indd 61 12-08-2016 2:08:16 PM

## ध्यातव्य बिन्दु

- ♦ संस्कृत साहित्य में महाकाव्य के अतिरिक्त अन्य रचनाएँ भी हैं, जैसे— खण्डकाव्य, गीतिकाव्य, मुक्तककाव्य आदि

  **खण्डकाव्य**—छोटे कथानक वाले काव्य को खण्डकाव्य कहा जाता है। संस्कृत के प्रमुख खण्डकाव्य हैं—*ऋतुसंहार* और *मेघदूत*।

  - **ऋतुसंहार**—कालिदास द्वारा रचित *ऋतुसंहार* में ऋतुओं का काव्यमय तथा शृंगारपूर्ण वर्णन किया गया है।
  - **मेघदूत**—कालिदास द्वारा रचित *मेघदूत* के दो भाग हैं—*पूर्वमेघ* तथा *उत्तरमेघ*। इसमें यक्ष की विरह-व्यथा का वर्णन है।

  **गीतिकाव्य**—गीतिकाव्यों में विरह, भक्ति तथा शृंगार सम्बन्धी गीत हैं। कुछ प्रमुख गीतिकाव्य इस प्रकार हैं—

  - गीतगोविन्द—जयदेव द्वारा रचित *गीतगोविन्द* में राधाकृष्ण की प्रेमलीला का वर्णन है।
  - चौरपञ्चाशिका—बिल्हण द्वारा रचित *चौरपञ्चाशिका* गीतिकाव्य में राजकुमारी से कवि के गुप्त प्रेम का वर्णन है।

  **मुक्तककाव्य**—मुक्तककाव्य का प्रत्येक श्लोक स्वतन्त्र तथा चमत्कारी होता है। भर्तृहरि के शतकत्रय—भर्तृहरि ने तीन शतक लिखे—*नीतिशतक, शृंगारशतक* तथा *वैराग्यशतक*।

  - नीतिशतक— विद्या, उदारता, वीरता तथा सज्जनता की वृत्तियों का वर्णन।
  - *शृंगारशतक*— काम और विलास की नाना स्थितियों का वर्णन
  - वैराग्यशतक— संसार की असारता और वैराग्य का वर्णन।
- ♦ अमरुकशतक— यह अमरु कवि विरचित गीतिकाव्यों में सबसे प्रसिद्ध है।



Chapter-6.indd 62 12-08-2016 2:08:16 PM

## अभ्यास-प्रश्न

प्र. 1. महाकाव्य के अतिरिक्त पद्य रचनाएँ काव्य की किन विधाओं में आती है?

प्र. 2. खण्डकाव्य किसे कहते हैं? दो खण्डकाव्यों के नाम लिखिए।

प्र. 3. *मेघदूत* के रचयिता कौन हैं? यह ग्रन्थ कितने भागों में विभक्त है?

प्र. 4. *मेघदूत* में किस छन्द का प्रयोग हुआ है?

प्र. 5. संस्कृत भाषा में *मेघदूत* के अनुकरण पर कैसे काव्यों की परम्परा चल पड़ी? उनमें से तीन के नाम लिखिए।

प्र. 6. गीतिकाव्य किसे कहते हैं? इसमें किस प्रकार के गीत होते हैं?

प्र. 7. *गीतगोविन्द* के रचयिता कौन थे? उनका स्थितिकाल क्या था?

प्र. 8. *चौरपञ्चाशिका* के लेखक कौन हैं? यह किस प्रकार का काव्य है?

प्र. 9. मुक्तक काव्यों की क्या विशेषता है?

प्र. 10. भर्तृहरि ने कितने शतकों की रचना की? उनके नाम लिखिए।

प्र. 11. *नीतिशतक* में कवि ने किन बातों का वर्णन किया है?

प्र. 12. *वैराग्यशतक* में किन भावों का समावेश किया गया है?

प्र. 13. *अमरुशतक* का उल्लेख सर्वप्रथम किसने किया है और कब?

प्र. 14. *अमरुशतक* में कितने श्लोक मिलते हैं?

प्र. 15. पण्डितराज जगन्नाथ के श्लोकों का संग्रह किस ग्रन्थ में हुआ है?

प्र. 16. स्तोत्रकाव्य काव्य की किस श्रेणी में आते हैं?

प्र. 17. शंकराचार्य के प्रसिद्ध स्तोत्र का नाम लिखिए।

प्र. 18. *गाथासप्तशती* किस भाषा में रचित है? इसके रचयिता का नाम भी लिखिए।

प्र. 19. *गाथासप्तशती* में किन बातों का वर्णन हुआ?

प्र. 20. *आर्यासप्तशती* के लेखक कौन हैं? इसकी रचना किस भाषा में हुई है?

प्र. 21. नीतिकाव्यों के नाम लिखिए और उनके लेखकों के नाम भी दीजिए।

प्र. 22. दो श्लेषकाव्यों तथा उनके लेखकों के नाम लिखिए।



Chapter-6.indd 63 12-08-2016 2:08:16 PM

प्र. 23. एक प्राचीन तथा एक आधुनिक कवयित्री का नाम दीजिए।

प्र. 24. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) भर्तृहरि........................................... शताब्दी में हुए थे।

(ख) सर्वं प्रियं........................................... वसन्ते।

(ग) यक्ष स्वयं................................................. में प्रवास कर रहा था।

(घ) गीतिकाव्य का क्षेत्र बहुत............................................ है।

(ङ) वैद्य, स्वर्णकार, ज्योतिषी, औषधि-विक्रेता पर......................ने अच्छी चुटकी ली है।



Chapter-6.indd 64 12-08-2016 2:08:16 PM

## सप्तम अध्याय

# गद्यकाव्य एवं चम्पूकाव्य

संस्कृत गद्य का आरम्भ ब्राह्मण-ग्रन्थों और उपनिषदों के गद्य में देखा जा सकता है। बहुत दिनों तक सरल स्वाभाविक शैली में गद्य लिखने की परम्परा चलती रही। प्राचीन शिलालेखों में गद्य का काव्यमय रूप प्राप्त होता है। इस दृष्टि से रुद्रदामन् का गिरिनार शिलालेख (150 ई.) तथा हरिषेण रचित समुद्रगुप्त-प्रशस्ति (360 ई.) महत्त्वपूर्ण हैं। ये दोनों साहित्यिक गद्य के श्रेष्ठ उदाहरण हैं। गद्यकाव्य को स्मरण रखने का श्रम, आलोचकों की उपेक्षा और गद्यकाव्य का ऊँचा मानदण्ड—इन तीनों कारणों से गद्यकाव्य की रचना कम हुई। पद्यविधा की सुकुमारता, लयात्मकता, संगीतात्मकता, रचनात्मक सुविधादि गुणों के कारण पद्य रचना द्वारा लोकयश एवं प्रशंसा प्राप्त करना कवियों के लिए सरल कार्य था। परन्तु गद्य रचना में इन गुणों को उत्पन्न करना थोड़ा कठिन था। इसीलिए अधिकांश कवियों की सहज प्रवृत्ति पद्य रचना की ही ओर अधिक रही। गद्य रचना के सन्दर्भ में यह उक्ति भी प्रसिद्ध है—**गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति।** गद्य काव्य के मुख्यत: दो भेद हैं— कथा और आख्यायिका। प्राय: छठी-सातवीं शताब्दी ई. में कुछ महत्त्वपूर्ण गद्य कवि हुए, जैसे—*दण्डी, सुबन्धु* और *बाणभट्ट*।

### दण्डी

दण्डी ने *दशकुमारचरित* के रूप में एक अद्भुत कथा-काव्य दिया है। दण्डी का समय विवादास्पद है, किन्तु अधिकांश विद्वान् इनका काल छठीं शताब्दी मानते हैं। परम्परा से दण्डी के तीन ग्रन्थ प्रामाणिक माने जाते हैं। इनमें दूसरा ग्रन्थ *काव्यादर्श* और तीसरा *अवन्तिसुन्दरीकथा* है। इस तीसरे ग्रन्थ के रचयिता के विषय में कुछ विवाद है। *दशकुमारचरित* अव्यवस्थित रूप में मिलता है। इसके तीन भाग प्राप्त हैं— पूर्वपीठिका (पाँच उच्छ्वास), मूलभाग (आठ उच्छ्वास) तथा उत्तरपीठिका (एक उच्छ्वास)। मूलभाग में आठ कुमारों की कथा का वर्णन है। पूर्वपीठिका को मिलाकर दस कुमारों की कथा पूरी हो जाती है। तीनों भागों की शैली में थोड़ा भेद दिखाई पड़ता है।

*दशकुमारचरित* का कथानक घटना प्रधान है, जिसमें अनेक रोमांचक घटनाएँ पाठकों को विस्मय और विषाद के बीच ले जाती हैं। कहीं भयंकर जंगल में घटनाक्रम पहुँचाता है,

तो कहीं समुद्र में जहाज टूटने पर कोई तैरता हुआ मिलता है। घटनाएँ और विषय-वर्णन दोनों ही समान रूप से दण्डी के लिए महत्त्व रखते हैं। कथावस्तु कहीं भी वर्णनों के क्रम में अवरूद्ध नहीं होती। दण्डी के चित्रण में सामान्य समाज की प्रधानता है। जिसमें निम्न कोटि का जीवन बिताने वाले धूर्त, जादूगर, चालाक, चोर, तपस्वी, सिंहासनच्युत राजा, पतिवञ्चक नारी, ठगने वाली वेश्याएँ, ब्राह्मण, व्यापारी और साधु। दण्डी का हास्य और व्यंग्य भी उच्च कोटि का है। दण्डी अपने वर्णनों में कहीं सहज और कहीं गम्भीर प्रतीत होते हैं।

दण्डी की सबसे बड़ी विशेषता सरल और व्यावहारिक किन्तु ललित पदों से युक्त गद्य लिखने में है। वे लम्बे समासों, कठोर ध्वनियों और शब्दाडम्बर से दूर रहते हैं। भाषा के प्रयोग में ऐसी स्वाभाविकता किसी अन्य गद्य कवि में नहीं मिलती। दण्डी का पद-लालित्य संस्कृत आलोचकों में विख्यात है— **दण्डिनः पदलालित्यम्।** *दशकुमारचरित* की विषयवस्तु भी किसी आधुनिक रोमांचकारी उपन्यास से कम रोचक नहीं है।

## सुबन्धु

बाणभट्ट ने *हर्षचरित* की प्रस्तावना में *वासवदत्ता* को कवियों का दर्पभंग करने वाली रचना कहा है। इसी प्रकार *कादम्बरी* को उन्होंने दो कथाओं (*वासवदत्ता* तथा *बृहत्कथा*) से उत्कृष्ट कहा है। इससे ज्ञात होता है कि सुबन्धु बाण से पहले हो चुके थे। *वासवदत्ता* सुबन्धु की उत्कृष्ट गद्य रचना है, इसमें कथानक बहुत संक्षिप्त है। राजकुमार कन्दर्पकेतु स्वप्न में अपनी भावी प्रियतमा को देखता है और अपने मित्र के साथ उसकी खोज में निकल जाता है। वह विन्ध्यावटी में एक मैना के मुख से वासवदत्ता का वृत्तान्त सुनता है। उधर वासवदत्ता भी स्वप्न में कन्दर्पकेतु को देखकर उसके प्रति प्रेमासक्त हो जाती है। दोनों पाटलिपुत्र में मिलते हैं। प्रेमी-युगल जादू के घोड़े पर चढ़कर भाग जाते हैं और विंध्याचल में पहुँचकर सो जाते हैं। राजकुमार जब जागता है, तब वासवदत्ता को नहीं पाता। बहुत ढूँढ़ने के बाद वह एक प्रतिमा को देखता है। स्पर्श करते ही प्रतिमा वासवदत्ता बन जाती है। बाद में दोनों का विवाह हो जाता है।

इस संक्षिप्त कथानक को विस्तृत वर्णन और कल्पनाशक्ति से सुबन्धु बहुत फैलाते हैं। उनका लक्ष्य रोचक और सरस कथा का आख्यान नहीं है, अपितु वे वर्णन-कौशल से चमत्कार उत्पन्न कर गौरव अर्जित करना चाहते हैं। नायक-नायिका के रूप का वर्णन करने में, उनके गुण-गान में, उनकी तीव्र विरह-वेदना, मिलन की आकांक्षा और संयोग-दशा के चित्रण में सुबन्धु ने पर्याप्त शक्ति लगाई है। इस कार्य में सुबन्धु के व्यापक अनुभव तथा पाण्डित्य ने बड़ी सहायता की है।



Chapter-7.indd 66 12-08-2016 2:09:29 PM

सुबन्धु अपने श्लेष के प्रयोग पर बहुत गर्व करते हैं। वे इस कथा के अक्षर-अक्षर में श्लेष भरने का दावा करते हैं। अन्य अलंकारों का भी उन्होंने प्रचुर प्रयोग किया है। यत्र-तत्र पद्यों का प्रयोग करके अपनी शैली को उन्होंने बहुत रोचक बनाया है। *वासवदत्ता* वास्तव में सुबन्धु की शैली का चमत्कार दिखाने का सुन्दर अवसर देती है। लम्बे समासों का प्रयोग तथा अनुप्रासों का अत्यधिक उपयोग सुबन्धु के शैली की विशेषता है। समासों में स्वरमाधुर्य है और अनुप्रासों में संगीत है। अपने युग के अनुरूप उन्होंने चमत्कार-प्रदर्शन किया है।

## बाणभट्ट

संस्कृत गद्य साहित्य में सर्वाधिक प्रतिभाशाली गद्यकार बाण ही हैं। इनके विषय में अन्य संस्कृत-कवियों की अपेक्षा अधिक जानकारी प्राप्त होती है। *हर्षचरित* के आरम्भ में इन्होंने अपना और अपने वंश का पूरा विवरण दिया है। ये वात्स्यायन-गोत्रीय ब्राह्मण थे। इनके पिता का नाम चित्रभानु था। अल्पावस्था में ही ये अनाथ हो गए थे। किंतु विद्वानों के परिवार में जन्म लेने के कारण इन्होंने सभी विद्याओं का अभ्यास किया था। युवावस्था में अनेक कलाओं और विद्याओं के जानकार मित्रों की मण्डली बनाकर इन्होंने पर्याप्त देशाटन किया था। जब अनेक अनुभवों से सम्पन्न होकर बाण अपने ग्राम प्रीतिकूट (शोण के तट पर) लौटे, तो हर्षवर्धन ने अपने अनुज कृष्ण के द्वारा इन्हें अपनी राजसभा में बुलाया। बाण राजकृपा से हर्ष की सभा में रहने लगे। हर्षवर्द्धन का समय 607 ई. से 648 ई. है। इसलिए बाण का भी यही समय होना चाहिए।

बाण ने दो गद्यकाव्य लिखे— *हर्षचरित* तथा *कादम्बरी*। परम्परा बाणभट्ट को *चण्डीशतक* का भी लेखक मानती है।

- **हर्षचरित**—*हर्षचरित* एक आख्यायिका-काव्य है। गद्यकाव्य के उस भेद को आख्यायिका कहते हैं, जिसमें किसी ऐतिहासिक पुरुष या घटनाओं का वर्णन किया जाता है। *हर्षचरित* आठ उच्छ्वासों में विभक्त है। आरम्भिक ढाई उच्छ्वासों में बाण ने अपने वंश का तथा अपना वृत्तान्त दिया है। राजा हर्षवर्द्धन की पैतृक राजधानी स्थाण्वीश्वर का वर्णन कर वे हर्षवर्द्धन के पूर्वजों का वर्णन करते हैं। इसके बाद राजा प्रभाकरवर्द्धन के पूरे जीवन का विवरण देकर वे राज्यवर्द्धन, हर्षवर्द्धन तथा राज्यश्री इन तीनों भाई-बहन के जन्म का भी रोचक वृत्तान्त देते हैं। पञ्चम उच्छ्वास से इस परिवार के संकटों का आरम्भ होता है। प्रभाकरवर्द्धन की मृत्यु, राज्यश्री का विधवा होना, राज्यवर्द्धन की हत्या, राज्यश्री का विन्ध्यावटी में पलायन, हर्षवर्द्धन द्वारा उसकी रक्षा— ये सभी घटनाएँ क्रमश: वर्णित हैं। दिवाकरमित्र नामक बौद्ध संन्यासी के आश्रम में हर्षवर्द्धन व्रत लेता है कि दिग्विजय के बाद वह बौद्ध हो जाएगा। यहीं *हर्षचरित* का कथानक समाप्त हो जाता है।



Chapter-7.indd 67 12-08-2016 2:09:29 PM

बाण ने हर्ष की प्रारंभिक जीवनी ही लिखी, उसके राज्य संचालन की घटनाओं का उल्लेख नहीं किया है। बाण की भेंट हर्ष से तब हुई थी, जब हर्ष समस्त उत्तर-भारत का सम्राट् था, इसलिए यह समस्या बनी हुई है कि बाण ने हर्ष का पूरा जीवनचरित क्यों नहीं लिखा? उन्होंने हर्षवर्द्धन की विशेषताएँ तो बतलाई हैं, उसके साहसिक कार्यों का अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन भी प्रारम्भ में ही किया है, किन्तु उसके राज्यकाल की प्रमुख घटनाओं का क्रमबद्ध रूप से वर्णन नहीं किया। इतिहास का संक्षिप्त रूप यहाँ काव्य के विशाल आवरण से ढँक गया है।

*हर्षचरित* में बाणभट्ट का पाण्डित्य और व्यापक अनुभव प्रकट हुआ है। विस्तृत वर्णन, सजीव संवाद, सुन्दर उपमाएँ, झंकार करती शब्दावली तथा रसों की स्पष्ट अभिव्यक्ति— ये सभी गुण बाण की गद्य-शैली में प्रचुर रूप में प्राप्त होते हैं। राज्यश्री के विवाह-वर्णन में जहाँ आनन्द और उल्लास का सजीव विवरण मिलता है, वहीं प्रभाकरवर्द्धन की मृत्यु मार्मिक रूप से वर्णित है।

- **कादम्बरी**— यह कवि-कल्पित कथानक पर आश्रित होने के कारण कथा नामक गद्यकाव्य है। उच्छ्वास, अध्याय आदि में इसका विभाजन नहीं किया गया है। पूरी कथा का दो-तिहाई भाग ही बाण ने लिखा। इसका एक-तिहाई भाग उनके पुत्र ने लिखकर जोड़ा, जो अपने पिता के अपूर्ण ग्रन्थ से दु:खी था। *कादम्बरी* की कथा एक जन्म से सम्बद्ध न होकर चन्द्रापीड (नायक) तथा पुण्डरीक (उसका मित्र) के तीन जन्मों से सम्बन्ध रखती है। आरम्भ में विदिशा के राजा शूद्रक का वर्णन है। उसकी राजसभा में चाण्डाल कन्या वैशम्पायन नामक एक मेधावी तोते को लेकर आती है। यह तोता राजा को अपने जन्म और जाबालि के आश्रम में अपने पहुँचने का वर्णन सुनाता है। जाबालि ने तोते को उसके पूर्व जन्म की कथा सुनाई थी। तदनुसार राजा चन्द्रापीड और उसके मित्र वैशम्पायन की कथा आती है। चन्द्रापीड दिग्विजय के प्रसंग में हिमालय में जाता है, जहाँ अच्छोद सरोवर के निकट महाश्वेता के अलौकिक संगीत से आकृष्ट होता है। वहाँ कादम्बरी से उसकी भेंट होती है और वह उसके प्रति आसक्त हो जाता है। महाश्वेता एक तपस्वी कुमार पुण्डरीक के साथ अपने अधूरे प्रेम की कहानी सुनाती है। उसी समय चन्द्रापीड अपने पिता तारापीड के द्वारा उज्जैन बुला लिया जाता है, किन्तु वह वियोगजन्य व्यथा से पीड़ित रहता है। पत्रलेखा से कादम्बरी का समाचार सुनकर वह प्रसन्न होता है। यहीं बाण की कादम्बरी समाप्त हो जाती है। महाश्वेता वैशम्पायन को तोता बनने का शाप देती है। यह वैशम्पायन चन्द्रापीड का मित्र है, शाप के बाद वह मर जाता है। इससे चन्द्रापीड



Chapter-7.indd 68 12-08-2016 2:09:30 PM

भी दु:खी होकर मर जाता है। महाश्वेता तथा कादम्बरी, राजकुमार के शरीर की रक्षा करती हैं। अन्त में सभी को जीवन प्राप्त होता है।

*कादम्बरी* में कथा को ही नहीं, वर्णनों को भी बाण ने अपनी कल्पनाशक्ति से फैलाया है। इसमें सभी स्थल बाण की लोकोत्तर शक्ति तथा वर्णन-क्षमता का परिचय देते हैं। काव्यशास्त्र के सभी उपादानों (रस, अलंकार, गुण एवं रीति) का औचित्यपूर्ण प्रयोग करने के कारण कादम्बरी बाण की उत्कृष्ट गद्य रचना है। इसमें विषय की आवश्यकता के अनुसार वर्णन शैली अपनाई गई है। इसलिए उनकी शैली को **पाञ्चाली** कहा जाता है, जिसमें शब्द और अर्थ का समान गुम्फन होता है। बाण ने पात्रों का सजीव निरूपण किया है, रस का समुचित परिपाक दिखाया है और मानव-जीवन के सभी पक्षों पर दृष्टि रखी है। इसलिए आलोचकों ने एक स्वर से कहा है कि **बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्।** अर्थात् उनके वर्णन से कुछ भी नहीं बचा है। *कादम्बरी* में मन्त्री शुकनास ने राजकुमार चन्द्रापीड को जो विस्तृत उपदेश दिया है, वह आज भी तरुणों के लिए मार्गदर्शक है।

## अम्बिकादत्त व्यास

- **शिवराजविजय**— एक आधुनिक गद्यकाव्य है, जो महान् देशभक्त शिवाजी के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर आधारित आधुनिक उपन्यास की शैली में लिखा गया है। इसके लेखक पं. अम्बिकादत्त व्यास (1858-1900 ई.) हैं। व्यास जी मूलत: जयपुर (राजस्थान) के निवासी थे, किन्तु उनका कार्यक्षेत्र बिहार था। *शिवराजविजय* का कथानक ऐतिहासिक है, जिसमें कवि ने कल्पना का भी प्रचुर प्रयोग किया है। इससे घटनाएँ गतिशील और प्रभावशाली हो गई हैं। व्यास जी की भाषा-शैली में प्रसादगुण, कथा-प्रवाह और कल्पना की विशदता मिलती है। विषयवस्तु की दृष्टि से यह गद्यकाव्य शिवाजी और औरंगजेब के सङ्घर्ष की घटनाओं पर आश्रित है। यशवन्त सिंह, अफजल खाँ आदि कई ऐतिहासिक पात्रों को इसमें चित्रित किया गया है। शिवाजी भारतीय आदर्श, संस्कृति तथा राष्ट्रशक्ति के रक्षक के रूप में दिखाए गए हैं। उनका ऐतिहासिक व्यक्तित्व इस गद्यकाव्य में पूर्णत: चित्रित है। इसमें जहाँ-तहाँ फारसी के शब्दों का भी प्रयोग किया गया है। पूरी रचना 12 नि:श्वासों में विभक्त है। यह आधुनिक गद्य साहित्य का गौरव ग्रन्थ है।

## अन्य गद्यकाव्य

संस्कृत भाषा में गद्य रचना कम हुई है, फिर भी विभिन्न कालों में कवियों ने अपना कौशल गद्यकाव्य की रचना में दिखाया है। इन सभी में प्राय: बाण के अनुकरण की प्रवृत्ति है। धारा



Chapter-7.indd 69 12-08-2016 2:09:30 PM

नगरी के जैन कवि धनपाल (दसवीं शताब्दी ई.) ने *तिलकमञ्जरी* लिखकर बाण की शैली का अनुकरण किया। वे बाण के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रदर्शित करते हैं। गुजरात-निवासी सोड्ढल (ग्यारहवीं शताब्दी ई.) ने *उदयसुन्दरीकथा* आठ उच्छ्वासों में लिखी, जो कल्पित कथानक पर आधारित है। आधुनिक काल में पण्डिता क्षमाराव (1890—1954 ई.) का नाम गद्य लेखकों में अग्रणी है। उन्होंने *कथामुक्तावली*, *विचित्रपरिषद्यात्रा* इत्यादि कई गद्यकाव्य लिखे हैं।

## ध्यातव्य बिन्दु

- संस्कृत में गद्य का आरम्भ ब्राह्मण तथा उपनिषद् ग्रन्थों से हुआ।
  गद्यकाव्य के महत्त्वपूर्ण कवि—
  दण्डी
  सुबन्धु
  बाणभट्ट
- दण्डी द्वारा विरचित *दशकुमारचरित* कथा-काव्य है। जिसमें दशकुमारों की कथा वर्णित है।

दण्डी की अन्य रचनाएँ—

*काव्यादर्श*
*अवन्तिसुन्दरीकथा*

- **सुबन्धु**— सुबन्धु द्वारा रचित *वासवदत्ता* गद्यकाव्य है। इसमें राजकुमार कन्दर्पकेतु और राजकुमारी वासवदत्ता का प्रणय चित्रित है।
- **बाणभट्ट**— गद्य साहित्य में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कवि हैं। इनके दो प्रसिद्ध गद्यकाव्य हैं। *हर्षचरित* और *कादम्बरी*।
  कादम्बरी बाणभट्ट की उत्कृष्ट गद्य रचना है।
- **शिवराजविजय**— श्री अम्बिकादत्त व्यास द्वारा रचित *शिवराजविजय* आधुनिक गद्यकाव्य है।
- इनके अतिरिक्त संस्कृत में अनेक गद्यकाव्य हैं—
  धनपाल द्वारा रचित— तिलकमञ्जरी
  क्षमाराव द्वारा रचित— कथामुक्तावली
  सोड्ढल द्वारा रचित— उदयसुन्दरीकथा।



Chapter-7.indd 70 12-08-2016 2:09:30 PM

## अभ्यास-प्रश्न

प्र. 1. संस्कृत भाषा में गद्यकाव्य की रचनाएँ कम होने के क्या कारण हैं?
प्र. 2. छठी शताब्दी के कुछ महत्त्वपूर्ण गद्य कवियों के नाम लिखिए।
प्र. 3. दण्डी के काव्य की कौन-सी विशेषताएँ प्रसिद्ध हैं?
प्र. 4. *दशकुमारचरित* का लेखक कौन है?
प्र. 5. दण्डी ने अपने काव्य में किन-किन सामान्य चरित्रों के आधार पर समाज का चित्र खींचा है?
प्र. 6. *वासवदत्ता* किसकी रचना है?
प्र. 7. *वासवदत्ता* का कथानक पचास शब्दों में लिखिए।
प्र. 8. बाणभट्ट किस राजा की राजसभा में रहते थे?
प्र. 9. *हर्षचरित* तथा *कादम्बरी* किस लेखक की रचनाएँ हैं?
प्र. 10. आख्यायिका की विशेषताएँ बताइए।
प्र. 11. *हर्षचरित* के नामकरण की सार्थकता बताइए।
प्र. 12. बाण की गद्य-शैली की क्या विशेषता है?
प्र. 13. *कादम्बरी* का नायक कौन है?
प्र. 14. *कादम्बरी* का कथानक पचास शब्दों में लिखिए।
प्र. 15. "बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्" इसका आशय क्या है?
प्र. 16. शिवाजी के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर लिखित संस्कृत में कौन-सा गद्यकाव्य है?
प्र. 17. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) संस्कृत गद्य का आरम्भ.................................................. ग्रन्थों और .......... .................................................. से माना जाता है।

(ख) संस्कृत गद्य साहित्य में सर्वाधिक प्रतिष्ठित और प्रतिभाशाली गद्यकार .................. ................................ ही हैं।

(ग) बाणभट्ट के पिता का नाम ............................ था।

(घ) सुबन्धु अपने काव्य में ......................... अलंकार के प्रयोग पर बहुत गर्व करते थे।

(ङ) *शिवराजविजय* में यत्र-तत्र ........................... के शब्दों का प्रयोग किया गया है।

प्र.18. गद्य काव्यों और कवियों को मिलाइए—

| **गद्यकाव्य** | **कवि** |
|---|---|
| उदयसुन्दरीकथा | धनपाल |
| तिलकमंजरी | सोड्ढल |
| कथामुक्तावली | पण्डिता क्षमाराव |



Chapter-7.indd 71 12-08-2016 2:09:30 PM

# चम्पूकाव्य

संस्कृत साहित्य में गद्यकाव्य तथा पद्यकाव्य के अतिरिक्त दोनों के मिश्रण के रूप में चम्पूकाव्य का भी उदय हुआ। यद्यपि यह स्वरूपत: नीति-कथाओं के समान गद्य और पद्य से समन्वित होता है, किन्तु नीति-कथाओं और चम्पू में मौलिक अन्तर है। चम्पू मूलत: एक काव्य है, जिसमें कवि अलङ्करण के सभी साधनों का उपयोग करता है। एक ओर इसमें गद्यकाव्य का सौन्दर्य होता है, तो दूसरी ओर महाकाव्य में पाए जाने वाले श्लोकों के समान अलङ्कृत पद्य भी रहते हैं। बाह्य सौन्दर्य इसमें मुख्य होता है और कवि की कला का चमत्कार रहता है। विषयवस्तु की प्रधानता नहीं रहती। इसका उद्देश्य काव्यगत आनन्द देना है। नीति-कथाओं और लोक-कथाओं के समान चम्पूकाव्य सरल शैली में नहीं लिखे जाते। गद्य और पद्य दोनों का उत्कर्ष इसमें वर्तमान रहता है— **गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते**। चम्पूकाव्य को गद्यकाव्य के समान ही उच्छ्वासों में विभक्त किया जाता है। संस्कृत में समय-समय पर लिखे गए कुछ प्रमुख चम्पूकाव्यों का विवरण इस प्रकार है—

## 1. नलचम्पू और मदालसाचम्पू

ये दोनों त्रिविक्रमभट्ट द्वारा लिखे गए चम्पूकाव्य हैं। इनका काल दसवीं शताब्दी ई. का पूर्वार्ध माना जाता है। त्रिविक्रमभट्ट राष्ट्रकूट नरेश इन्द्रराज के संरक्षण में रहते थे। *नलचम्पू* को *दमयन्तीकथा* भी कहते हैं। इसमें नल और दमयन्ती की प्रणय कथा वर्णित है। इसमें सात उच्छ्वास हैं। रचना अपूर्ण प्रतीत होती है, क्योंकि नल द्वारा दमयन्ती के निकट सन्देश ले जाने तक की ही कथा इसमें वर्णित है। *नलचम्पू* सरस तथा प्रसादपूर्ण रचना है। इसमें श्लेष की अधिकता है। त्रिविक्रमभट्ट के श्लेष बहुत सरल और आकर्षक हैं। इन्होंने विरोध और परिसंख्या अलंकारों का भी प्रचुर प्रयोग किया है।

इनकी दूसरी रचना *मदालसाचम्पू* है, जो प्रणय-कथा है। इसमें कुवलयाश्व से मदालसा का प्रेम वर्णित है। कुवलयाश्व से मदालसा का विवाह होता है, किन्तु तुरन्त वियोग भी हो जाता है। अन्त में उसे मदालसा की प्राप्ति होती है। कला की दृष्टि से उत्कृष्टता होने पर भी कथा के विकास और रोचकता की दृष्टि से यह कृति लोकप्रिय रही है।



Chapter-7.indd 72 12-08-2016 2:09:30 PM

## 2. यशस्तिलकचम्पू

यह जैन कवि सोमप्रभसूरि की रचना है। लेखक का काल दसवीं शताब्दी ई. का उत्तरार्द्ध है। यह ग्रन्थ अत्यन्त विस्तृत है। इसमें आठ उच्छ्वास हैं। जैन सिद्धान्तों को इसमें काव्य-रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस चम्पूकाव्य का नायक राजा यशोधर है। पत्नी की धूर्तता से राजा की मृत्यु होती है। नाना योनियों में जन्म लेकर अन्तत: वह जैन धर्म में दीक्षित होता है। यह कथा गुणभद्र के उत्तरपुराण पर आश्रित है। इसी कथा पर पुष्पदन्त ने *जसहरचरिउ* नामक अपभ्रंशकाव्य तथा वादिराजसूरि ने संस्कृत काव्य *यशोधरचरित* लिखा था। इस कृति द्वारा सोमप्रभसूरि के गहन अध्ययन, प्रगाढ़ पाण्डित्य, भाषा पर स्वच्छन्द प्रभुत्व तथा काव्य के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों की रुचि का पता लगता है। इसके आरम्भिक श्लोकों में कवि ने अनेक पूर्ववर्ती कवियों का उल्लेख किया है।

एक अन्य जैन कवि हरिचन्द्र ने राजकुमार जीवन्धर को चरितनायक बनाकर *जीवन्धरचम्पू* लिखा। इनका काल भी दसवीं शताब्दी ई. है। यह चम्पू 11 लम्बकों में विभक्त है। जैन धर्म के सिद्धान्तों को इसमें सरल भाषा में प्रतिपादित किया गया है।

## 3. उदयसुन्दरीकथा

यह छ: उच्छ्वासों में नागराजकुमारी उदयसुन्दरी तथा प्रतिष्ठान के राजा मलयवाहन के विवाह का वर्णन करने वाला चम्पूकाव्य है। इसके रचयिता का नाम सोड्ढल है। लेखक का समय 1040 ई. के आसपास है। *उदयसुन्दरीकथा* पर बाणभट्ट की शैली का बहुत प्रभाव है। सोड्ढल ने इसकी रचना *हर्षचरित* के आदर्श पर की है।

## 4. रामायणचम्पू

इसे *चम्पूरामायण* भी कहते हैं। इसे मूलत: राजा भोज ने लिखा, किन्तु उन्होंने केवल सुन्दरकाण्ड तक ही इसकी रचना की। युद्धकाण्ड की रचना लक्ष्मणभट्ट ने की तथा उत्तरकाण्ड की वेंकटराज ने। भोज का काल ग्यारहवीं शताब्दी ई. पूर्वार्द्ध है। इसका आधार वाल्मीकीय रामायण है। कथानक, भाव, भाषा, गुण-दोष इत्यादि सभी पर वाल्मीकि का प्रभाव लक्षित होता है। इसमें भोज ने कई प्रकार की शैलियाँ अपनायी हैं। कहीं वे माघ की शैली में लिखते हैं, कहीं कालिदास की शैली में। भोज शब्दों के संयोजन में पूर्ण निपुण हैं। इस चम्पू में कलापक्ष के साथ मार्मिक स्थलों के भाव-सौंदर्य को भी प्रकट किया गया है। इसमें गद्य भाग कम है, पद्यों की विपुलता है।



Chapter-7.indd 73 12-08-2016 2:09:30 PM

## 5. भारतचम्पू

इसके लेखक सोलहवीं शताब्दी ई. के कवि अनन्तभट्ट हैं। इसमें *महाभारत* की कथा का 12 स्तबकों में वर्णन किया गया है। वर्णन अत्यन्त प्रांजल है, किन्तु कहीं-कहीं क्लिष्टता भी है। कल्पना की नवीनता और वैदर्भी शैली का प्रयोग इसका वैशिष्ट्य है। यह चम्पू संस्कृत जगत् में बहुत प्रसिद्ध है।

## 6. अन्य चम्पूकाव्य

संस्कृत में प्राय: 250 चम्पूकाव्य लिखे गए हैं। इनके कथानक *रामायण, महाभारत, भागवतपुराण, शिवपुराण* तथा जैन साहित्य से लिए गए हैं। *नृसिंहचम्पू* नाम से पृथक्-पृथक् कई कवियों ने ग्रन्थ लिखे। केशवभट्ट ने छ: स्तबकों में, दैवज्ञसूरि ने पाँच उच्छ्वासों में तथा संकर्षण ने चार उल्लासों में *नृसिंहचम्पू* की रचना की। शेषश्रीकृष्ण-रचित *पारिजातहरणचम्पू* कृष्णलीला से सम्बद्ध है। नीलकण्ठदीक्षित कृत *नीलकण्ठविजयचम्पू,* वेंकटाध्वरि कृत *विश्वगुणादर्शचम्पू,* कविकर्णपूर-रचित *आनन्दवृन्दावनचम्पू* तथा जीवगोस्वामी कृत *गोपालचम्पू* कुछ प्रसिद्ध चम्पूकाव्य हैं।

बीसवीं शताब्दी ई. के पूर्वार्द्ध में प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान् म. म. हरिहरकृपालु द्विवेदी के जीवन को आधार बनाकर रघुनन्दन त्रिपाठी ने *हरिहरचरितचम्पू* तथा उत्तरार्ध में पण्डित जयकृष्ण मिश्र ने भारत की स्वतन्त्रता पर आधारित संस्कृत का बृहत्तम चम्पू *मातृमुक्तिमुक्तावली* की रचना की।



Chapter-7.indd 74 12-08-2016 2:09:30 PM

## ध्यातव्य बिन्दु

- चम्पूकाव्य गद्य और पद्य का मिश्रण है।
- दो प्रमुख चम्पूकाव्य— *नलचम्पू* एवं *मदालसाचम्पू* के रचयिता त्रिविक्रमभट्ट हैं।
- जैन कवि सोमप्रभसूरि द्वारा रचित *यशस्तिलकचम्पू* जैन सिद्धान्तों को काव्यरूप में प्रस्तुत करता है।
- अन्य जैन कवि हरिचन्द्र ने राजकुमार जीवन्धर को नायक बनाकर *जीवन्धरचम्पू* लिखा।
- सोड्ढल रचित *उदयसुन्दरीकथा* में नागराजकुमारी उदयसुन्दरी तथा प्रतिष्ठान के राजा मलयवाहन के विवाह का वर्णन है।
- *रामायणचम्पू* को *चम्पूरामायण* भी कहते हैं जिसके सुन्दरकाण्ड तक की रचना राजा भोज ने युद्धकाण्ड की रचना लक्ष्मणभट्ट ने तथा उत्तरकाण्ड की रचना वेंकटराज ने की।
- अनन्तभट्ट ने *महाभारत* की कथा के आधार पर *भारतचम्पू* की रचना की है।



Chapter-7.indd 75 12-08-2016 2:09:30 PM

# अभ्यास-प्रश्न

प्र. 1. चम्पूकाव्य किसे कहते हैं?

प्र. 2. नीतिकथा और चम्पू में क्या अन्तर है?

प्र. 3. चम्पूकाव्यों का क्या उद्देश्य है?

प्र. 4. त्रिविक्रमभट्ट के द्वारा लिखे गए दो चम्पूकाव्यों के नाम लिखिए।

प्र. 5. कवि त्रिविक्रमभट्ट किस नरेश के संरक्षण में रहते थे?

प्र. 6. दमयन्तीकथा का दूसरा नाम क्या है?

प्र. 7. *नलचम्पूकाव्य* की विशेषताएँ लिखिए।

प्र. 8. *मदालसाचम्पू* में किसके प्रेम का वर्णन है?

प्र. 9. *यशस्तिलकचम्पू* का लेखक कौन है?

प्र. 10. *जीवन्धरचम्पू* के लेखक कौन थे? वे किस शताब्दी में हुए?

प्र. 11. सोड्ढल की रचना पर किस कवि की शैली का प्रभाव पड़ा है?

प्र. 12. भोज ने अपने चम्पू में किन-किन कवियों की शैली अपनाई है?

प्र. 13. *महाभारत* की कथा के आधार पर लिखित प्रसिद्ध चम्पू का नाम लिखिए।

प्र. 14. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) *यशस्तिलकचम्पू* में .................................... धर्म के सिद्धान्तों का वर्णन है।

(ख) *यशस्तिलकचम्पू* का नायक ................................... है।

(ग) सोड्ढल की रचना का नाम ............................................ है।

(घ) राजा भोज ने ..................................................... चम्पू की रचना की।

(ङ) *भारतचम्पू* के लेखक ............................................. हैं।

प्र. 15. चम्पू और लेखक के नामों को मिलाइए—

| **क** | **ख** |
|---|---|
| पारिजातहरणचम्पू | जीवगोस्वामी |
| आनन्दवृन्दावनचम्पू | तिरूमलाम्बा |
| गोपालनचम्पू | कविकर्णपूर |
| वरदाम्बिकापरिणयचम्पू | दैवज्ञसूरि |
| विश्वगुणादर्शचम्पू | शेषश्रीकृष्ण |
| नृसिंहचम्पू | वेंकटाध्वरि |



Chapter-7.indd 76 12-08-2016 2:09:30 PM

अष्टम अध्याय

# कथा साहित्य

## नीतिकथा और लोककथा

संस्कृत भाषा में प्राचीनकाल से ही नीतिकथाओं और लोककथाओं का साहित्य लिखा जाता रहा है। कथा के द्वारा बालकों को शिक्षित करने एवं जन-सामान्य का मनोरञ्जन करने की प्रवृत्ति सभी देशों में है। प्राचीन भारत में भी कथा के माध्यम से कल्पना शक्ति को बढ़ाने का प्रयास किया गया है। मनोरञ्जन के विविध माध्यमों में कथा कहना और सुनना बहुत समर्थ तथा शक्तिशाली साधन है। ब्राह्मण-ग्रन्थों, उपनिषदों, बौद्ध-जातकों तथा पुराणों में अनेक कथाएँ दी गई हैं, जिनमें शिक्षा और मनोरञ्जन दोनों उद्देश्य पूरे होते हैं। भारत का प्राचीनतम कथासङ्ग्रह *पञ्चतन्त्र* है। उसके बाद भी कथा साहित्य की परम्परा अविच्छिन्न चलती है।

## पञ्चतन्त्र

*पञ्चतन्त्र* में पशु-पक्षियों तथा मनुष्यों को भी पात्र बनाकर कथाएँ कही गई हैं। इन कथाओं में उपदेश देने की अद्भुत क्षमता है। *पञ्चतन्त्र* की सभी कहानियों में नैतिक शिक्षा दी गई है। आचार और नीति में कुशलता प्रदान करना इन कथाओं का मुख्य उद्देश्य है। *पञ्चतन्त्र* में ही कहा गया है कि शिक्षा से दूर भागने वाले राजकुमारों को आचार-व्यवहार का ज्ञान देने के लिए ये कथाएँ कही गई हैं। नीति शिक्षा यहाँ पद्यों द्वारा की गई है।

*पञ्चतन्त्र* में कथाओं को परस्पर सम्बद्ध करके इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है कि कथा के अन्तिम श्लोक में अगली कथा का संकेत मिलता है और पुन: वह सङ्केतित कथा चल पड़ती है। इसी प्रकार कथा में कथा को जन्म देकर एक शृंखला बनाई गई है। मुख्य कथा का सूत्र स्मरण रखना होता है। कथा में उत्सुकता बढ़ाने का प्रयास *पञ्चतन्त्र* में सर्वत्र प्राप्त होता है। इसमें पाँच खण्ड हैं। इन खण्डों को *तन्त्र* कहा गया है। ये हैं— मित्रभेद, मित्रसम्प्राप्ति, काकोलूकीय, लब्धप्रणाश तथा अपरीक्षितकारक। इनमें कुल सत्तर कथाएँ मिलती हैं तथा 900 श्लोक हैं।

*पञ्चतन्त्र* के लेखक का नाम विष्णुशर्मा है। इनके व्यक्तित्व तथा समय के विषय में कुछ कहना कठिन है। बहुत से लोग विष्णुशर्मा को कौटिल्य या चाणक्य से सम्बद्ध मानते हैं। *पञ्चतन्त्र* के अनुसार वे सभी शास्त्रों में पारंगत थे और वैदिक धर्म के अनुयायी थे। अर्थशास्त्र का सार उन्होंने इस ग्रंथ में प्रस्तुत किया है। महिलारोप्य नामक नगर के राजा अमरसिंह के तीन मूर्ख पुत्रों को छः मास में राजनीति और व्यवहार में पटु बनाने के लिए *पञ्चतन्त्र* लिखा गया था। *पञ्चतन्त्र* का प्रचार विदेशों में भी हुआ है। ईसा की छठी शताब्दी में इसका अनुवाद पहलवी भाषा में हुआ था, जिससे एक ईसाई पादरी ने सीरियन भाषा में अनुवाद किया। यही अनुवाद यूरोप और पश्चिमी एशिया की भाषाओं में *पञ्चतन्त्र* के अनुवाद का आधार बना। इण्डोनेशिया, थाईलैण्ड तथा अन्य पूर्वी देशों में भी *पञ्चतन्त्र* की कथाएँ अनुवादों के माध्यम से पहुँचीं। इस प्रकार यूरोप और एशिया की अधिकांश भाषाओं में *पञ्चतन्त्र* अपनी रोचकता के कारण पहुँच गया।

इसमें अत्यन्त सरल भाषा का प्रयोग है। यह संस्कृत के प्रारम्भिक छात्रों के लिए भाषा और शैली को सीखने का उत्तम साधन है। मध्यपूर्व में इसकी प्रसिद्धि बुद्धिविषयक पुस्तक (अक्ल की किताब) के रूप में है।

## हितोपदेश

पञ्चतन्त्र का अनुसरण करते हुए नारायण पंडित ने नीति-कथाओं के संग्रह के रूप में *'हितोपदेश'* नामक एक लघुग्रन्थ लिखा है। इनका समय चौदहवीं शताब्दी ई. माना जाता है। *हितोपदेश* की 43 कथाओं में 25 *पञ्चतन्त्र* से ली गई हैं। नारायण पण्डित के आश्रयदाता बंगाल के राजा धवलचन्द्र थे। *हितोपदेश* में चार परिच्छेद हैं— *मित्रलाभ, सुहृद्भेद, विग्रह* और *सन्धि*। कथा से कथा आरम्भ करने की पद्धति इसमें भी *पञ्चतन्त्र* के समान ही है। बंगाल में रचित इस ग्रन्थ की लोकप्रियता सम्पूर्ण भारत में है। इसमें अनेक रोचक और शिक्षाप्रद श्लोक आए हैं, जैसे-मूर्खों को उपदेश देने से उनका क्रोध बढ़ता है, शान्त नहीं होता **(उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये)।** वह माता शत्रु है और वह पिता वैरी है, जिसने अपने बच्चे को नहीं पढ़ाया। जिस प्रकार हंसों के बीच बगुला नहीं सुशोभित होता, उसी प्रकार अशिक्षित बालक सभा में शोभा नहीं पाता—

माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।

*हितोपदेश पञ्चतन्त्र* की अपेक्षा अधिक लोकप्रिय है। इसके उपदेश हृदय पर शीघ्र प्रभाव डालते हैं।



Chapter-8.indd 78 12-08-2016 2:10:43 PM

## बृहत्कथा

यह गुणाढ्य के द्वारा पैशाची भाषा में लिखी गई कथा थी। मूल ग्रन्थ अब उपलब्ध नहीं है। गुणाढ्य का काल ईसा की प्रथम शताब्दी माना जाता है। कश्मीर की जनश्रुति के अनुसार *बृहत्कथा* श्लोकों में थी, किन्तु दण्डी इसे गद्य रचना के रूप में संकेतित करते हैं। गुणाढ्य ने लोक-जीवन में प्रचलित कथाओं का संकलन करके उसकी रचना की थी। इसका नायक उदयन का पुत्र नरवाहनदत्त है और नायिका मदनमञ्जूषा है, जिसका अपहरण मानसवेग कर लेता है। मन्त्री गोमुख की सहायता से राजकुमार मदनमञ्जूषा को पाकर विद्याधरों का राजा बनता है। आलोचकों ने उस पर *रामायण* के सीता-हरण का प्रभाव बतलाया है। अनेक संस्कृत कवियों ने इसके लेखक गुणाढ्य की प्रशंसा की है। *बृहत्कथा* के कथानक को जानने के साधन संस्कृत भाषा में लिखे गए कतिपय ग्रन्थ हैं, जैसे— *बृहत्कथामञ्जरी, कथासरित्सागर* इत्यादि।

## बृहत्कथा श्लोकसंग्रह

यह बुधस्वामी के द्वारा बृहत्कथा का संक्षिप्त रूपान्तर है। इनमें आज 28 सर्ग प्राप्त होते हैं, जिनमें 4500 श्लोक हैं। बुधस्वामी का काल छठी या सातवीं शताब्दी ई. माना जाता है। ये नेपाल के निवासी थे। नायक और नायिका के चरित्र और उनके पारस्परिक सम्बन्ध का इसमें अधिक संगत निर्वाह हुआ है। इसकी शैली सरल, स्पष्ट और गतिशील है। काव्य के अलंकरण घटनाक्रम को अवरुद्ध नहीं करते।

## बृहत्कथामञ्जरी

*बृहत्कथा* का यह संक्षिप्त संस्कृत संस्करण क्षेमेन्द्र द्वारा महाकाव्य के रूप में लिखा गया है। इसमें 7500 श्लोक हैं। क्षेमेन्द्र (995—1070 ई.) कश्मीरी कवि थे। इन्होंने *महाभारत* और *रामायण* के जिस प्रकार संक्षिप्त संस्करण बनाए, उसी पद्धति से उन्होंने *बृहत्कथामञ्जरी* भी लिखी। मूल कथाओं में काट-छाँट होने से दुरूहता उत्पन्न हो गई है। अत: वर्णन प्राय: शुष्क हो गए हैं। नरवाहनदत्त पर केन्द्रित इस काव्यात्मक कथा में अनेक उपकथाएँ दी गई हैं, जिससे मूल कथावस्तु शिथिल हो गई है। क्षेमेन्द्र ने इसमें अनेक विच्छिन्न कथाओं को परस्पर गूँथने का प्रयास किया है।

## कथासरित्सागर

यह *बृहत्कथा* का सबसे बड़ा उपलब्ध संस्कृत संस्करण है, जिसमें 24,000 श्लोक हैं।



Chapter-8.indd 79 12-08-2016 2:10:43 PM

इसके लेखक सोमदेव कश्मीर के निवासी थे। ये क्षेमेन्द्र के समकालिक थे। उन्होंने राजा अनन्त की पत्नी सूर्यमती के विनोद के लिए 1063 तथा 1081 ई. के बीच इस ग्रन्थ की रचना की थी। इस ग्रन्थ का विभाजन लम्बकों और तरङ्गों में किया गया है।

सोमदेव ने इसमें सरस एवं अलङ्कृत शैली का प्रयोग किया है। कश्मीर के विदूषकों और सामान्य जनों की कहानियाँ भी इसमें जोड़ी गई हैं। अन्धविश्वास, जादूगरी, शैवमत, बौद्धमत, कर्मवाद, शिवपूजा, मातृपूजा इत्यादि का चित्रण इस ग्रन्थ में कुशलता से किया गया है। सोमदेव की कथा-शैली सरल और प्रवाहमय है। कठिन शब्दों और जटिल कथानकों का प्रयोग ये नहीं करते। कुल मिलाकर *कथासरित्सागर* अत्यन्त लोकप्रिय है।

## वेतालपञ्चविंशतिका

यह लोकप्रिय कथाओं का संग्रह है। इसका प्राचीनतम रूप *बृहत्कथामञ्जरी* और *कथासरित्सागर* में मिलता है। इसमें 25 कहानियाँ दी गई हैं। इसके कई संस्करण प्राप्त होते हैं। पहला संस्करण शिवदास का है जिसमें कहीं-कहीं श्लोक भी मिलते हैं। इस प्रकार यह गद्य-पद्यात्मक संस्करण है। दूसरा संस्मरण बिल्कुल गद्यात्मक है, जो जम्भलदत्त के द्वारा बनाया गया है। ये दोनों संस्करण चौदहवीं शताब्दी के पहले ही बन चुके थे। इसकी कथाएँ इतनी लोकप्रिय हैं कि भारत की सभी भाषाओं में अनुवाद के रूप में पाई जाती हैं।

इसमें विक्रमसेन (विक्रमादित्य) की कथाएँ हैं। कोई सिद्ध पुरुष राजा को रत्नगर्भित फल देता है और उसकी सिद्धि में सहायता के लिए राजा को एक वृक्ष पर लटकते हुए शव को लाने के लिए कहता है। वह शव किसी वेताल के वश में है, जो शव ले जाते समय राजा को चुप रहने के लिए कहता है, किन्तु वेताल ऐसी विचित्र कथाएँ सुनाता है कि राजा को बोलना ही पड़ता है। वेताल के प्रश्न अत्यन्त जटिल हैं, किन्तु राजा का उत्तर भी बड़ा सुन्दर होता है। इस प्रकार ग्रन्थ पहेली और उसके उत्तर के रूप में है। इन कथाओं से बुद्धि की परीक्षा होती है।

## सिंहासनद्वात्रिंशिका (द्वात्रिंशत्पुत्तलिका)

यह एक मनोरञ्जक कथा-संग्रह है, जिसमें 32 पुतलियाँ राजा भोज को 32 कहानियाँ सुनाती हैं। राजा भोज भूमि में गड़े हुए विक्रमादित्य के सिंहासन को उखाड़ता है और उस पर बैठना चाहता है, किन्तु उस सिंहासन में जड़ी हुई 32 पुतलियाँ एक-एक करके विक्रमादित्य के पराक्रम को सुनाती हैं और राजा भोज को अयोग्य सिद्ध करके उस पर बैठने से रोकती हैं। इस कथा के दो संस्करण प्राप्त होते हैं— दक्षिण भारतीय और उत्तर



Chapter-8.indd 80 12-08-2016 2:10:43 PM

भारतीय। उत्तर भारतीय संस्करण में भी तीन पाठ मिलते हैं— जैन पाठ, बंगाली पाठ तथा लघु पाठ। दक्षिण भारतीय संस्करण *विक्रमचरित* कहलाता है। इसके भी पद्यबद्ध और गद्यबद्ध दो पाठ हैं। इनमें कौन सा संस्करण मौलिक है, कहा नहीं जा सकता।

## शुकसप्तति

यह एक लोकप्रिय रचना है, जिसमें 70 कहानियाँ संकलित हैं। इसका वक्ता एक तोता है। मदनसेन नामक व्यापारी अपनी पत्नी से दृढ़ अनुराग रखता है, किन्तु उसे कार्यवश परदेश जाना पड़ता है। जाते समय वह पत्नी की देखभाल के लिए तोते को छोड़ जाता है।

जब नववधू अपने सती-धर्म को छोड़ने के लिए उद्यत होती है, तब तोता प्रत्येक रात को एक कहानी सुनाता है। कहानी से मनोरञ्जन तो होता है, वियोग की पीड़ा भी दूर होती है और वह स्त्री पथभ्रष्ट होने से बच जाती है। सत्तरहवीं कहानी पूरी होते ही उसका पति विदेश से लौट आता है। इन कहानियों में दुश्चरित्र स्त्रियों की चतुरता का वर्णन है। ये सभी कहानियाँ उपदेशप्रद, रोचक तथा सरल हैं। इनकी रचना गद्य में हुई है, किन्तु कहीं-कहीं पद्य भी हैं।

इस ग्रन्थ के दो पाठ मिलते हैं— एक पाठ चिन्तामणि भट्ट रचित है और दूसरा किसी जैन मतावलम्बी लेखक का है।

## अन्य कथा ग्रन्थ

संस्कृत भाषा के कथा ग्रन्थ कई प्रकार के हैं। बौद्धों, जैनों तथा वैदिक धर्म वाले लेखकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचलित कथाएँ गद्य-पद्य में लिखीं। इनमें कुछ का उद्देश्य तो शुद्ध मनोरञ्जन था, किन्तु अधिकांश लेखकों ने धार्मिक एवं नैतिक उपदेश के लिए ही कथाएँ लिखीं। बौद्ध लोक कथाओं का प्राचीनतम ग्रन्थ *अवदान शतक* है, जिसका चीनी भाषा में अनुवाद तीसरी शताब्दी ई. में हो गया था। अत: यह इसके पूर्व की रचना है। इसकी कहानियाँ उपदेशों से भरी हैं। दूसरा प्रमुख कथा ग्रन्थ *दिव्यावदान* है, जिसमें साहित्यिक सौन्दर्य तो नहीं, किन्तु कथाएँ रोचक हैं। अशोक के पुत्र कुणाल की करुण कथा इसमें आई है, जिसकी आँखें उसकी विमाता ने निकलवा ली थी। इसका रचनाकाल दूसरी शताब्दी ई. है। आर्यशूर कृत *जातकमाला* भी बौद्ध कथा साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। इसमें बोधिसत्त्व की 34 कथाएँ हैं। इसमें महायान धर्म के अनुसार बोधिसत्त्व के दिव्य कर्मों का वर्णन किया गया है। इसका उद्देश्य भी आचारपरक शिक्षा देना था। *जातकमाला पञ्चतन्त्र*



Chapter-8.indd 81 12-08-2016 2:10:43 PM

के समान गद्य-पद्यात्मक रचना है, किन्तु इसकी शैली कुछ अलङ्कृत है और लम्बे समास भी आए हैं। इसका समय तीसरी-चौथी शताब्दी ई. है।

जैनों ने भी अनेक कथाएँ लिखीं। इनकी अधिकांश कथाएँ प्राकृत में हैं, किन्तु संस्कृत में भी उनके कुछ कथा ग्रन्थ मिलते हैं। सिद्धार्थ (900 ई.) की *उपमितिभवप्रपञ्चकथा* में प्रतीकात्मक रूप से आत्मा का वर्णन है। मेरुतुङ्ग ने *प्रबन्ध चिन्तामणि* की रचना 1305 ई. में की थी। इसमें पाँच प्रकाश हैं, जिनमें कई प्राचीन राजाओं, विद्वानों और कवियों का वृत्तान्त लिखा गया है। एक अन्य जैन कवि राजशेखर (1350 ई.) ने प्रबन्धकोश लिखा, जिसमें 24 प्रसिद्ध व्यक्तियों की जीवनी है।

विद्यापति (चौदहवीं शताब्दी ई.) ने *पुरुष-परीक्षा* की रचना लोगों को लोकनीति का ज्ञान देने के लिए की थी। इसमें 44 कथाएँ हैं, जो मानवीय गुणों का प्रतिपादन करती हैं। सोलहवीं शताब्दी में वल्लालसेन ने *भोजप्रबन्ध* लिखा, जिसमें राजा भोज और कालिदास के विषय में प्रचलित दन्तकथाओं का गद्य-पद्यात्मक संग्रह है। इस प्रकार सभी मतावलम्बियों की अपनी-अपनी कथाएँ हैं, जिनसे मनोरञ्जन ओर नीतिशिक्षा की प्राप्ति होती है। ये कथाएँ आज भी नवयुवकों को जीवन-यापन की दिशा देने में पूर्ण समर्थ हैं।



Chapter-8.indd 82 12-08-2016 2:10:43 PM

## ध्यातव्य बिन्दु

- कथा के द्वारा बालकों को शिक्षित करने के लिए संस्कृत में भी अनेक लोक-कथाएँ और नीतिकथाएँ लिखी गई हैं।
- विष्णुशर्मा द्वारा रचित *पञ्चतन्त्र* में पशु-पक्षियों तथा मनुष्यों को पात्र बनाकर कथाएँ कही गई हैं। इसमें पञ्च तन्त्र हैं— मित्रभेद, मित्रसंप्राप्ति, काकोलूकीय, लब्धप्रणाश तथा अपीरीक्षितकारक।
- हितोपदेश— नारायण पण्डित द्वारा रचित *हितोपदेश* में *पञ्चतन्त्र* का अनुसरण करते हुए नीतिकथाएँ संकलित हैं। इसमें चार परिच्छेद हैं— मित्रलाभ, सुहृद्भेद, विग्रह और सन्धि।
- बृहत्कथा— गुणाढ्य ने पैशाची प्राकृत में *बृहत्कथा* की रचना की।
- बृहत्कथाश्लोकसंग्रह— बुधस्वामी ने संस्कृत भाषा में *बृहत्कथाश्लोकसंग्रह* ग्रन्थ की रचना की जो *बृहत्कथा* का संक्षिप्त रूपान्तर है।
- बृहत्कथामञ्जरी— कश्मीरी कवि क्षेमेन्द्र ने महाकाव्य की शैली में *बृहत्कथा* का संस्कृत रूपान्तर किया है।
- कथासरित्सागर— सोमदेव द्वारा रचित *कथासरित्सागर बृहत्कथा* का संस्कृत में सबसे बड़ा संस्करण है।
- वेतालपञ्चविंशतिका— *बृहत्कथामञ्जरी* और *कथासरित्सागर* पर आधारित वेतालपञ्चविंशतिका में राजा विक्रम के द्वारा वेताल को ढोने और उस वेताल के द्वारा कही हुई 25 कथाओं का संग्रह है।
- सिंहासनद्वात्रिंशिका— *सिंहासनद्वात्रिंशिका* में 32 पुतलियाँ राजा भोज को 32 कहानियाँ सुनाती हैं।
- शुकसप्तति— इसमें तोता प्रत्येक रात्रि में सत्तर कहानियाँ सुनाता है, जिससे व्यापारी मदनसेन की पत्नी पथभ्रष्ट होने से बच जाती है।
- इन कथा-ग्रन्थों के अतिरिक्त बौद्धों, जैनों तथा वैदिक धर्मावलम्बियों ने भी अनेक कथा-ग्रन्थों की रचना की है—
- बौद्धकथा ग्रन्थों में— अवदानशतक, दिव्यावदान

  आर्यशूर — जातकमाला

  राजशेखर — प्रबन्धकोश



Chapter-8.indd 83 12-08-2016 2:10:43 PM

## अभ्यास-प्रश्न

प्र. 1. *पञ्चतन्त्र* में कितने तन्त्र हैं? उनके नाम लिखिए।
प्र. 2. *पञ्चतन्त्र* की कथाओं का प्रचार किन-किन देशों में हुआ?
प्र. 3. *हितोपदेश* किसकी रचना है?
प्र. 4. *हितोपदेश* में कितने परिच्छेद हैं? उनके नाम लिखिए।
प्र. 5. *हितोपदेश* की रचना कहाँ हुई थी?
प्र. 6. *बृहत्कथा* के कथानक को जानने के लिए संस्कृत भाषा में कौन-कौन से ग्रन्थ हैं?
प्र. 7. *बृहत्कथा* श्लोक संग्रह किसकी रचना है? उसके श्लोकों की संख्या लिखिए।
प्र. 8. *वेतालपञ्चविंशतिका* में कितनी कहानियाँ हैं?
प्र. 9. *सिंहासनद्वात्रिंशिका* का दूसरा नाम क्या है?
प्र. 10. *शुकसप्तति* में वक्ता कौन है?
प्र. 11. संस्कृत के कथा ग्रन्थों का मुख्य उद्देश्य क्या था?
प्र. 12. जैनों के तीन कथा ग्रन्थों का मुख्य उद्देश्य क्या था?
प्र. 13. रिक्त स्थान भरिए—

(क) भारत का प्राचीनतम कथा संग्रह .................................................. है।
(ख) कवि नारायण पण्डित के आश्रयदाता बंगाल के राजा .................................. थे।
(ग) *बृहत्कथा* की रचना ........................ ने ................................. भाषा में की।
(घ) बौद्ध लोक-कथाओं का प्राचीनतम ग्रन्थ ........................................ शतक है।
(ङ) अशोक के पुत्र कुणाल की करुण कथा .................................................. कथा ग्रन्थ में आई है।
(च) *जातकमाला* का ..................................... कथा साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है।
(छ) पुरुष-परीक्षा कथा ग्रन्थ .......................................... की रचना है।

प्र. 14. कथा ग्रन्थ और लेखकों को मिलाइए—

| **कथा ग्रन्थ** | **लेखक** |
|---|---|
| भोजप्रबन्ध | क्षेमेन्द्र |
| बृहत्कथामञ्जरी | सोमदेव |
| कथासरित्सागर | वल्लालसेन |

प्र. 15. कवि और उनके काल को ठीक-ठीक मिलाइए—

| **कवि (लेखक)** | **काल** |
|---|---|
| नारायण पण्डित | प्रथम शताब्दी |
| गुणाढ्य | ग्यारहवीं शताब्दी |
| क्षेमेन्द्र | 900 ई. |
| सिद्धार्थ | चौदहवीं शताब्दी |



Chapter-8.indd 84 12-08-2016 2:10:43 PM

## नवम अध्याय

# नाट्य-साहित्य

संस्कृत भाषा में विपुल नाट्य-साहित्य है। नाट्य-कृति में जीवन की विभिन्न अवस्थाओं का अनुकरण किया जाता है। दृश्यकाव्य होने के कारण नाट्य को रूपक भी कहते हैं। नाट्याचार्यों ने दस प्रकार के रूपक बतलाए हैं। इनमें सबसे उत्कृष्ट नाटक माना गया है। अत: प्राय: लोग नाट्य, रूपक, रूप और नाटक का प्रयोग समान अर्थ में करते हैं। संस्कृत भाषा में बहुत प्राचीन काल से रूपक लिखे जाते रहे हैं। यह परम्परा आज तक चल रही है। लिखने के साथ-साथ बहुत से रूपकों का अभिनय भी होता रहा है। राजसभाओं में विशिष्ट अवसरों पर संस्कृत रूपकों का अभिनय होता था। इसी प्रकार ग्रामों और नगरों में भी नाटक-मण्डलियाँ जनता के मनोरंजन के लिए नाटक खेलती थीं। जन सामान्य में संस्कृत का प्रयोग शिथिल हो गया तब लोक-प्रचलित भाषाओं में नाटक खेले जाने लगे। आज स्थिति यह हो गई है कि संस्कृत नाटक विशिष्ट तथा प्रबुद्ध वर्गों के बीच ही अभिनीत होते हैं।

संस्कृत रूपकों की उत्पत्ति कैसे हुई? इस पर पाश्चात्त्य विद्वानों ने पुत्तलिका नृत्य, धार्मिक नृत्य, वीर पूजा, यूनानी प्रभाव इत्यादि सिद्धान्त दिए हैं। भरत ने अपने नाट्यशास्त्र में आख्यान दिया है कि ब्रह्मा ने *ऋग्वेद* से पाठ्य (संवाद), *सामवेद* से गीत, *यजुर्वेद* से अभिनय तथा *अथर्ववेद* से रस लेकर नाट्य-वेद नामक नई विधा (जिसे पंचम वेद कहा गया) विकसित की। शिव और पार्वती ने क्रमश: ताण्डव और लास्य नामक नृत्य की व्यवस्था करके इस विद्या को समृद्ध किया। नाट्य शास्त्र के अनुसार भरत के पुत्रों और शिष्यों ने अप्सराओं और गन्धर्वों के साथ मिलकर अमृतमन्थन और त्रिपुरदाह नामक रूपकों का अभिनय किया था। ये ही प्रथम रूपक थे। वस्तुत: संस्कृत नाटकों की उत्पत्ति इसी देश में जनसामान्य के मनोरंजन के लिए हुई है।

नाट्यशास्त्र रूपकों के सम्बन्ध में व्यापक विधान करता है। इसमें रूपकों के भेद, कथा-वस्तु, पात्र, रस, अभिनय, गीत, नृत्य, रंगमंच की व्यवस्था, भाषा का प्रयोग आदि

विषयों के विस्तृत नियम बतलाए गए हैं। इसका समय प्रथम शताब्दी ई. पू. से पहले माना गया है। इसमें नियमों की व्यापकता देखते हुए कहा जा सकता है कि बहुत प्राचीन काल में ही नाटक से सम्बद्ध विज्ञान विकसित हो गया था। इससे नाटकों के पर्याप्त मात्रा में लिखे जाने का भी अनुमान होता है। यहाँ कुछ प्रमुख संस्कृत नाटकों का परिचय दिया जा रहा है।

## भास के नाटक

सन् 1912 ई. में टी. गणपति शास्त्री को त्रिवेन्द्रम (केरल) में 13 रूपकों की प्राप्ति हुई, जिन्हें उन्होंने भास की कृतियाँ बतलाकर प्रसिद्ध किया। इन रूपकों को 'भासनाटकचक्र' का संयुक्त नाम दिया गया। इसके पूर्व तक भास का नाम प्रसिद्ध संस्कृत नाटककार के रूप में जाना जाता था, किन्तु उनकी कृतियाँ नहीं मिली थीं। आरम्भ में उन सभी रूपकों को भासकृत मानने में विद्वानों को आपत्ति हुई, किन्तु धीरे-धीरे यह विवाद समाप्त हो गया। इन रूपकों में परस्पर इतना अधिक साम्य पाया गया कि इन्हें भासरचित मानने में कोई आपत्ति नहीं हुई।

भास के काल के विषय में विवाद है। गणपति शास्त्री ने उनका काल तीसरी शताब्दी ई. पू. माना है। कुछ भारतीय विद्वान् उनका स्थितिकाल 400 ई. पू. तक ले जाते हैं। अधिसंख्य विद्वानों का यह विचार है कि भास कालिदास (ई.पू. प्रथम शताब्दी) के पूर्ववर्ती हैं, क्योंकि कालिदास ने अपने नाटक *मालविकाग्निमित्रम्* में भास का नाम स्मरण किया है।

भास की रचनाओं को चार भागों में बाँटा जाता है। *प्रतिमा नाटक* और *अभिषेक* रामायण पर आश्रित हैं। *बालचरित, पञ्चरात्र, मध्यमव्यायोग, दूतवाक्य, दूतघटोत्कच, कर्णभार* तथा *ऊरुभंग* नामक रूपक *महाभारत* पर आश्रित हैं। *स्वप्नवासवदत्त* तथा *प्रतिज्ञायौगन्धरायण* उदयन और *वासवदत्ता* की प्रसिद्ध कथा पर आश्रित हैं। *अविमारक* और *चारुदत्त* कल्पित रूपक हैं। इन रूपकों में *स्वप्नवासवदत्त* सर्वाधिक विख्यात है। नाट्य-कला की दृष्टि से भी इसका महत्त्व है। भास के सभी रूपक नाट्य-कला की विकासावस्था के सूचक हैं। भाषा की सरलता, छोटे वाक्यों का प्रयोग, अभिनय की सुगमता, उचित हास्य-प्रयोग तथा कला की दृष्टि से भास के नाटक बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। *चारुदत्त* चार अंकों का रूपक है, जो बाद में शूद्रक के *मृच्छकटिक* की रचना का आधार बना। भास की कल्पना शक्ति तथा कथानक को सजाने का कौशल बहुत उत्कृष्ट है। भास के रूपकों में उस काल की सामाजिक और सांस्कृतिक सूचनाएँ पर्याप्त रूप से मिलती हैं। इनमें पात्रों का सजीव अंकन किया गया है तथा रस की योजना भी उत्कृष्ट रूप में हुई है।



Chapter-9.indd 86 12-08-2016 2:11:33 PM

## कालिदास के नाटक

कालिदास ने तीन नाटक लिखे थे— *मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय* तथा *अभिज्ञानशाकुन्तल।* इनमें अन्तिम नाटक संस्कृत वाङ्मय में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

- **मालविकाग्निमित्र**— यह एक ऐतिहासिक नाटक है, जिसमें शुंगवंशीय राजा अग्निमित्र का दासी के वेश में रहने वाली विदर्भ-राजकुमारी मालविका के प्रति प्रेम वर्णित है। इसमें पाँच अंक हैं। अग्निमित्र की महारानी धारिणी शरणागत मालविका को अपना लेती है और नृत्य आदि ललित-कलाओं की शिक्षा दिलाती है। राजा अपने अन्त:पुर में उसका नृत्य देखकर मुग्ध हो उठता है। अन्त:पुर में विरोध और तनाव होने पर भी विदूषक की सहायता से राजा और मालविका की भेंट हो जाती है। अन्तत: महारानी धारिणी अपने आप मालविका का हाथ अग्निमित्र के हाथ में दे देती है। इसमें अग्निमित्र के पिता पुष्यमित्र के द्वारा किए गए अश्वमेध यज्ञ का भी संकेत है तथा अग्निमित्र के पुत्र वसुमित्र की यवनों पर विजय का भी वर्णन है। इस नाटक में राजप्रासाद के प्रणय-षडयन्त्रों का सजीव चित्रण है। प्रेम-प्रपंच की घटनाएँ चुभते संवादों और रसपूर्ण विनोद से भरी हैं। कालिदास की इस प्रथम नाट्य कृति में उनके कलात्मक विकास का बीज निहित है।
- **विक्रमोर्वशीय**— यह कालिदास का दूसरा नाटक है। इसमें राजा पुरुरवा और अप्सरा उर्वशी की प्रेम-कथा का वर्णन है। यह कथा *ऋग्वेद* और ब्राह्मण-ग्रन्थों में भी आई है। परम्परा से मिले हुए कथानक को कालिदास ने बड़े कौशल से पाँच अंकों में फैलाया है। पुरुरवा स्वर्ग की अप्सरा उर्वशी को देखकर मुग्ध हो जाता है और उर्वशी का भी नायक के प्रति अनुराग होता है। महारानी राजा को उर्वशी से प्रेम करने की अनुमति देती है और उर्वशी को भी एक वर्ष के लिए पुरुरवा के साथ रहने की अनुमति मिल जाती है। चतुर्थ अंक में उर्वशी एक लता के रूप में बदल जाती है। पुरुरवा विलाप करता है। राजा के प्रेम से प्रभावित होकर इन्द्र उर्वशी को आजीवन राजा के साथ रहने की अनुमति दे देते हैं। इस नाटक में शृङ्गार के संयोग और विप्रलम्भ दोनों रूपों का अत्यन्त मार्मिक प्रयोग हुआ है। इसमें कालिदास की नाट्यकला और काव्यकला भी अधिक विकसित दिखाई पड़ती है। प्रकृति का मानवीय भावों के साथ अधिक सामंजस्य इसमें दिखाया गया है। उदाहरण के लिए उर्वशी के लता-रूप में परिणत हो जाने पर महाराज पुरुरवा सामने बहती नदी को ही अपनी प्रेयसी समझ बैठते हैं और उन्मादग्रस्त होकर उसका वर्णन करते हैं।



Chapter-9.indd 87 12-08-2016 2:11:33 PM

- **अभिज्ञानशाकुन्तल**— यह कालिदास का अमर नाटक है, जिसने समस्त संसार के लोगों को प्रभावित किया है। इसमें सात अंक है। दुष्यन्त और शकुन्तला की प्रेम-कथा इसमें चित्रित है। दुष्यन्त हस्तिनापुर का राजा है तथा शकुन्तला कण्व मुनि के आश्रम में पलने वाली एक सुन्दर कन्या है। आश्रम में दुष्यन्त कण्व की अनुपस्थिति में शकुन्तला से गान्धर्व विवाह करता है। कुछ दिन वहाँ रहकर वह राजधानी लौट जाता है। जाते समय वह शकुन्तला को शीघ्र बुला लेने का वचन देता है, किन्तु दुर्वासा के द्वारा शकुन्तला को दिए गए शाप के कारण वह उस वचन को भूल जाता है। इधर कण्व आश्रम में लौटकर गर्भवती शकुन्तला को पतिगृह भेजने की तैयारी करते हैं। आश्रम के सभी चेतन व अचेतन पदार्थ इस दृश्य से व्याकुल हैं। चतुर्थ अंक में शकुन्तला की बिदाई का यह दृश्य उत्कृष्ट है। दुर्वासा के शाप के कारण दुष्यन्त शकुन्तला को पहचान नहीं पाता। उसके द्वारा दी गई अँगूठी भी शकुन्तला खो चुकी है। इसलिए पहचान का कोई उपाय भी नहीं रहता। अन्तत: शकुन्तला मारीच आश्रम में ले जाई जाती है, जहाँ वह भरत नाम के पुत्र को जन्म देती है। इधर जब दुष्यन्त को वह अँगूठी मिल जाती है तब सब कुछ स्मरण हो जाता है। वह बहुत पश्चात्ताप करता है। संयोगवश इन्द्र की सहायता करके लौटते समय दुष्यन्त मारीच आश्रम में जाता है और उसकी शकुन्तला तथा भरत से भेंट हो जाती है। इस प्रकार नाटक की सुखद समाप्ति होती है। इस नाटक में कालिदास की नाट्यकला अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँची है। घटनाओं का संयोजन, प्रेम का क्रमिक विकास, प्रकृति का मनोरम चित्रण, शकुन्तला की विदाई का कारुणिक दृश्य, विदूषक का हास्य, संवादों की अभिव्यंजना, शृङ्गार-रस का यथेष्ट निष्पादन, दुर्वासा के शाप की कल्पना—ये सभी मिलकर इस नाटक को बहुत ऊँचाई पर पहुँचाते हैं। कालिदास उपमा का प्रयोग करने में अत्यन्त कुशल हैं।

भारतीय परम्परा में इस नाटक के चतुर्थ अंक को और उसके भी चार श्लोकों को श्रेष्ठ बतलाया गया है।

काव्येषु नाटकं रम्यं, तत्र रम्या शकुन्तला।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम्।।

जर्मन महाकवि गेटे ने इस नाटक की बहुत प्रशंसा की है कि वसन्त का पुष्प और ग्रीष्म का फल यदि एक साथ देखना हो, तो शकुन्तला में देखें। मानव-जीवन के मार्मिक पक्षों का निरूपण इसमें बहुत कुशलता से हुआ है।



Chapter-9.indd 88 12-08-2016 2:11:33 PM

## अश्वघोष का शारिपुत्रप्रकरण

इसके लेखक अश्वघोष (प्रथम शताब्दी ई.) हैं। यह रूपक नौ अंकों में लिखा गया था। इसके कुछ अंश ताल-पत्रों पर लिखित मध्य एशिया में मिले हैं। इन पत्रों को संकलित करके प्रो. ल्यूडर्स ने वर्तमान शताब्दी के आरम्भ में जर्मनी में इनका प्रकाशन किया था। इसमें शारिपुत्र और मौद्गलायन द्वारा बौद्ध धर्म स्वीकार किए जाने की कथा है। आंशिक रूप से प्राप्त होने के कारण इसके कथानक का पूरा ज्ञान तो नहीं मिलता, किन्तु इसके विदूषक का प्राकृत-प्रयोग, छन्दों का प्रयोग, नाटक का अंकों में विभाजन इत्यादि तत्त्व संस्कृत नाट्य-विज्ञान के विकास का संकेत देते हैं। इस नाटक के साथ दो अन्य नाटकों के भी खण्डित अंश मिले थे। कुछ आधुनिक विद्वान् इन्हें भी *शारिपुत्रप्रकरण* का ही अंश मानते हैं। इसमें कीर्ति, धृति आदि प्रतीकात्मक पात्रों का सर्वप्रथम प्रयोग है। अश्वघोष के इस नाटक में शैली का संयम उनके महाकाव्यों के समान ही मिलता है।

## शूद्रक का मृच्छकटिक

शूद्रक-रचित *मृच्छकटिक* 10 अंकों का रूपक है, जिसे प्रकरण नामक भेद में रखा जाता है। प्रकरण में कथावस्तु कल्पित और सामाजिक होती है, राजकीय वातावरण से यह दूर रहती है। व्यापारजीवी ब्राह्मण चारुदत्त इसका नायक है, जो उदारता के कारण निर्धन हो गया है। इसकी नायिका वसन्तसेना उज्जयिनी की प्रसिद्ध गणिका है। वह चारुदत्त से प्रेम करती है। उसके प्रेम में उन्मत्त राजा का श्यालक शकार इसका विरोध करता है। वह वसन्तसेना का गला दबा देता है और हत्या के झूठे आरोप में चारुदत्त को न्यायालय में पहुँचा देता है, किन्तु वसन्तसेना मरती नहीं। इसी बीच राजविप्लव होता है और पालक के स्थान पर आर्यक राजा बनता है। अकस्मात् ही जीवित वसन्तसेना के वध्यस्थान पर उपस्थित हो जाने के कारण, चारुदत्त को दी गई मृत्युदण्ड की सजा समाप्त हो जाती है और रूपक की सुखात्मक परिणति होती है।

चारुदत्त का पुत्र रोहसेन मिट्टी की गाड़ी का खिलौना नहीं चाहता, स्वर्णशकट चाहता है। नायिका वसन्तसेना उसकी गाड़ी पर अपने सोने के आभूषण डाल देती है। मिट्टी की गाड़ी का कथानक बहुत मार्मिक है। अत: इस रूपक का नाम *मृच्छकटिक* (मृत्-मिट्टी, शकटिक-खिलौने की गाड़ी) पड़ा है। यह प्रकरण विशुद्ध सामाजिक कथावस्तु पर आश्रित है। इसलिए किसी नगर के राजपथ पर घटी घटनाओं का इसमें यथार्थ चित्र मिलता है।



Chapter-9.indd 89 12-08-2016 2:11:33 PM

इसमें चारुदत्त जैसे पात्र के गुणों पर मुग्ध होकर वसन्तसेना जैसी गणिका अपने व्यवसाय को छोड़ देती है। दूसरी ओर इसमें शकार जैसा खलनायक भी है, जो राजा का साला होने के कारण अहंकारी है और दुष्टता करता रहता है। इसमें जुआ खेलने वाले जुआरी, घर में काम करने वाली दासी, राजतन्त्र की दुर्गति करने वाला राजा, चोरी करके अपनी प्रेमिका को आभूषण देने वाला प्रेमी, मित्र की निर्धनता में भी साथ देने वाला हास्य-पात्र विदूषक, पतिव्रता धूता (चारुदत्त की पत्नी) और धन से अधिक सद्गुणों की पूजा करने वाली गणिका वसन्तसेना जैसे अनेक पात्र हैं, जो इस प्रकरण में रोचकता और रोमांच उत्पन्न करते हैं। अपने युग के समाज और संस्कृति को यह सजीव रूप में उपस्थित करने वाला एक क्रान्तिकारी रूपक है।

*मृच्छकटिक* के लेखक शूद्रक के व्यक्तित्व और काल के विषय में बहुत विवाद है। इसकी प्रस्तावना में शूद्रक के राज्य करने और उसकी मृत्यु का भी उल्लेख है। निश्चित रूप से यह प्रस्तावना बाद में जोड़ी गई है। शूद्रक को कुछ लोग काल्पनिक पात्र मानते हैं। सामान्यत: तीसरी-चौथी शताब्दी ई. के उज्जैन का चित्र अंकित होने के कारण *मृच्छकटिक* की रचना इस काल में मानी जा सकती है।

## विशाखदत्त का मुद्राराक्षस

यह विशाखदत्त-रचित सात अंकों का नाटक है, जो राजनीतिक कथानक से संबद्ध है। इसकी कथावस्तु मौर्य-वंश की स्थापना से जुड़ी है। विशाखदत्त का समय पाँचवी-छठी शताब्दी माना जाता है। लेखक राजनीति तथा अनेक शास्त्रों का महान् पण्डित था। इस नाटक में चाणक्य के द्वारा नन्द-राजाओं के विध्वंस का वर्णन किया गया है। इसके बाद चन्द्रगुप्त मौर्य को पाटलिपुत्र के सिंहासन पर बैठाया जाता है। चाणक्य स्वयं राजनीति से संन्यास लेना चाहता है। इसलिए वह नन्दों के भूतपूर्व मन्त्री राक्षस को चन्द्रगुप्त का प्रधानमंत्री बनाने का प्रयत्न करता है, किन्तु राक्षस नन्दों के प्रति स्वामिभक्ति रखता है। वह न चाणक्य को प्रतिष्ठित होते देखना चाहता है, न चन्द्रगुप्त को। वह मलयकेतु नामक राजा के साथ मिलकर चन्द्रगुप्त को राज्यच्युत करने की योजना बनाता है। इसलिए चाणक्य का काम बहुत कठिन है, फिर भी वह अपनी कूटनीति से राक्षस को असहाय बना देता है, मित्रों से उसे पृथक् कर देता है और अन्तत: राक्षस चन्द्रगुप्त का मन्त्री पद स्वीकार करने के लिए विवश हो जाता है। चाणक्य की कूटनीति में सर्वाधिक सहायता राक्षस की मुद्रा (मुहर के रूप में प्रयुक्त होने वाली अँगूठी) से मिलती है, जो संयोगवश चाणक्य के हाथ



Chapter-9.indd 90 12-08-2016 2:11:33 PM

लग जाती है। यह मुद्रा ही राक्षस की पराजय का कारण बनती है। इसके आधार पर नाटक का नामकरण हुआ है।

इस नाटक में चाणक्य और राक्षस की कूटनीतियों का संघर्ष दिखाया गया है। यह परम्परा से हटकर लिखा गया नाटक है, क्योंकि इसमें न कोई नायिका है और न शृंगार रस ही है। यहाँ राजनीतिक संघर्ष की भव्य क्रीड़ा है, जहाँ दो परस्पर विपक्षी राजनीतिज्ञ भिड़े हुए हैं। राक्षस की पराजय इसलिए होती है कि वह भावुक और स्वामिभक्त है। चाणक्य उसकी योग्यता पर मुग्ध है। इसलिए स्वयं प्रधानमंत्री न बनकर वह राक्षस को ही इस पद पर बैठाने के लिए प्रयत्न करता है। संस्कृत के सभी नाटकों की अपेक्षा कथानक की सुव्यवस्थित अन्विति में यह नाटक आगे है। घटनाएँ योजना के अनुसार चलती हैं। उनमें विलक्षण सजावट है। अन्त में राक्षस का मन्त्रीपद स्वीकार करना सभी के लिए लाभदायक होता है; पाटलिपुत्र का राज्य, योग्य राजा और योग्य मन्त्री पाकर दृढ़ होता है। इस प्रकार चाणक्य का त्याग और राष्ट्रभक्ति भी इसमें प्रदर्शित है। इसमें प्रदर्शित कूटनीति आज के युग में भी अनुकरणीय है।

## हर्ष के रूपक

राजा हर्ष या हर्षवर्धन का समय सातवीं शताब्दी ई. का पूर्वार्द्ध है। ये स्थाण्वीश्वर (कुरूक्षेत्र के पास) के इतिहास प्रसिद्ध राजा थे। उन्होंने बाण, मयूर आदि कवियों को आश्रय दिया था। इनके समय में चीनी यात्री ह्वेनसांग भारत आया था। इन्होंने तीन रूपक लिखे, जिनमें दो नाटिकाएँ हैं— *प्रियदर्शिका* और *रत्नावली* तथा एक नाटक है। नागानन्द

- **प्रियदर्शिका**— *प्रियदर्शिका* और रत्नावली एक ही प्रकार की कथावस्तु पर आश्रित नाटिकाएँ हैं। प्रत्येक में चार अंक हैं। दोनों के नायक उदयन हैं, परन्तु नायिका पृथक्-पृथक् हैं। *प्रियदर्शिका* नाटिका में प्रेमिका का नाम आरण्यका है, जो बाद में *प्रियदर्शिका* कही जाती है। राजा उदयन महारानी के भय से छिप-छिपकर नायिका से मिलता है। नायिका राजप्रासाद में ही शरणागत के रूप में रहती है। विदूषक राजा के प्रेम-व्यापार में सहायक होता है।
- **रत्नावली**— इस नाटिका की नायिका सागरिका है, क्योंकि उसकी रक्षा सागर से की गई थी। यही बाद में *रत्नावली* कही जाती है। उदयन का चरित्र धीरललित नायक का है, जो निश्चिन्त, कला-प्रेमी तथा सुखजीवी है। ऐसा प्रतीत होता है कि *प्रियदर्शिका*



Chapter-9.indd 91 12-08-2016 2:11:33 PM

नाटिका का संशोधन करने के लिए हर्ष ने रत्नावली की रचना की थी। दोनों पर कालिदास के *मालविकाग्निमित्र* का बहुत प्रभाव है।

- **नागानन्द**— यह दोनों से कथानक और प्रभाव में भिन्न है। यह जीमूतवाहन की कथा से सम्बद्ध है। इसमें पांच अंक हैं। इसके पूर्वार्द्ध में जीमूतवाहन और मलयवती की प्रेम-कथा का वर्णन है, किन्तु उत्तरार्द्ध में जीमूतवाहन के आत्मत्याग की कथा है। वह गरुड़ से नाग की रक्षा करता है और शंखचूड़ के स्थान पर स्वयं गरुड़ का भक्ष्य बनता है। गरुड़ उसके त्याग से प्रसन्न होकर सभी नागों को जीवित कर देते हैं। इस प्रकार यह महायान बौद्ध धर्म के आदर्श के अनुकूल बोधिसत्त्व की कथा को नाटक के रूप में प्रस्तुत करता है। मानव-जाति को अहिंसा की शिक्षा देना इसका उद्देश्य है। इस नाटक को हर्ष ने उस समय लिखा था, जब वे बौद्ध मत स्वीकार कर चुके थे। बौद्धों के बीच इस नाटक का बहुत प्रचार रहा है। नाटक दु:खान्त रूप धारण कर लेता, किन्तु गौरी देवी के दिव्य प्रसाद की कथा के समावेश से सुखान्त बन जाता है।

हर्ष ने अपने रूपकों को सरल भाषा में प्रसादगुण से युक्त शैली में लिखा है। उन्होंने जहाँ नाटिकाओं में शृंगार रस की धारा बहायी है, वहाँ *नागानन्द* में शान्त रस को मुख्य रस रखा है। कला और कथानक की दृष्टि से उत्कृष्ट न होने पर भी ऐतिहासिक दृष्टि से हर्ष के रूपकों का महत्त्व है। नाट्य-संविधान की दृष्टि से *रत्नावली* बहुत महत्त्व रखती है, क्योंकि काव्यशास्त्र के आचार्यों ने इस नाटिका के अनेक स्थलों को प्रचुर मात्रा में उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है।

## भवभूति के रूपक

भवभूति कालिदास के बाद दूसरे उत्कृष्ट नाटककार माने जाते हैं। सभी नाटककारों की अपेक्षा उन्होंने अपने विषय में अधिक सूचना दी है। वे विदर्भ-प्रदेश के निवासी थे। वे *यजुर्वेद* की तैत्तिरीय शाखा के अध्येता ब्राह्मण-वंश में उत्पन्न हुए थे। उनका दूसरा नाम श्रीकण्ठ था। उनका समय 700 ई. के आसपास माना जाता है। भवभूति कई शास्त्रों के पण्डित तथा अद्भुत शैलीकार थे। इन्होंने तीन रूपक लिखे जिनमें *महावीरचरित* और *उत्तररामचरित* राम की कथा पर आश्रित नाटक हैं, *मालतीमाधव* प्रकरण है।

- **महावीरचरित**— इसमें सीता-विवाह से आरम्भ करके राज्याभिषेक तक राम के जीवन की घटनाएँ सात अंकों में वर्णित हैं। इसका प्रमुख विषय है राम को नष्ट करने के लिए किए गए रावण के प्रयत्नों की विफलता तथा राम का सकुशल अयोध्या



Chapter-9.indd 92 12-08-2016 2:11:33 PM

लौट आना। नाटक की कथावस्तु राम-रावण के बीच राजनीतिक षड्यन्त्र के आधार पर विकसित हुई है। इसमें रावण का मन्त्री माल्यवान् महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रावण का राम के प्रति क्रोध तभी से है, जब उसे सीता और जनक द्वारा सीता के वर के रूप में अस्वीकार कर दिया गया था। अन्य राक्षसों के वध से रावण बौखला उठता है। परशुराम और बालि की कथाएँ राम को नष्ट करने की माल्यवान् की योजना का अंश हैं। राम को वनवास दिलाने में मन्थरा वेश में शूर्पणखा कैकेयी के पास जाती है। यह भी भवभूति की कल्पना है। अन्त में रावण और माल्यवान् की युद्धनीति विफल हो जाती है। इस नाटक में भवभूति नाटककार से अधिक कवि के रूप में प्रकट होते हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र के प्रभाव में रहकर भवभूति ने इसकी रचना की है। इसलिए राजनीतिक षड्यन्त्र और नाट्यकला में सामंजस्य नहीं रह पाया है।

- **मालतीमाधव**— यह 10 अंकों का एक प्रकरण है। इसमें भूरिवसु की पुत्री मालती तथा देवरात के पुत्र माधव के विवाह की मुख्य कथा है। दोनों के विवाह का निश्चय उन दोनों के पिता तभी कर चुके थे, जब वे स्वयं विद्यार्थी थे, किन्तु वे अपनी योजना कार्यान्वित नहीं कर सके थे। कारण यह था कि भूरिवसु जिस राजा का मन्त्री था, वह राजा मालती का विवाह अपने चचेरे भाई नन्दन के साथ कराना चाहता था। इसलिए कामन्दकी नामक योगिनी को मालती और माधव के विवाह का भार दिया जाता है। इसके साथ-साथ मकरन्द और मदयन्तिका का प्रेम-प्रसंग भी चलता है। यहाँ मुख्य प्रेमी गौण हो गए हैं और गौण प्रेमी अधिक रोचक हो गए हैं। मालती का अपहरण कापालिकों द्वारा किया जाता है और अघोरघण्ट नामक कापालिक मालती की बलि देने की तैयारी करता है। संयोगवश माधव अघोरघण्ट को मारकर मालती को बचा लेता है। उन दोनों का गुप्त विवाह हो जाता है। उधर मकरन्द का मालती के वेश में नन्दन से विवाह कराया जाता है, जिससे नाटक में हास्य-तत्त्व की सृष्टि होती है।

भवभूति इस नाटक की रचना में कामशास्त्र तथा नाट्यशास्त्र के प्रभाव में थे। इसीलिए उन्होंने प्रेम की सभी सूक्ष्म अवस्थाओं का वर्णन किया है तथा विभिन्न रसों के परिपाक का भी प्रयास किया है। इस नाटक में शृंगार मुख्य रस है, किन्तु भयानक, अद्भुत, रौद्र आदि रस भी यथेष्ट हैं। श्मशान, तान्त्रिक साधना आदि का निरूपण इसमें बहुत रोचक और काव्यात्मक है।



Chapter-9.indd 93 12-08-2016 2:11:33 PM

- **उत्तररामचरित**— यह भवभूति का सर्वश्रेष्ठ नाटक है। **उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते**। इसमें राम के उत्तरवर्ती जीवन के करुण पक्ष का नाट्य रूप प्रस्तुत किया गया है। इसमें सात अंक हैं। रावण को मारकर जब राम अयोध्या लौटते हैं, तब उनके सुख के दिन क्षणिक रूप में आते हैं, क्योंकि वे गुप्तचर से सीता के विषय में लोकापवाद सुनते हैं। राम के आदेश से लक्ष्मण सीता को गंगा तट पर वन में छोड़ देते हैं। सीता गर्भवती हैं। वह वाल्मीकि के आश्रम में पहुँच जाती हैं, जहाँ उनके कुश और लव दो पुत्र होते हैं। राम सीता के त्याग से भीतर-ही-भीतर घुटते रहते हैं, किन्तु अपने दु:ख को प्रकट नहीं कर पाते। शम्बूक का वध करने के लिए वे दण्डकारण्य पहुँचते हैं, जहाँ पंचवटी के दृश्य को देखकर विह्वल हो उठते हैं। भवभूति ने इस नाटक के तृतीय अंक में छाया-दृश्य की योजना की है, जिसमें सीता अदृश्य राम को देखती है। राम का भीतरी भाव यहाँ मुक्त रूप से प्रकट होता है। राम अयोध्या में अश्वमेध यज्ञ करते हैं। यज्ञ का अश्व भ्रमण करते हुए वाल्मीकि के आश्रम में पहुँचता है, जहाँ लव उसे पकड़ लेता है। लक्ष्मण का पुत्र चन्द्रकेतु अश्वरक्षक है, इसलिए लव से उसका युद्ध होता है। लव जृम्भास्त्र का प्रयोग करता है, जिससे राम की सेना सो जाती है। राम स्वयं युद्धभूमि में आकर अपने पुत्रों को पहचानते हैं। सप्तम अंक में अयोध्या में वाल्मीकि द्वारा रचित रामविषयक नाटक का अभिनय होता है, जिसमें सीता के परित्याग के बाद की घटनाएँ दिखाई जाती हैं। नाटक के बीच नाटक का यह प्रयोग गर्भनाटक कहलाता है। इसमें सीता को लोकापवाद से मुक्त करके राम से मिला दिया जाता है। इस प्रकार नाटक की सुखद परिणति होती है।

इस नाटक में भवभूति ने नाट्य तथा काव्य का अद्भुत सामंजस्य दिखाया है। इस नाटक का कथानक करुण रस से भरा है। इसमें निम्न कोटि का हास्य बिल्कुल नहीं है। *अभिज्ञानशाकुन्तल* में जहाँ आनन्द और सौन्दर्य का वातावरण है, वहाँ *उत्तररामचरित* गम्भीर और कारुणिक वातावरण प्रस्तुत करता है। इसलिए इस नाटक में वर्णित प्रकृति भी भयावह और विस्मय उत्पन्न करने वाली है। गम्भीरता, आध्यात्मिकता और दाम्पत्य-प्रेम की उदात्तता में भवभूति अद्वितीय हैं।

अपने तीन रूपकों में भवभूति एक योजना के अनुसार काम करते हैं। *महावीरचरित* जहाँ जीवन के प्रथम चरण से सम्बद्ध नायक और नायिका को चुनकर वीर रस को मुख्य रस बनाता है, वहाँ *मालतीमाधव* नायक-नायिका और शृङ्गार रस को प्रमुखता देता है।



Chapter-9.indd 94 12-08-2016 2:11:33 PM

*उत्तररामचरित* में नायक-नायिका की प्रौढ़ावस्था के कारण करुण रस को चुना गया है। इस प्रकार सम्पूर्ण जीवन को उन्होंने तीन नाटकों में व्यवस्थित किया है।

## भट्टनारायण का वेणीसंहार

इसके लेखक भट्टनारायण हैं। इनका समय सातवीं या आठवीं शताब्दी ई. है। भट्टनारायण बंगाल के राजा आदिशूर के द्वारा निमन्त्रित पाँच कान्यकुब्ज ब्राह्मणों में से एक थे। वेणीसंहार छ: अंकों का वीर रस प्रधान नाटक है। इसका कथानक *महाभारत* पर आश्रित है। दु:शासन द्वारा हाथों से घसीटकर द्यूतभवन में लाई गई द्रौपदी की वेणी (खुले केश) का दु:शासनवध के बाद भीम द्वारा रक्त-रंजित हाथों से बाँधा जाना इस नाटक का मुख्य कथानक है, जिससे इसका नामकरण भी हुआ है। भीम ने प्रतिज्ञा की थी कि जिस वेणी को दु:शासन ने खींचा है, उसे उसी के रक्त से रंजित हाथों से मैं बाँधूंगा। बहुत बड़ा कथानक हो जाने से कहीं-कहीं इसका स्वरूप कथात्मक हो गया है। भट्टनारायण ने भीम, द्रौपदी, कर्ण तथा अश्वत्थामा के चरित्र-चित्रण बहुत कुशलतापूर्वक किए हैं। नाटक के बीच में दुर्योधन और भानुमती के प्रेम का दृश्य बहुत प्रभावपूर्ण है, किन्तु विद्वानों ने नाटक के वीर रस प्रधान वातावरण में इसे अनुचित कहा है।

कथानक के संयोजन में नाटककार कोई योगदान नहीं कर सका है, किन्तु कुछ रोचक और प्रभावपूर्ण दृश्य उसने अवश्य दिए हैं। भट्टनारायण की शैली ओजोगुण से परिपूर्ण गौडी है, जिसमें लम्बे समास भरे हैं। वीर रस प्रधान होने के कारण इसकी बहुत प्रसिद्धि है। नाट्यशास्त्रियों ने इससे बहुत उद्धरण दिए हैं।

## अन्य नाटक

संस्कृत भाषा में लिखे गए नाटकों की संख्या हजार से भी अधिक है। इसमें प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है। रूपकों के विभिन्न भेदों की रचना संस्कृत में होती रही है। इस प्रकार प्रकरण, भाण, प्रहसन, व्यायोग इत्यादि विविध रूपकों का लेखन होता रहा है। सर्वाधिक प्रचलित रूपक नाटक ही है। संस्कृत में कुछ नाटक प्रतीकात्मक भी हैं, जो भावात्मक विषयों को (जैसे— मोह, काम, क्रोध, विवेक, शान्ति, भक्ति) पात्र बनाकर लिखे गए हैं। ऐसे नाटकों में जयन्त भट्ट (नवीं शताब्दी ई.) का *आगमडम्बर* अथवा *षण्मतनाटक*, कृष्णमिश्र (ग्यारहवी शताब्दी ई.) का *प्रबोधचन्द्रोदय*, यश:पाल (तेरहवीं शताब्दी ई.) का *मोहराजपराजय*, वेदान्तदेशिक (चौदहवीं शताब्दी ई.) का *संकल्पसूर्योदय*, कर्णपूर (सोलहवीं शताब्दी ई.) का *चैतन्यचन्द्रोदय* इत्यादि प्रमुख हैं।



Chapter-9.indd 95 12-08-2016 2:11:33 PM

भट्टनारायण के बाद जितने नाटककार हुए, उन्होंने प्राय: लक्षण-ग्रन्थों के आधार पर नाटक लिखे। इससे इस विधा का स्वाभाविक विकास समाप्त हो गया। ऐसे नाटककारों में मुरारि *(अनर्घराघव)*, दामोदर मिश्र *(हनुमन्नाटक)*, राजशेखर *(बालरामायण, बालभारत, कर्पूरमञ्जरी* तथा *विद्धशालभञ्जिका* इत्यादि प्रमुख हैं।

प्राचीन काल के चार भाणों का एक संग्रह मद्रास से 1922 ई. में प्रकाशित हुआ था। इसमें शूद्रक का पद्मप्राभृतक, वररुचि की *उभयाभिसारिका*, ईश्वरदत्त का *धूर्तविटसंवाद* तथा श्यामिलक का *पादताडितक* भाण थे। इनमें समाज के तथाकथित उच्च-वर्ग की विरूपता तथा निम्न-वर्ग का सजीव और रोचक चित्रण है। सातवीं शताब्दी के पल्लव नरेश महेन्द्रविक्रम का *मत्तविलासप्रहसन* तात्कालिक धार्मिक पाखण्ड का वर्णन करता है। बारहवीं शताब्दी ई. के वत्सराज ने छ: प्रकार के रूपकों की रचना की थी। ये हैं— *किरातार्जुनीय* (व्यायोग), *रुक्मिणीहरण* (ईहामृग), *त्रिपुरदाह* (डिम), *समुद्रमन्थन* (समवकार), *कर्पूरचरित* (भाण) तथा *हास्यचूडामणि* (प्रहसन)। इसी प्रकार विभिन्न युगों में विभिन्न प्रकार के रूपक लिखे गए।

आधुनिक काल में संस्कृत नाटकों के कथानक में विविधता पाई जाती है। महापुरुषों की जीवनी, प्रसिद्ध ऐतिहासिक घटनाएँ, राजनीतिक व्यवस्थाएँ, सामाजिक कुरीतियाँ इत्यादि विविध विषयों के कथानक नाटकों में लिए जाते हैं।



Chapter-9.indd 96 12-08-2016 2:11:33 PM

## ध्यातव्य बिन्दु

- रूपक दृश्य-काव्य का एक नाम है जिसके दस प्रकार हैं। रूपक के दस प्रकारों में नाटक सबसे प्रमुख है।
- आचार्य भरत ने नाट्यशास्त्र की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अनेक पौराणिक मतों को स्वीकार किया है। भरत मुनि के अनुसार ब्रह्मा ने नाट्य वेद को उत्पन्न किया और शङ्कर तथा पार्वती ने इसे समृद्ध किया।
- टी. गणपति शास्त्री ने भास के तेरह नाटकों की खोज की। जिसका विभाजन चार भागों में किया गया है—

| | | |
|---|---|---|
| (क) रामायण पर आश्रित— | 1. प्रतिमा | 2. अभिषेक |
| (ख) महाभारत पर आश्रित— | 1. बालचरित | 2. पञ्चरात्र |
| | 3. मध्यमव्यायोग | 4. दूतवाक्य |
| | 5. दूतघटोत्कच | 6. कर्णभार |
| | 7. ऊरुभंग | |
| (ग) उदयन की कथा पर आश्रित | 1. स्वप्नवासवदत्त | |
| | 2. प्रतिज्ञायौगन्धरायण | |
| (घ) कल्पित रूपक | 1. अविमारक | 2. चारुदत्त |

- कालिदास के तीन प्रमुख नाटक हैं— *मालाविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय* और *अभिज्ञानशाकुन्तल*
- अश्वघोष के द्वारा रचित शारिपुत्र प्रकरण में शारिपुत्र और मौद्गलायन के द्वारा बौद्ध धर्म स्वीकार किए जाने की कथा है।
- शूद्रक-रचित *मृच्छकटिक* दस अंकों का सामाजिक रूपक है।
- विशाखदत्त द्वारा रचित *मुद्राराक्षस* सात अंकों का राजनीतिक नाटक है।
- हर्ष ने तीन रूपक लिखे थे, जिसमें दो नाटिकाएँ— *प्रियदर्शिका* और *रत्नावली* तथा एक नाटक *नागानन्द* है।
- भवभूति ने तीन रूपक लिखे हैं, जिनमें *महावीरचरित* और *उत्तररामचरित* राम की कथा पर आश्रित नाटक हैं और *मालतीमाधव* प्रकरण है।
- भट्टनारायण ने *वेणीसंहार* की रचना की जिसकी विषयवस्तु महाभारत पर आधारित है।
- संस्कृत भाषा में अन्य नाटकों की संख्या हजार से अधिक है।



Chapter-9.indd 97 12-08-2016 2:11:33 PM

## अभ्यास-प्रश्न

प्र. 1. रूपक किसे कहते हैं? उसके भेदों का उल्लेख कीजिए।
प्र. 2. रूपकों में नाटक का स्थान बताइए।
प्र. 3. संस्कृत नाटक का उद्भव कैसे हुआ?
प्र. 4. नाट्यशास्त्र का लेखक कौन है?
प्र. 5. रूपकों की उत्पत्ति के सम्बन्ध में भरतमुनि ने क्या कहा है?
प्र. 6. *शारिपुत्रप्रकरण* को किस कथा के आधार पर लिखा गया?
प्र. 7. भास के सर्वाधिक प्रसिद्ध नाटक का नाम लिखिए।
प्र. 8. *मृच्छकटिक* किस प्रकार का रूपक माना जाता है? उसकी कथावस्तु का आधार क्या है?
प्र. 9. कालिदास ने कितने नाटक लिखे हैं? उनके नाम लिखिए।
प्र. 10. कालिदास का कौन-सा नाटक सारे संसार में प्रसिद्ध है और क्यों?
प्र. 11. *मुद्राराक्षस* नाटक की रचना किसने की? इसमें किन पात्रों के बीच संघर्ष हुआ?
प्र. 12. अन्य नाटकों और *मुद्राराक्षस* में क्या अन्तर है?
प्र. 13. भवभूति कौन थे? उनकी प्रसिद्धि का कारण बताइए।
प्र. 14. *उत्तररामचरित* में क्या वर्णन किया गया है? उसमें कितने अंक हैं?
प्र. 15. टिप्पणी लिखिए—
(क) गर्भनाटक
(ख) लव और कुश
(ग) चंद्रकेतु
(घ) वाल्मीकि
प्र. 16. हर्षवर्द्धन की सभा में कौन-कौन कवि थे?
प्र. 17. *प्रियदर्शिका* और *रत्नावली* नाटिकाएँ किसने लिखीं?
प्र. 18. भट्टनारायण किस समय में हुए? उनका कौन-सा नाटक प्रसिद्ध है?
प्र. 19. नीचे लिखे नाटकों के लेखकों के नाम लिखिए—
(क) प्रबोधचन्द्रोदय
(ख) मोहराजपराजय
(ग) प्रियदर्शिका
(घ) अनर्घराघव
(ङ) संकल्पसूर्योदय
(च) हनुमन्नाटक
प्र. 20. राजशेखर की रचनाएँ कौन-कौन सी हैं?
प्र. 21. वत्सराज ने कितने प्रकार के रूपकों की रचना की थी?
प्र. 22. आधुनिक संस्कृत नाटकों के कथानक किन विषयों पर आधारित हैं? स्पष्ट कीजिए।



Chapter-9.indd 98 12-08-2016 2:11:33 PM

## दशम अध्याय

# आधुनिक संस्कृत साहित्य

संस्कृत साहित्य की धारा निरन्तर प्रवाहित हो रही है। भारत में सम्राट् पृथ्वीराज के अनन्तर बारहवीं शताब्दी मुस्लिम शासनसत्ता स्थापित हो जाने के बाद राजदरबारों में अरबी-फारसी का वर्चस्व स्थापित हो गया, किन्तु संस्कृत में रचनाएँ होती ही रहीं। मुगलकाल में अनेक उत्कृष्ट महाकाव्य तथा अन्य रचनाएँ की गईं, जिनमें *आसफविलास:*, *जहाँगीरचरितम्*, *शेकशुभोदयम्*, *पारसीकप्रकाश:*, *चिमनीचरितम्* आदि मुख्य हैं।

कुछ विद्वानों का मानना है कि संस्कृत रचना का युग सत्रहवीं शताब्दी के साथ समाप्त हो गया। प्राय: लोग पण्डितराज जगन्नाथ को ही संस्कृत का अन्तिम कवि तथा अलंकारशास्त्री आचार्य मानते हैं। विद्वानों द्वारा लिखित संस्कृत साहित्य के इतिहास ग्रंथों ने इस भ्रान्ति को पुष्ट किया। ए.बी. कीथ, बलदेव उपाध्याय, चन्द्रशेखर पाण्डेय तथा कृष्णमाचारी आदि किसी भी लेखक ने अपने ग्रन्थ में उन्नीसवीं-बीसवीं शताब्दी ई. की रचनाधर्मिता को सम्मिलित नहीं किया है। स्वातंत्र्योत्तर-काल में इस ओर विद्वानों का ध्यान गया है। अनेक सत्य उभर कर सामने आये हैं, जैसे—

1. पिछली शताब्दी (1901–2000 ई.) से अब तक संस्कृत में प्राय: 350 महाकाव्यों की सर्जना हुई है। कुछ महाकाव्य तो 64 और 84 सर्ग के भी हैं।
2. पाश्चात्त्य काव्यशास्त्र की अनेक लोकप्रिय विधाएँ— गीतिकाव्य (Lyrical Poetry), लघुकथा (Short Story), उपन्यास (Novel), एकांकी (One- act play) तथा सानेट आदि उन्नीसवीं शताब्दी ई. अर्थात् ब्रिटिश शासनकाल में ही संस्कृत में भी लोकप्रिय हुईं तथा रचनाधर्म के रूप में भी प्रतिष्ठित हो गईं।

पं. अम्बिकादत्त व्यास ने उन्नीसवीं शताब्दी में ही अपना प्रसिद्ध उपन्यास शिवराजविजय लिखा। हरिदास सिद्धान्तवागीश, मूलशंकर माणिक्यलाल याज्ञिक तथा मथुरानाथ दीक्षित के नाटकों की रचना भी अगले चरण में हुई। उमापति द्विवेदी, काशीनाथ तथा हरिदास सिद्धान्तवागीश के महाकाव्य (*पारिजातहरण*, *रुक्मिणीहरण*) भी इसी काल की रचनाएँ हैं।

आधुनिक संस्कृत साहित्य की तीसरी सबसे बड़ी विशेषता थी— व्यवस्था के प्रति विद्रोह। यह विद्रोह 1835 ई. में लागू लार्ड मैकाले की भाषा नीति का परिणाम था। ज्ञातव्य है कि प्रारम्भिक चरण में गवर्नर जनरल हेस्टिंग्ज तथा कार्नवालिस ने संस्कृत को ही राजभाषा पद पर रखा। शासकीय संरक्षण पाते ही संस्कृत की प्रसुप्त रचनाधर्मिता पुन: प्रबुद्ध हो उठी। चार्ल्स विल्किंस ने *गीता* को अंग्रेजी में अनूदित किया। अंग्रेजी व्याकरण को *इंगलैण्डीयव्याकरणसार:* के रूप में प्रस्तुत किया गया। *विवादसारार्णव:* नामक एक कानून का ग्रन्थ हेस्टिंग्ज ने तैयार करवाया तथा स्वयं उसे अंग्रेजी में भी अनूदित किया। कार्नवालिस ने काशी में अपने रेजिडेण्ट लार्ड जोनाथन डंकन की संस्तुति पर 1791 ई. में बनारस संस्कृत पाठशाला की स्थापना की, जो आज सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के नाम से प्रसिद्ध है।

परन्तु लार्ड मैकाले ने संस्कृत को ब्रिटिश राज्य के विस्तार में बाधक माना तथा इंग्लैण्ड की संसद से नई भाषा नीति पारित करा दी। अब अंग्रेजी राजभाषा बन गई। इसका सम्पूर्ण भारत में घोर विरोध हुआ। ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, अप्पाशास्त्री राशिवडेकर, स्वामी दयानन्द सरस्वती तथा महर्षि अरविन्द आदि ने समय-समय पर संस्कृत का पक्ष लेकर घोर संघर्ष किया।

उन्नीसवीं शताब्दी की संस्कृत कविता में यही संघर्ष व्यवस्था के प्रति विद्रोह के रूप में अभिव्यक्त हुआ है। 1884 ई. में कांग्रेस की स्थापना के बाद यह संघर्ष 'स्वाधीनता संग्राम आन्दोलन' के रूप में परिवर्तित हो जाता है और सम्पूर्ण संस्कृत रचनाधर्मिता इसी एक बिन्दु पर केंद्रित हो उठती है।

कुछ लोग 'आधुनिक संस्कृत साहित्य' शीर्षक के औचित्य पर प्रश्न उठाते हैं। उनका तर्क यह है कि आधुनिकता किसका धर्म है? काल का अथवा साहित्य का? इसका उत्तर यही है कि अतीत, अनागत तथा वर्तमान— ये काल के ही धर्म हैं। परन्तु इन्हीं कालखण्डों से जुड़ा साहित्य भी उपचारवश प्राचीन, वर्तमान तथा भावी कहा जा सकता है। इस प्रकार 'आधुनिक संस्कृत साहित्य' का अर्थ हुआ आधुनिक काल से जुड़ा संस्कृत साहित्य।

अब दूसरा प्रश्न यह है कि 'आधुनिक काल' संस्कृत रचना में कब आया? इस सन्दर्भ में प्रो. राजेन्द्र मिश्र, डॉ. जगन्नाथपाठक एवं प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी आदि ने गहन विचार किया है। प्रो. राजेन्द्र मिश्र सन् 1784 ई. में सर विलियम जोन्स द्वारा अंग्रेजी में किए गए *अभिज्ञानशाकुन्तल* के अनुवाद से ही संस्कृत रचना में आधुनिक काल का अवतरण मानते हैं। इसके कई कारण हैं, जो क्रमश: प्रस्तुत हैं—



Chapter-10.indd 100 12-08-2016 2:45:08 PM

1. शाकुन्तल के अंग्रेजी अनुवाद से ही चिरकाल से अवरुद्ध संस्कृत रचनाधर्मिता का पुनरारम्भ हुआ। मौलिक सर्जना, समीक्षा, भाषान्तर तथा शोध की संभावना के द्वार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खुले।
2. संस्कृत को विश्वभाषा (Universal Language) की मान्यता मिली।
3. संस्कृत रचना में, पारम्परिक प्रतिपाद्य का स्थान नवयुगीन चेतना ने ले लिया।
4. पाश्चात्त्य जगत् के काव्यशास्त्रीय मानदण्ड संस्कृत में घुलमिल कर एकाकार हो गए।
5. आधुनिक संस्कृत साहित्य प्राचीन काव्य शास्त्रीय निर्देशों, बन्धनों तथा लक्षणों से मुक्त होकर लिखा जाने लगा।
6. आधुनिक सर्जना भाषा की सरलता, नवयुगीन सामाजिक चेतना से जुड़ाव, अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं की समीक्षा तथा वैदेशिक छन्दों एवं काव्यविधाओं की स्वीकृति के कारण उत्तरोत्तर लोकप्रिय हुई है।

आधुनिक संस्कृत साहित्य कविता, कहानी, नाट्य तथा समीक्षादि किसी भी क्षेत्र में भारत की अन्य भाषाओं में प्रणीत आधुनिक साहित्य के समक्ष अथवा उससे भी परतर प्रतीत होता है।

पहले सप्रमाण निरूपित किया गया है कि विगत एक सौ वर्षों की अवधि में संस्कृत साहित्य की सभी प्राचीन विधाओं के अतिरिक्त, पाश्चात्त्य साहित्य में प्रमुख विधाओं से भी प्रभावित साहित्य की रचना पर्याप्त परिमाण में हुई है। सम्पूर्ण भारत में विभिन्न विद्वानों तथा कवियों ने संस्कृत के सर्वांगपूर्ण विकास की दृष्टि से सहस्राधिक ग्रन्थों की रचना की है, जिनमें अनेक कृतियाँ प्रकाशित हैं। उन पर समीक्षा ग्रन्थ भी आधुनिक भाषाओं में लिखे गए हैं। यहाँ अब संस्कृत की मौलिक साहित्यिक कृतियों तथा उनके लेखकों का सामान्य निर्देश किया जा रहा है—

- **अर्वाचीन महाकाव्य**— साहित्यिक विधाओं में महाकाव्य रचना सबसे अधिक हुई है। न केवल प्राचीन कथानकों पर अपितु आधुनिक घटनाओं, महापुरुषों तथा ऐतिहासिक विषयों पर भी संस्कृत महाकाव्य प्राचीन लक्षणों का ध्यान रखते हुए लिखे गए हैं। उमापति द्विवेदी कृत *पारिजातहरण*; प्रभुनाथ शास्त्री कृत *गणपतिसम्भव*; कृष्ण प्रसाद शर्मा कृत *श्रीकृष्णचरितामृत*; विन्ध्येश्वरी प्रसाद कृत *कर्णार्जुनीय*; वसन्त त्र्यम्बक शेवडे कृत शुम्भवध; काशीनाथ द्विवेदी कृत रुक्मिणीहरण; रेवाप्रसाद



Chapter-10.indd 101 12-08-2016 2:45:08 PM

द्विवेदी कृत *सीताचरित*; राजेन्द्रमिश्र कृत *वामनावतरण* तथा *जानकीजीवन* इत्यादि प्राचीन कथाओं पर आधुनिक दृष्टिकोण से रचे गए महाकाव्य हैं।

अन्य कथानकों पर आश्रित महाकाव्यों में श्रीधर भास्कर वर्णेकर कृत *शिवराज्योदय*; उमाशंकर त्रिपाठी कृत *छत्रपतिचरित*; माधव श्रीहरि अणे कृत *तिलकयशोऽर्णव*; सत्यव्रतशास्त्री कृत *बोधिसत्त्वचरित* एवं *इन्दिरागान्धिचरित;* विश्वनाथ केशव छत्रे कृत *सुभाषचरित;* ब्रह्मानन्दशुक्ल कृत नेहरूचरित; साधुशरणमिश्र कृत गान्धिचरित; पद्मशास्त्री कृत *लेनिनामृत;* रेवाप्रसाद द्विवेदी कृत *स्वातन्त्र्यसम्भव;* वसन्त त्र्यम्बक शेवड़े कृत *स्वामिविवेकानन्दचरित;* रामकुबेर मालवीय कृत *मालवीयचरित;* हरिहरप्रसाद द्विवेदी कृत *गोस्वामितुलसीदासचरित;* द्विजेन्द्रनाथ शास्त्री कृत *स्वराज्यविजय;* शिवगोविन्द त्रिपाठी कृत *गान्धिगौरव;* अमीरचन्द्रशास्त्री कृत *नेहरूचरित;* रामभद्राचार्य कृत *भार्गवराघवीय* ओगेटि परीक्षित शर्मा कृत *प्रतापरायनीय*; जी. बी. पलसुले कृत *वीरसावरकरचरित* इत्यादि उल्लेखनीय हैं।

- **खण्डकाव्य**— गीतिकाव्य आधुनिक काल में अपेक्षाकृत लघुकाव्य तथा गीत्यात्मक काव्य भी पर्याप्त रूप से लिखे गए हैं। संस्कृत पत्रिकाओं में प्रकाशित प्रकीर्ण काव्यों की संख्या भी निरंतर प्रवर्धमान है। कुछ गीतों तथा काव्यों में नवीन दृष्टि तथा छन्द के बन्धन को शिथिल करने की प्रवृत्ति भी प्राप्त होती है, फिर भी अधिसंख्य कवि प्राचीन छन्दों तथा गीतों के रूप में ही संस्कृत रचनाएँ करते हैं, भाव की दृष्टि से उनमें प्रत्यग्रता तथा नवीनता अवश्य रहती है। ऐसे काव्यों में विषयवस्तु का वैविध्य दिखाई पड़ता है।

आधुनिक खण्डकाव्यों में म. म. भट्टमथुरानाथशास्त्री कृत *गीतवैभव;* क्षमाराव कृत *सत्याग्रहगीता;* सत्यव्रत शास्त्री कृत *थाइदेशविलास*, *शर्मण्यदेश*, *सुतरां विभाति* (जर्मनी की यात्रा का वर्णन); आचार्यबच्चूलाल अवस्थी कृत *प्रतानिनी;* श्रीधर भास्कर वर्णेकर द्वारा रचित *भारतरत्नशतक*, *रामकृष्णपरमहंसीय, स्वातन्त्र्यवीरशतक* इत्यादि; जगन्नाथ पाठक कृत *कापिशायनी* एवं *आर्यासहस्राराम;* बटुकनाथ शास्त्री कृत *कल्लोलिनी;* शिवजी उपाध्याय कृत *शक्तिशतक* तथा *कुम्भशतक;* राधावल्लभ त्रिपाठी कृत *सम्प्लव, सन्धान, लहरीदशक, शारदापाद किङ्किणी* एवं आवाहन; भारतभारती तथा राजेन्द्रमिश्र प्रणीत वाग्वधूटी, मृद्वीका, श्रुतिम्भरा एवं मत्तवारणी; शालभञ्जिकादि; श्रीनिवास रथ कृत *तदेव गगनं सैव धरा*; भास्कराचार्य त्रिपाठी कृत, *लघुरघुकाव्य;* हरिदत्तशर्मा कृत



Chapter-10.indd 102 12-08-2016 2:45:08 PM

*गीतकन्दलिका*, उत्कलिका, *लसल्लतिका* एवं *निर्झरिणी* जनार्दन प्रसाद पाण्डेयमणि कृत *निस्यन्दिनी*, *रागिणी*; रमाकान्त शुक्ल कृत *भाति मे भारतम्*; इच्छाराम द्विवेदी कृत *गीतमन्दाकिनी;* हर्षदेव माधव कृत *निष्क्रान्ता:* सर्वे: कालोऽस्मि: रामसुमेर यादव कृत इन्दिरासौरभम्; निरञ्जन मिश्र कृत *केदारघाटी*, *विधवा वभूव* आदि उल्लेखनीय हैं।

आधुनिक संस्कृत गीतिकारों में जानकीवल्लभ शास्त्री अपनी अभिनव दृष्टि के कारण विशेष उल्लेखनीय हैं। *काकली* (1935) इनकी गीतियों का सुन्दर सङ्कलन है। इनका अन्य काव्य *बन्दीमन्दिर* कालिदास के *मेघदूत* की भावदृष्टि से अनुप्राणित है। *मेघदूत* की अनुकृति पर दूतकाव्यों की रचना आधुनिक युग में भी पर्याप्त रूप से हुई है, जैसे— श्रीनारायणरथ कृत कपोतदूत; अभिराजराजेन्द्र कृत *मृगाङ्कदूत;* राजगोपाल आयंगर कृत *काकदूत;* दयानिधिमिश्र कृत *सूर्यदूत* इत्यादि। पण्डित रामावतार शर्मा ने *मेघदूत* के विडम्बनाकाव्य (Parody) के रूप में *मुद्गरदूत* की रचना 1910 ई. में की थी।

- **गद्यकाव्य**— आधुनिक गद्यकाव्य भाषा शैली की दृष्टि से कई धाराओं में विभक्त हैं। कुछ लेखक बाणभट्ट की पाञ्चाली शैली को अपना आदर्श मानते हैं, तो कुछ दण्डी की सरल तथा ललित पदावली में आस्था रखते हैं। कुछ लेखक सर्वथा अलंकार रहित विशुद्धोक्ति का विन्यास करते हैं। सामान्यत: आधुनिक संस्कृत निबन्धों में तथा कुछ लघुकथाओं में यही शैली मिलती है। राजेन्द्र मिश्र ने पुनर्नवा कथा संग्रह की भूमिका में आधुनिक गद्य-निर्मित के चार रूप निर्णीत किए हैं— लघुकथा, दीर्घकथा, कथानिका (कहानी) तथा उपन्यास (प्राचीन विधा की कथा तथा आख्यायिका)।

जहाँ तक गद्यकाव्य की विधाओं का प्रश्न है, इस विषय में आधुनिक संस्कृत गद्य लेखक पाश्चात्त्य साहित्यधारा से अधिक प्रभावित हैं। तदनुसार उपन्यास तथा लघुकथा जैसी विधाएँ संस्कृत में भी बहुत लोकप्रिय हैं। कथा एवं आख्यायिका के रूप में जो प्राचीन गद्य विधाएँ थीं, वे प्राय: उपेक्षित हैं।

आधुनिक संस्कृत गद्यकाव्यों में पण्डित अम्बिकादत्त व्यास लिखित *शिवराजविजय;* पंडिता क्षमाराव कृत *कथामुक्तावली* एवं *विचित्रपरिषद्यात्रा;* श्रीपाद हसूरकरकृत उपन्यास *दावानल, सिन्धुकन्या, अजातशत्रु* तथा *चैन्नम्मा;* मेधाव्रत रचित कुमुदिनीचन्द्र; श्रीकृष्ण गोस्वामी कृत *उद्वेजिनी* तथा *आम्रपाली;* केशवचन्द्रदाश कृत *शीतलतृष्णा, दिशा-विदिशा* आदि; रामजी उपाध्याय कृत *द्वासुपर्णा* तथा *पाथेय*; रामशरण त्रिपाठी कृत

*कौमुदीकथाकल्लोलिनी* (सिद्धान्तकौमुदी के नियमों के उदाहरणों के रूप में रचित); रामकरण शर्मा कृत *सीमा* तथा *रयीश;* मोहनलाल शर्मा कृत *पद्मिनी;* रामसुमेर कृत *बज्रमणि* उपन्यास इत्यादि प्रमुख हैं। संस्कृत लघुकथाओं के अनेक सङ्कलन प्रकाशित हैं, जिनमें राजेन्द्र मिश्र प्रणीत *चित्रपर्णी* उल्लेखनीय है। आधुनिक कथाकारों में राधावल्लभ त्रिपाठी, राजेन्द्र मिश्र, प्रभुनाथ द्विवेदी, प्रशस्यमित्र शास्त्री, बनमाली बिस्वाल, अशोक पुरनाटुकर आदि प्रमुख हैं।

- **आधुनिक नाट्य रचनाएँ**— आधुनिक संस्कृत साहित्यकारों ने विपुल मात्रा में संस्कृत नाट्यकृतियों की रचनाएँ की हैं। बहुत-सी रचनाओं का अभिनय भी विभिन्न विशिष्ट अवसरों पर होता रहता है। कुछ नाट्यकृतियाँ इसी उद्देश्य से लिखी गई हैं। इनमें कहीं-कहीं आधुनिक सामाजिक समस्याओं का भी चित्रण किया गया है। कुछ नाटकों की रचना आधुनिक तथा मध्यकालीन महापुरुषों के जीवनचरित को लेकर की गई हैं। अनेक नाटक प्राचीन कथाओं को भी अभिनव दृष्टि से प्रस्तुत करते हैं। प्रमुख संस्कृत रूपकों में मथुरा प्रसाद दीक्षित कृत *वीरप्रताप, शंकरविजय, गान्धिविजय* एवं भारतविजय; हरिदाससिद्धान्तवागीश कृत *मेवाड़प्रताप, बंगीयप्रताप* एवं *शिवाजीचरित*; रामजी उपाध्याय कृत सीताभ्युदय एवं *कैकेयीविजय*; रेवाप्रसाद द्विवेदी कृत *यूथिका, सप्तर्षि-कांग्रेस*; वासुदेव द्विवेदी कृत *भोजराजसंस्कृतसाम्राज्य;* राजेन्द्र मिश्र कृत *प्रमद्वरा*, *विद्योत्तमा*, *प्रशान्तराघव* तथा *लीलाभोजराम, चतुष्पथीय* आदि राधावल्लभत्रिपाठी कृत *प्रेमपीयूष तण्डुलप्रस्थीय, प्रेक्षणसप्तक* (एकांकी) आदि हैं। दीपक भट्टाचार्य कृत *धरित्रीपति-निर्वाचन* (राजनीति की मूल्यहीनता पर आधारित); वीरेन्द्रकुमारभट्टाचार्य कृत *शार्दूलशकट, वेष्टनव्यायोग* (घेराव और हड़ताल पर आश्रित), *लक्षणव्यायोग* (नक्सलवाद का चित्रण), *शरणार्थिसंवाद* (बांग्लादेशी शरणार्थी समस्या पर) तथा शिवजी उपाध्याय कृत *यौतक* (दहेज पर आधारित), *स्वातन्त्र्यशौर्य, प्रतिभापलायन, कालकूट* (ड्रग्स पर आश्रित) विषयवस्तु की नवीनता की दृष्टि से उल्लेखनीय हैं। राजेन्द्र मिश्र कृत *प्रत्यक्षरौरव* में अपराध समस्या, *क्रीतानन्द* में भिक्षा समस्या, *वादनिर्णयन* में झूठे मुकदमों की समस्या तथा *स्वयंवरकेन्द्र* में कन्या विवाह समस्या पर प्रकाश डाला है। कुछ लेखकों ने बहुत अधिक संख्या में एकांकी नाटक, प्रहसन इत्यादि के द्वारा संस्कृत नाट्यसाहित्य को समृद्ध किया है, उदाहरणार्थ— राजेन्द्रमिश्र ने लगभग 75 ऐतिहासिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक तथा व्यंग्यात्मक एकांकी लिखे हैं। हास्य-व्यंग्य-प्रधान प्रहसनों में



Chapter-10.indd 104 12-08-2016 2:45:08 PM

वेंकटाचलम् कृत *विकटकवि*; के.के.आर. नायर कृत *आलस्यकर्मीय;* बटुकनाथ शर्मा कृत *पाण्डित्यताण्डव*; मधुसूदन कृत *पण्डितचरितप्रहसन;* महालिंगशास्त्री *कृत मर्कटमर्दलिका*; राधावल्लभ कृत *मशकधानी*; राजेन्द्रमिश्र कृत नवरसप्रहसन, मण्डूकप्रहसन, इन्द्रजाल तथा वाणीघटकमेलक इत्यादि प्रमुख हैं। संस्कृत नाट्यों की प्रस्तुति आकाशवाणी तथा दूरदर्शन जैसे संचार-साधनों के द्वारा निरन्तर होती रहती है। आदि शंकराचार्य तथा *भगवद्गीता* जैसे पूर्ण चलचित्रों का संस्कृत में निर्माण करके संस्कृत की जनप्रियता की सिद्धि श्री जी.वी. नैयर ने सम्यक् रूप से की है।

- **पत्र-पत्रिकाएँ**— आधुनिक संस्कृत साहित्य को संस्कृत पत्रकारिता का बहुत बड़ा योगदान है। इस समय संस्कृत पत्रकारिता अपने शिखर पर पहुँच चुकी है। वस्तुत: संस्कृत पत्रकारिता अन्य भाषाओं की तुलना में कुछ विशिष्ट महत्त्व रखता है। संस्कृत पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से ही आज कन्याकुमारी से हिमालय तक भारत सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, भौगोलिक ऐक्यक अनुभव कर रहा है। संस्कृतपत्रकारिता का आविर्भाव उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम चरण में (वर्ष 1866) हुआ। काशी के क्वीसिंह कॉलेज के प्राचार्य सर ग्रिफिथ ने *काशीविद्यासुधानिधि* नामक पत्रिका (जिसका प्रचलित नाम 'पण्डितपत्रिका' था) का शुभारम्भ किया। किन्तु इस पत्रिका के माध्यम से केवल आङ्ल दार्शनिक ग्रन्थों तथा अन्य महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का संस्कृतानुवाद अथवा विशिष्ट विषय-प्रतिपादक अन्य ग्रन्थ ही प्रकाशित होते थे। वस्तुत: इस पत्रिका का प्रमुख उद्देश्य था दुर्लभ एवं अप्रकाशित ग्रन्थों का प्रकाशन। इस पत्रिका में अनेक प्राचीन प्रामाणिक संस्कृत ग्रन्थ प्रकाशित हैं। इस प्रकार पत्रकारिता के अनेक विशिष्ट लक्षण इस पत्रिका में दृष्टिगोचर नहीं होते थे।

  अत: संस्कृत पत्रकारिता का उद्भव वर्ष 1873 में पंडित हृषिकेश भट्टाचार्य के सम्पादकत्वन में लाहौर से प्रकाशित *विद्योदय* नामक मासिक पत्र से हुआ मानना अधिक युक्तिसंगत है। यही मासिक पत्रिका बाद में बङ्गप्रदेश से प्रकाशित हुई, जिसके माध्यम से कविता, कथा, ललित निबन्ध, समाचार-पत्र आदि का प्रकाशन होने लगा। इसी वर्ष पटना-जनपद के बांकीपुर से दामोदर शास्त्री ने *विद्यार्थी* नामक संस्कृत-मासिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ किया। इतिहास विदों का मानना है कि वर्ष 1875 में *षड्-दर्शनचिन्तंनिका, प्रयागधर्म-प्रकाश:, षड्धर्मामृतवर्षिणी* आदि तीन पत्रिकाओं का प्रकाशन होने लगा।



Chapter-10.indd 105 12-08-2016 2:45:08 PM

वर्ष 1879 में *कामधेनुः*, वर्ष 1881 में *विद्यार्थी*, वर्ष 1882 में *काव्य नाटकादर्श*, वर्ष 1885 में *ब्रह्मविद्या*, वर्ष 1888 में *विद्यामार्तण्डः*, *ग्रन्थमाला* और *आर्यसिद्धान्ताः* नाम से तीन संस्कृत-पत्रिकाएँ प्रकाशित हुई। इसके बाद वर्ष 1888 में केरल से *विज्ञान-चिन्तामणिः* 1889 में *उषा*, वर्ष 1891 में *मानवधर्म-प्रकाशः*, वर्ष 1893 में *संस्कृत-चन्द्रिका*, वर्ष 1895 में *कविः*, वर्ष 1899 में *शास्त्रहमुक्तावली*, वर्ष 1900 में *देवगोष्ठी*, *विद्यार्थिचिन्तामणिः* वर्ष 1901 में *भारतधर्मः*, *ग्रन्थप्रदर्शिनी*, *श्रीकाशी* वर्ष 1902 में *रसिकरञ्जिनी*, वर्ष 1903 में काशी से *सूक्तिसुधा*, वर्ष 1904 में *मित्रगोष्ठीष*, वर्ष 1904 में जयपुर से *संस्कृंतरत्नोकरः*, वर्ष 1905 में *मिथिलामोदः, विशिष्टाद्वैतिनी* और *विद्वद्गोष्ठीर* वर्ष 1906 में *सूनृतवादिनी* नामक साप्ताहिक संस्कृत पत्रिका काशी से प्रकाशित हुईं। इसी वर्ष *केरल-ग्रन्थमाला, सद्धर्मः, प्रकटनपत्रिकाएँ, वीरशैवप्रभाकरः, बालमनोरमा, विद्यावती, वीरशैवमतप्रकाशः, विश्श्रुतम्, विद्वन्म्नोरञ्जनी* इत्यादि संस्कृत-पत्रिकाएँ प्रकाशित हुईं। 1 जून 1907 में त्रिवेन्द्रम से *जयन्तीं* नामक प्रथम संस्कृत-दिनपत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ। इसी वर्ष *षड्दर्शिनी*, 'संस्कृरतम्' नामक पत्रिकाओं का प्रकाशन हुआ।

वर्ष 1914 में *बहुश्रुतम्*, वर्ष 1915 में *गीर्वाणभारती,* वर्ष 1918 में *संस्कृत साहित्य परिषद्*, वर्ष 1927 में काशी से *ब्राह्मण-महासम्मेलनम्* वर्ष 1934 में *संस्कृतपद्यवाणी*, हैदराबाद से, *कौमुदी* बङ्गल के धुलजोड़ा से *संस्कृत-साहित्यम्,* वर्ष 1935 में बेलगाम से *मधुरवाणी* कोलकाता से *मञ्जूषा* वर्ष 1936 में हरिद्वार से *दिवाकर*, वर्ष 1937 में मुम्बुई के भारतीयविद्याभवन से *भारतीविद्या* वर्ष 1939 में *ज्योमतिष्म्ती* नाम से सचित्र हास्य परक संस्कृतपत्र प्रकाशित हुए। वर्ष 1941 में *अमृतवाणी* नाम से वार्षिक पत्रिका बैंगलूरू से प्रकाशित हुई। वर्ष 1942 में *सरस्वशतीसुमनः* नाम से वाराणसेय-संस्कृति-विश्वविद्यालय से एक संस्कृत पत्रिका प्रकाशित हुई। वर्ष 1944 में काशी से *अमरभारती* नाम से पत्रिका प्रकाशित हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य था राष्ट्रभाषा रूप में संस्कृत को ही प्रतिष्ठापित करना। वर्ष 1947 में *वार्तापत्र-अन्वी क्षणसमिति* (Press Enquiry Committee) की संरचना हुई। इस समिति द्वारा आदिष्ट् था कि संविधान सभा के 'मौलिक अधिकारों' को ध्यान में रख कर वार्तापत्रों की नियमावली की समीक्षा करनी होगी।



Chapter-10.indd 106 12-08-2016 2:45:08 PM

इस प्रकार ऊपर वर्णित इन प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में राष्ट्र के संस्कृत कवि, लेखक एवं पत्रकारों के कथा-साहित्य प्रकाशित हुए। भारत में सर्वप्रथम संस्कृत-पत्रिकाओं का विवरण डा. अर्नेस्ट हास ने दिया पत्रिकाओं का सामान्य परिचय देकर। बाद में मैक्समूलर ने स्व्कीय ग्रन्थ में संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन विषय का उल्लेख किया। उन्होंने लिखा कि "संस्कृत ही एक ऐसी भाषा है जो आज भी देश के एक प्रदेश से अन्य प्रदेश तक लोगों के द्वारा बोली एवं समझी जाती है।" एल.डी. बर्नेट् ने अपने ग्रन्थ में पत्र-पत्रिकाओं का यथाशक्य विवरण दिया, जो वर्ष 1886 ई. से 1928 ई. तक प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं का ही है।

विपुलता की दृष्टि से तथा विविधता की दृष्टि से आधुनिक संस्कृत लेखनों को नवीन स्वरूप प्रदान करने का कार्य जो इन पत्रिकाओं ने किया। उनके विशिष्ट संकेत हम इन तथ्यों से पा सकते हैं कि हमारे पास कुछ इस प्रकार की विद्या थी जो पूर्व से अज्ञात थी परन्तु पत्रकारिता के कारण संस्कृत भाषा में प्रसिद्धि पाईं। पुस्तक समीक्षा कार्य, समाचार समीक्षा कार्य, ललित निबन्ध लेखन कार्य, व्यंग्य-विनोद लेखन कार्य आदि विविध कार्य पत्रकारिता का ही फलस्वरूप हैं। विद्वानों का मानना है कि व्यंग्य विनोद-लेखन का प्रारंभ जयपुर से प्रकाशित *संस्कृत रत्नाकर:* के माध्यम से सम्पादक स्व. भट्टमथुरानाथ शास्त्री ने किया है। शास्त्री जी ने पत्रिका के रिक्तस्थानों में विनोदवाटिका इस शीर्षक से व्यंग्य-विनोद लेखन का प्रकाशन प्रारम्भ किया था। इस प्रकार विश्व में कार्टूनों का स्थान शिखर प्राप्त है, पर वह पत्रकारिता का ही अभूतपूर्व फल है। कार्टून एवं हास्य-विनोद आदि विनोदविधा ने आधुनिक संस्कृत साहित्य में किसी एक विधा का प्रतिनिधित्व करते हुए गौरवास्पद स्थान प्राप्त किए हैं।

आधुनिक स्वतन्त्र भारत में संस्कृत पत्रकारिता के क्षेत्र में अनेक नूतन मासिक, द्वैमासिक, साप्ताहिक, पाक्षिक संस्कृत-पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही हैं। पर स्वतन्त्रतापूर्व काल में ऐसी स्थिति नहीं रही। संस्कृत में दैनिक वार्तापत्र का प्रकाशन सर्वथा दुष्कर कार्य था। तथापि 1 जनवरी 1907 से *जयन्ती* नामक प्रथम संस्कृत दिनपत्र केरल के त्रिवेन्द्रम नगर से प्रकाशित हुआ। कोमल मारुताचार्य और लक्ष्मी नन्द स्वामी इस संस्कृत दैनिकपत्र के सम्पादक रहे। किन्तु अर्थाभाव के कारण कुछ दिनों के बाद ही इस पत्र का प्रकाशन स्थगित हो गया।



Chapter-10.indd 107 12-08-2016 2:45:09 PM

अब तक अपने ही देश में 300 से अधिक संस्कृत पत्रिकाएँ (जिन में से कुछ ऑनलाइन भी हैं) संस्कृत भाषा में प्रकाशित हो चुकी हैं। उनमें से 100 से अधिक तो आज की तिथि में प्रकाशित हो रही हैं और पढ़ी भी जा रही हैं। इनमें से कुछ पत्रिकाएँ वार्षिक हैं तो कुछ दैनिक भी हैं। स्वातन्त्र्योत्तरकाल में संस्कृत पत्रकारिता के क्षेत्र में दैनिक (मैसूर से *सुधर्मा*, कानपुर से *नवप्रभातम्* आदि), साप्ताहिक (वाराणसी से गाण्डीवम्, अयोध्या से *संस्कृत-साकेतम्* आदि), पाक्षिक (मुम्बई से संविद, *संस्कृतभवितव्यतम्* आदि), मासिक (जयपुर से भारती, बेंगलुरू से *सम्भाषणसन्देश:*, लखनऊ से सर्वगन्धा, वाराणसी से *सूर्योदय:* आदि), द्वैमासिक (वालेशोर से *अमृतभाषा*, पुरी से *लोकभाषासुश्री* आदि), त्रैमासिक (जयपुर से *स्वररमङ्गला*, लखनऊ से *अजस्रा* आदि), षाण्मासिक (प्रयाग से *कथासरित्* तथा भोपाल से *पद्यबन्ध* आदि) तथा वार्षिक (नई दिल्ली से संस्कृत *प्रतिभा* आदि) संस्कृत पत्रिकाओं का प्रकाशन नियमित हो रहा है। प्रयाग से ही 1999 से आज तक आधुनिक संस्कृत साहित्य की समीक्षा पत्रिका प्रकाशित हो रही है। इसके अतिरिक्त 100 से अधिक शोधपत्रिकाएँ हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत तीनों भाषाओं में प्रकाशित हो रही हैं।



Chapter-10.indd 108 12-08-2016 2:45:09 PM

## ध्यातव्य बिन्दु

- पण्डितराज जगन्नाथ (सत्तरहवीं शताब्दी ई.) के बाद भी रचनाकार्य आज तक जारी है।
- फ़ारसी और अंग्रेजी को राजभाषा पद मिलने एवं राष्ट्रीय संरक्षण के अभाव में संस्कृत रचना में शैथिल्य।
- वृहद भारतीय जनता के संस्कृत से अनुराग के कारण संस्कृत की प्रतिष्ठा में निरन्तरता।
- बिहार, बंगाल व ओडिशा में ब्रिटिश शासकों द्वारा संस्कृत को राजभाषा पद की प्राप्ति।
- 1784 ई. में सर विलियम जोन्स द्वारा कालिदास के नाटक अभिज्ञानशाकुन्तल का अंग्रेजी में अनुवाद तथा यहीं से संस्कृत का आधुनिक काल आरम्भ।
- 1793 ई. में जॉन फोस्टर द्वारा जोन्स के अनुवाद का जर्मन भाषा में रूपान्तर।
- जर्मन कवि गेटे द्वारा शाकुन्तल नाटक की भूरि-भूरि भावपूर्ण प्रशंसा।
- आधुनिक काल में महाकाव्य, खण्डकाव्य, नाटक, एकांकी, कथानिका, लघुकथा, उपन्यास आदि के रूप में लेखन कार्य जारी।
- आधुनिक साहित्य में आदर्शवाद के साथ यथार्थ का समाधानपरक चित्रण।
- आधुनिक रचनाओं में व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व के परिदृश्य की संवेदना का बहुल अङ्कन।
- आधुनिक संस्कृत साहित्य में अन्य भाषाओं की प्रख्यात कृतियों का संस्कृतानुवाद।

## अभ्यास-प्रश्न

प्र.1. नीचे लिखी रचनाओं के लेखकों के नाम लिखिए—

(क) *पारिजातहरण*

(ख) *श्रीकृष्णचरितामृत*

(ग) *रुक्मिणीहरण*

(घ) *सीताचरित*

(ङ) *जानकीजीवन*

प्र. 2. नीचे लिखी रचनाओं की काव्यविधा को लिखिए—

(क) *वामनावतरण*

(ख) *गणपतिसम्भव*

(ग) *बोधिसत्त्वचरित*

(घ) *सन्ध्या*

(ङ) *कुम्भशतक*

प्र. 3. गद्यकाव्य और लेखकों को मिलाइए—

| **गद्यकाव्य** | **लेखक** |
|---|---|
| कथामुक्तावली | रामकरण शर्मा |
| दावानल | रामशरण त्रिपाठी |
| नलिनी | क्षमाराव |
| कौमुदीकथाकल्लोलिनी | रामनपिल्लई |
| सीमा | श्रीपादहसूरकर |

प्र. 4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) रेवा प्रसाद द्विवेदी कृत ................................. महाकाव्य है।

(ख) संस्कृत लघु कथा संग्रह ................................. से प्रकाशित है।

(ग) शार्दूलशकट वीरेन्द्रकुमार भट्टाचार्य कृत .................................... है।

(घ) राधावल्लभ त्रिपाठी कृत ................................. नाटक है

(ङ) प्रमद्वरा नाटक ................................. रचित है।

प्र. 5. नीचे लिखे लेखकों की रचनाओं के नाम लिखिए—

शिवजी उपाध्याय

रामावतार शर्मा

जानकी वल्लभ शास्त्री

बटुकनाथ शास्त्री

राजेन्द्रमिश्र

प्र.6. संस्कृत चलचित्रों का नामोल्लेख कीजिए।



Chapter-10.indd 110 12-08-2016 2:45:09 PM

## एकादश अध्याय

# संस्कृत कवयित्रियाँ

कवयित्री का तात्पर्य है काव्य रचना करने वाली महिला। पुरुषों की ही तरह महिलाएँ भी काव्य रचना करती रही हैं। कुछ कवयित्रियों ने तो स्फुट पद्य ही लिखे परन्तु कतिपय ने उत्कृष्ट कोटि की प्रबन्ध रचनाएँ भी की, जिनमें महाकाव्य तथा चम्पू काव्यादि सम्मिलित हैं।

कवयित्रियों की परम्परा वैदिक युग में ही प्रारम्भ हो गई थी। *ऋग्वेद* में जहाँ मंत्रद्रष्टा ऋषियों के दर्शन होते हैं, वहीं अपाला, विश्ववारा, काक्षीवती, घोषा आदि ऋषियों की पुत्रियाँ एवं लोपामुद्रा आदि ऋषिपत्नियाँ वेद मन्त्रों का दर्शन करने वाली ऋषिकाओं के रूप में दृष्टिगत होती हैं। श्रद्धा, कामायनी, शची, पौलोमी तथा अदिति आदि देवकोटि की कवयित्रियाँ हैं। सार्पराज्ञी आदि को हम देवमानवेतर कोटि की ऋषिका मान सकते हैं।

पुरुष कवियों की ही तरह इन कवयित्रियों ने भी अपनी कविता में अद्भुत संवेदनाएँ प्रकट की हैं। कहीं अम्भृण ऋषि की कन्या ब्रह्मसाक्षात्कार-जन्य अपनी गहन आध्यात्मिक अनुभूतियों को व्यक्त करती है, तो कहीं शची इन्द्राणी सपत्नी-निवारण जैसे लौकिक विषय की चर्चा करती है। शची की भावनाएँ सामान्य नारी मनोविज्ञान से जुड़ी हैं। वह अपने सौभाग्य को कथमपि खण्डित नहीं देखना चाहती। अपाला महामुनि कृशाश्व की पत्नी तथा अत्रि की पुत्री है। वह शरीरदोष के कारण पति-परित्यक्ता है। उसकी कविता में उसकी जीवनव्यथा अनुस्यूत है। अश्विनी कुमारों की असीम कृपा से अपाला पुनः सौभाग्यवती बन जाती है।

वैदिक कवयित्रियों की यही परम्परा लौकिक संस्कृत कविता में भी सतत रूप से मिलती है। *रामायण, महाभारत* तथा *पुराणों* के अनन्तर संस्कृत कविता उत्तरोत्तर समाज सापेक्ष होती चली गई है। कवियों ने देव संस्कृति तथा देव समाज के साथ ही साथ मानव संस्कृति तथा मानव समाज को भी कविता का विषय बनाना प्रारंभ किया। यद्यपि कविता की इस धारा में वर्चस्व तो पुरुष कवियों का ही दिखाई देता है, तथापि सांस्कारिकी

कवि प्रतिभा से युक्त कुछ महिलाएँ भी पुरुषों के समकक्ष काव्य सर्जना में निरत दिखाई देती हैं। जिनमें विज्जका (विज्जिका, विजयाङ्का), शिलाभट्टारिका, मधुरवाणी, मारुला, मोरिका, विकटनितम्बा, देवकुमारिका, फल्गुहस्तिनी, तिरुमलाम्बा, रामभद्राम्बा तथा प्रभुदेवी आदि प्रमुख हैं।

इन कवयित्रियों में अधिकांश के तो स्फुटपद्य मात्र मिलते हैं जो परवर्ती आलंकारिकों द्वारा उद्धृत किये गये हैं। दशम शताब्दी ई. में उत्पन्न आचार्य राजशेखर की पत्नी *अवन्तिसुन्दरी* तो काव्यशास्त्रिय चिन्तन में भी अग्रसर थीं। स्वयं राजशेखर ने काव्यमीमांसा में, अवन्तिसुन्दरी के मतों तथा सिद्धान्तों की सोदाहरण व्याख्या की है। *गंगादेवी ने मधुराविजयमहाकाव्य,* रामभद्राम्बा ने *वरदाम्बिकापरिणय* चम्पू तथा *तिरुमलाम्बा* ने *वीरकम्परायचरित* की रचना कर अपनी प्रबन्धात्मक सर्जना प्रतिभा का भी परिचय दिया है। तंजौर-नरेश रघुनाथनायक की सभा कवयित्री मधुरवाणी ने नरेश द्वारा लोकभाषा में प्रणीत *रामायण* का संस्कृत में रूपान्तर किया था। *यादवराघवपाण्डवीयम्* के रचनाकार पं. अनन्ताचार्य की पुत्री त्रिवेणी की वेदान्त दर्शन में अबाधित गति थी। इन्होंने प्रबोध-चन्द्रोदय की शैली में शान्तरस प्रधान *रंगाभ्युदय, सम्पत्कुमारविजय* जैसे उत्कृष्ट प्रतीकात्मक रूपकों की रचना की। तमिलनाडु के कुम्भकोणम् की कवयित्री *ज्ञानसुन्दरी* (19वीं–20वीं शताब्दी) प्रणीत *हालास्यचम्पू* में छैः स्तबक हैं। जिनमें शिव के अवतार सुन्देरश्वर और देवी मीनाक्षी के परिणय का मनोहारी वर्णन किया गया है।

आधुनिक संस्कृत सर्जना में भी महिला कवयित्रियों का योगदान अभिनन्दनीय है। बीसवीं शताब्दी की काव्य-रचयित्रियों में पण्डिता क्षमाराव का नाम सर्वोपरि है। विदेशी शासन से मुक्ति की उत्कट कामना और तात्कालिक भारतीय समाज में महात्मा गान्धी के बढ़ते प्रभाव से समाज में संचरित जनजागृति को आधार बनाकर पुणे निवासी शंकर पाण्डुरंग की पुत्री क्षमाराव ने संस्कृत जगत को अनेक उत्कृष्ट रचनाएँ प्रदान कीं। इनमें *सत्याग्रहगीता, स्वराजविजय, उत्तरसत्याग्रहगीता, तुकारामचरित, शंकरजीवनाख्यान, ज्ञानेश्वरचरित, रामदासचरित* महाकाव्य हैं। भारतभूमि के महापुरुषों और सन्तचरितों को इनमें प्रस्तुत किया गया है। *मीरालहरी* खण्डकाव्य है। *कथापंचक* (पद्यात्मक) *ग्रामज्योति* (पद्यात्मक) *कथामुक्तावली* (गद्यात्मक) कथा संग्रह हैं। ये रचनाएँ मानवीय संवेदनाओं और राष्ट्रप्रेम का जीवन्त निदर्शन हैं। इनमें विधवा-विवाह, बाल-विवाह, संतानहीनता, मद्यपान, जुआखोरी आदि विविध सामाजिक विषयों को सशक्तता के साथ उठाया गया है।



Chapter-11.indd 112 24-08-2016 9:51:56 AM

आधुनिक युग की इस अविच्छिन्न शृंखला में रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय की उपकुलपति पद को गौरवान्वित कर चुकी रमाचौधुरी ने *पल्लीकमल, देशदीप, मेघमेदुरमेदनीय, यतीन्द्रयतीन्द्र, निवेदितनिवेदित, भारततात, गणदेवता* आदि 25 नाटकों का प्रणयन कर प्रचुर ख्याति पाई है। नाट्यरचना के माध्यम से संस्कृत के प्रचार-प्रसार में आजीवन संलग्न रहने वाली पण्डिता क्षमाराव की पुत्री *लीलाराव दयालु* (मुम्बई) ने *अनूप, कृपाणिका, कपोतालय, जयन्तुकुमायुनीयाः, गणेशचतुर्थी, होलिकोत्सव, मीराचरित* आदि 24 एकांकियों का प्रणयन किया और स्वदेश में ही नहीं, अपितु नेपाल, पेरिस आदि देशों में भी इनका अभिनय कराया। *वनमाला भवालकर* (सागर) ने *पाददण्ड* (एकांकी) *रामवनगमन, पार्वतीतपश्चर्या, अन्नदेवता* आदि नृत्यनाटिकाओं का संस्कृत में प्रणयन किया है। *श्रीसत्यसाईसदाचारसंहिता* साईंबाबा की स्तुति में प्रणीत भावपूर्ण स्तोत्र रचना है। *कमला पाण्डेय* ने11 सर्गों में *रक्षत गंगाम्* महाकाव्य का प्रणयन किया है और गंगा में बढ़ते प्रदूषण पर अपनी चिन्ता व्यक्त की है। व्याकरणशास्त्र पर असाधारण अधिकार रखने वाली पुष्पा दीक्षित (जबलपुर) की *अग्निशिखा* और *शाम्भवी* प्रौढ़ व मधुर पद्य रचनाएँ हैं। मिथिलेश कुमारी मिश्रा (पटना) ने सुभाषचन्द्र के जीवन पर *चन्द्रचरित* नामक महाकाव्य की सर्जना की है। इन्होंने शान्त रस प्रधान *आम्रपाली* नाटिका के पाँच अंकों में वैशाली की नगर वधू आम्रपाली द्वारा बौद्ध धर्म अपनाकर आत्मिक शान्ति पाने की कथा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। इनका *दशमस्त्वमसि* दस मनोरंजक एकांकियों का संग्रह है।

नलिनी शुक्ला *'व्यथिता'* (कानपुर) ने *राधानुनय* (नृत्यनाटिका) *मुक्तिमहोत्सव* (नाट्य), *पार्वतीतपश्चर्या* (ऑपेरा) *कथासप्तक* (कथासंग्रह), *भावाञ्जलि, वाणीशतक* (पद्य) आदि काव्यों का प्रणयन किया है।

कुछ कवयित्रियों ने ललित ग्राम्य गीतों की लोकधुन पर पावस, वसन्त आदि विषयों पर संगीतमय रचनाएँ लिखी हैं। नलिनीशुक्ला विरचित *कजरी* की कतिपय पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं—

श्रावण आगत एषः।
घनघनगर्जितनादितमुरजः श्रावण आगत एषः।
नृत्यति विह्वलमुग्धशिखावलरुन्नतपुच्छसुवेशः।
निर्झरिणी,पारिजात पृ.9



Chapter-11.indd 113 24-08-2016 9:51:56 AM

समवृत्त, विषमवृत्त, दण्डकादि अल्प प्रचलित छन्दों में भी महिलाओं के द्वारा प्रणीत रचनाएँ उपलब्ध होती हैं। कमलापाण्डेय का एक दण्डक छन्द उद्धृत है—

जय सुरधुनि! कोटिपापौघसंहारि-शंकारि संसारभीहारि-
चेतस्तमोहारि-मोहारि-चिद्वारि-चंचच्चमत्कारकल्लोलितालोक-कूलंकषे!
हे जगद्वन्दिते! भ्राजतां भूतले भासतां भारते,
देवि गंङ्गे! नमो देवि गंङ्गे नमो, देवि गंङ्गे नमः।।-श्रीगङ्गादण्डकम्, पद्यसं- 3

यहाँ आरम्भिक दो 'न' गणों के बाद 27 'र' गणों का प्रयोग हुआ है।

सावित्रीदेवी शर्मा ने *संस्कृतगीतांजलि* में अयोध्या नरसंहार से फैली धर्मान्धता को आधार बनाकर धर्मनिरपेक्षता के छद्म आवरण में अपनी स्वार्थ सिद्धि करने वाले राजनेताओं की भर्त्सना की है। इसी परम्परा में कमलारत्नम्, महाश्वेता चतुर्वेदी, शशि तिवारी, नवलता, कमल अभ्यंकर, सिम्मी कंधारी, शशि तिवारी (आगरा) वेदकुमारी घई (जम्मू), रमाबाई, सुधासहाय, इलाघोष, वीणापाणि आदि महिला रचनाकारों की सर्जनात्मक रचनाएँ समय-समय पर पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। इनमें समसामयिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा राजनीतिक परिस्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। अधिकांश कवयित्रियों ने चाहे वे किसी भी कालखण्ड से सम्बद्ध हों, उन्होंने मानव-हृदय की सूक्ष्मतम अनुभूतियों को सशक्त व सरस अभिव्यक्ति दी है।

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि संस्कृत काव्य सर्जना के क्षेत्र में महिला रचनाकारों की एक दीर्घ परम्परा विद्यमान है। गद्य, पद्य, नाट्य, चम्पू, महाकाव्य, नृत्यनाटिका(ऑपेरा), नाटिका, संगीतिका, लोकगीत, कथा आदि महत्त्वपूर्ण विधाओं में असाधारण साहित्यिक वैशिष्ट्य से मण्डित रचनाओं से संस्कृत साहित्य को समद्ध बनाने का स्तुत्य कार्य महिलाओं ने भी किया है। प्राचीन-मध्यकालीन कवयित्रियों की रचनाएँ जहाँ पारम्परिक छन्दों में मिलती है, वहीं आधुनिक कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं में पारम्परिक छन्दों के साथ-साथ गीति, गजल, कजरी, मुक्तछन्द आदि के निर्बाध प्रयोग किए हैं। सामाजिक, धार्मिक, राष्ट्रीय, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं राजनीतिक विविधतापूर्ण विषयों को इनकी रचनाओं में पर्याप्त स्थान मिला है।



Chapter-11.indd 114 24-08-2016 9:51:57 AM

## द्वादश अध्याय

# शास्त्रीय साहित्य

वाङ्मय दो प्रकार का होता है— शास्त्र एवं काव्य। काव्य का विवेचन पूर्व अध्यायों में हो चुका है। अब शास्त्र का विवेचन किया जा रहा है। वैदिक वाङ्मय को यथार्थ रूप में समझने के लिए अत्यन्त प्राचीनकाल में ही व्याकरण, ज्योतिष, गणित जैसे शास्त्रों का विकास हुआ। सामान्यतया ऐसे साहित्य को शास्त्र कहते हैं, जो ज्ञान अथवा विज्ञान के तथ्यों का विवेचन करता है और उसे 'स्वीकार न करना समुचित नहीं माना जाता है। उदाहरणार्थ व्याकरण के नियमों को समुचित नहीं माना जाता है। व्याकरण के नियमों को न मानने पर वैसा किया हुआ प्रयोग सही नहीं माना जाता है। इसी प्रकार वैदिक साहित्य में बिखरे हुए विभिन्न विचारों से धर्मशास्त्र, आयुर्वेद, दर्शनशास्त्र, काव्य शास्त्र, वास्तुशास्त्र इत्यादि अनेक शास्त्र विकसित हुए। ये शास्त्र विभिन्न युगों में अपने समय की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न विभागों में बँट गए और इन शास्त्रों से सम्बद्ध अनेक ग्रन्थ लिखे गए तथा इन पर टीकाएँ भी लिखी गईं। टीकाओं में मूलग्रन्थों के भावों को समझने के अतिरिक्त नए तथ्य भी आए। कुछ टीकाएँ संक्षिप्त थीं, तो कुछ बहुत विस्तृत भाष्यों के रूप में थीं। इसी प्रकार विभिन्न शास्त्रों में ग्रन्थों की संख्या बढ़ गई। किसी भी एक शास्त्र के सभी ग्रन्थों को पढ़ पाना भी किसी व्यक्ति के लिए सरल नहीं है। इसी से शास्त्रीय साहित्य की विशालता समझी जा सकती है।

शास्त्रीय साहित्य का विकास वस्तुत: वैदिक युग से ही आरंभ होता है। वैदिक मन्त्रों का शुद्ध उच्चारण करके उन्हें सही अर्थों में समझने के लिए तीन विभिन्न शास्त्रों का जन्म हुआ— शिक्षा, व्याकरण तथा निरुक्त। वैदिक काल में ये तीनों शास्त्र पृथक्-पृथक् प्रचलित थे, किन्तु लौकिक संस्कृत के काल में ये तीनों व्याकरण में ही समाविष्ट हो गए। इससे व्याकरण शास्त्र का क्षेत्र बढ़ गया।

वैदिक यज्ञों में वेदिका तथा यज्ञशाला के निर्माण के क्रम में गणित तथा भवन-विज्ञान (वास्तुशास्त्र) का उद्भव हुआ। *अथर्ववेद* में चिकित्सा से सम्बद्ध बहुत से संकेत मिलते हैं। परवर्ती युग में उनका विकास आयुर्वेद के रूप में हुआ।

वैदिक साहित्य में अनेक स्थानों पर जनसामान्य के सामाजिक और धर्म-संबंधी विचार व्यक्त किए गए थे। उनका संकलन करके धर्मशास्त्र बनाया गया। *ऋग्वेद* और *अथर्ववेद* में जो दार्शनिक चिन्तन पाए जाते हैं, उनका विकास उपनिषदों में हुआ और यही चिन्तन आगे चलकर दर्शनशास्त्र के रूप में उभरा। दर्शनशास्त्र, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा एवं वेदान्त— इन छ: आस्तिक तथा चार्वाक, जैन एवं बौद्ध— इन तीन नास्तिक दर्शनों के रूप में विकसित हुआ।

वेदों में नर-नारी के प्रेम को कई रूपों में निर्दिष्ट किया गया है। इन विचारों से कामशास्त्र का विकास हुआ। काव्य में अलंकारों के प्रयोगों का विवेचन करने के लिए काव्यशास्त्र का आविर्भाव हुआ। राजनीति का विवेचन यद्यपि पहले धर्म-शास्त्र के अंग के रूप में होता था, किंतु बाद में यह अर्थशास्त्र के नाम से पृथक् शास्त्र बन गया। इस प्रकार संस्कृत भाषा में अनेक शास्त्र विकसित हुए।

आरम्भिक अवस्था में ये शास्त्र इधर-उधर बिखरे हुए थे, किन्तु कालक्रम से इन्हें आकर ग्रन्थों के रूप में व्यवस्थित किया गया। शास्त्रों के अध्ययन की समृद्ध परम्परा भारतवर्ष में रही है। यही हमारा प्राचीन विज्ञान है, दर्शन है और भारतीय मेधा का उत्कर्ष है। अपने शास्त्रीय साहित्य पर आज भी संस्कृत वाङ्मय को गर्व है।

## प्रमुख शास्त्रीय ग्रन्थों का परिचय

1. **शब्दकोश विज्ञान**— वैदिक युग से ही शब्दकोश-निर्माण की पद्धति चलती आ रही है। वैदिक शब्दों के संग्रह को *निघण्टु* कहा जाता है। समय-समय पर विविध कोशों की रचना भारत में होती रही है। इनमें सर्वाधिक प्रसिद्ध *नामलिङ्गानुशासन* है, जो कोशकार अमरसिंह के नाम पर *अमरकोश* के नाम से अधिक विख्यात है। इसकी रचना प्राय: तीसरी शताब्दी ई. में हुई थी। इस ग्रन्थ में तीन काण्ड हैं, जिनमें वैज्ञानिक ढंग से वर्गीकरण करके पर्यायवाची शब्दों का श्लोकबद्ध संग्रह किया गया है। यद्यपि बाद में भी हलायुध की *अभिधानरत्नमाला,* यादव प्रकाश का *वैजयन्तीकोश,* महेश्वर का *विश्वप्रकाश,* हेमचन्द्र की *अभिधानचिन्तामणि* आदि कोश ग्रन्थ लिखे गए, किन्तु *अमरकोश* का महत्त्व आज भी अक्षुण्ण है। इस पर प्राय: 40 टीकाएँ लिखी गईं।

आधुनिक काल में वर्णमाला के क्रम से शब्दों को सजाकर दो महान् कोश लिखे गए, जिनमें ताराचंदवागीश (छ: भागों में) तर्कवाचस्पति के द्वारा संकलित *वाचस्पत्यम्*



Chapter-12.indd 116 12-08-2016 2:14:05 PM

तथा राधाकान्तदेव द्वारा पाँच भागों में प्रस्तुत कराया गया *शब्दकल्पद्रुम* विशेष उल्लेखनीय है।

2. **छन्द:शास्त्र**— इस शास्त्र का प्राचीनतम ग्रन्थ पिङ्गलाचार्य के द्वारा लिखित छन्द:सूत्र है। इसमें वैदिक और लौकिक दोनों प्रकार के छन्दों के नियम सूत्र रूप में लिए गए हैं। क्षेमेन्द्र ने *सुवृत्ततिलक* नामक लघु पुस्तक में छन्दों के पद्यबद्ध लक्षण दिए हैं, जो उदाहरण का काम भी करते हैं। इन्होंने संस्कृत के विभिन्न कवियों के द्वारा प्रयुक्त कई छंदों की प्रशंसा भी की है। केदारभट्ट (पन्द्रहवीं शताब्दी ई.) का *वृत्तरत्नाकर* तथा गंङ्गादास कृत *छन्दोमञ्जरी* छन्द:शास्त्र के अन्य सुप्रचलित ग्रन्थ हैं।

3. **व्याकरणशास्त्र**— वैदिक साहित्य में शब्दों के उच्चारण, प्रकृति-प्रत्यय के रूप में शब्दों का विभाजन, वचन, काल आदि के विषय में कई स्थलों पर विवेचन है। इससे व्याकरणशास्त्र का विकास हुआ। यद्यपि शाकटायन, शौनक, शाकल्य, स्फोटायन इत्यादि कई प्राचीन व्याकरण शास्त्री हुए, किन्तु आज सर्वप्रथम उपलब्ध ग्रन्थ पाणिनि की *अष्टाध्यायी* ही है। आठ अध्यायों में पाणिनि ने लौकिक संस्कृत और वैदिक संस्कृत से सम्बद्ध प्राय: 4,000 सूत्र लिखे हैं। इस ग्रंथ में दोनों भाषाओं का सर्वाङ्गपूर्ण विवरण दिया गया है। पाणिनि के सूत्र अत्यन्त संक्षिप्त हैं, किन्तु व्यापक रूप से संस्कृत भाषा के नियमों को प्रस्तुत करते हैं। पाणिनि का समय प्राय: 500 ई. पू. माना जाता है। इन सूत्रों पर संक्षिप्त टिप्पणियों के रूप में वार्तिक लिखने वाले कात्यायन (350 ई. पू.) हुए, जिन्होंने कहीं-कहीं सूत्रों में दिए गए नियमों को आगे बढ़ाया और कहीं उनमें संशोधन का सुझाव दिया। इसके बाद पतञ्जलि (150 ई. पू.) हुए, जिन्होंने पाणिनि के सूत्र और कात्यायन के वार्तिक दोनों पर संयुक्त रूप से *महाभाष्य* नामक आलोचनात्मक ग्रन्थ लिखा। इन तीनों आचार्यों को समुदित रूप से व्याकरणशास्त्र में त्रिमुनि अथवा मुनित्रय कहा जाता है।

*अष्टाध्यायी* तथा *महाभाष्य* पर अनेक व्याख्याएँ लिखी गईं, इनमें वामन और जयादित्य की *काशिकावृत्ति* अष्टाध्यायी की श्रेष्ठ व्याख्या के रूप में प्रसिद्ध है। कुछ समय के बाद पाणिनि के सूत्रों को सरलता की दृष्टि से नए रूप में व्यवस्थित करके प्रक्रियाग्रन्थ लिखे गए, जिनमें रामचन्द्र (1400 ई.) की *प्रक्रियाकौमुदी* और भट्टोजिदीक्षित (1600 ई.) की *सिद्धान्तकौमुदी* प्रसिद्ध हैं। पाणिनीय व्याकरण में प्रवेश के लिए वरदराज कृत *लघुसिद्धान्तकौमुदी* जैसे सरल ग्रन्थ भी लिखे गए। *सिद्धान्तकौमुदी* पर टीकाओं का प्राचुर्य है, जिनका अध्ययन नव्य व्याकरण के अन्तर्गत होता है।



Chapter-12.indd 117 12-08-2016 2:14:05 PM

पाणिनीय व्याकरण के अन्तर्गत कुछ दार्शनिक ग्रन्थ भी लिखे गए जिनमें भाषा के अर्थ-पक्ष या दर्शन पर विचार किया गया। इन ग्रन्थों में भर्तृहरि (500 ई.) का *वाक्यपदीय,* कौण्डभट्ट (1650 ई.) का *वैयाकरणभूषणसार* तथा नागेशभट्ट (1700 ई.) की *वैयाकरणसिद्धान्तमञ्जूषा* प्रसिद्ध हैं।

पाणिनि के अतिरिक्त अन्य वैयाकरणों ने भी विभिन्न व्याकरण-सम्प्रदायों को प्रवर्तित किया। इनमें कातन्त्र, चान्द्र, शाकटायन, हैम, सारस्वत तथा सौपद्म सम्प्रदाय भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित हैं। प्राचीन वैयाकरणों के विषय में यह श्लोक प्रचलित है—

इन्द्रश्चन्द्रः काशकृत्स्नापिशली शाकटायनः।
पाणिन्यमरजैनेन्द्रा जयन्त्यष्टादिशाब्दिकाः।।

4. **धर्मशास्त्र**— आचार-व्यवहार की शिक्षा के लिए वैदिक धर्म-सूत्रों पर आश्रित अनेक स्मृतियाँ लिखी गईं। इनमें वर्णाश्रम व्यवस्था, राजा के कर्त्तव्य, विवाद का निर्णय आदि विविध विषयों पर प्रकाश डाला गया है। यह सामान्य धारणा है कि स्मृतियाँ श्रुतियों अर्थात् वेदों का अनुसरण करती हैं। इन स्मृतियों के आधार पर ही हिन्दुओं के दीवानी और फौजदारी कानून बने हुए हैं। यद्यपि प्राचीन स्मृतियों के बहुत से नियम आज अपना अर्थ और महत्त्व खो चुके हैं, तथापि आज भी भारतीय सामाजिक व्यवस्था मूलत: स्मृतियों पर आश्रित है। इसलिए स्मृतियों के अध्ययन की अपनी उपयोगिता है।

स्मृति-ग्रंथों में सर्वाधिक महत्त्व *मनुस्मृति* का है। इसमें 12 अध्याय हैं, जिनमें सभी स्मृतियों की अपेक्षा अधिक व्यापक विषयवस्तु का प्रतिपादन श्लोकों में है। सृष्टि से आरंभ करके मानव समाज के विकास तथा दैनिक जीवन के कर्त्तव्यों का विवेचन करते हुए मोक्ष तक का इसमें विवेचन है। मनु को सभी मानवों का पिता कहा गया है। उन्होंने जीवन की व्यवस्था के लिए अपने नियम दिए हैं।

*याज्ञवल्क्यस्मृति* (300 ई.) में अपेक्षाकृत अधिक प्रगतिशील विचार दिए गए हैं। इसमें तीन अध्याय हैं— आचार, *व्यवहार* और *प्रायश्चित्त*। इस पर मिताक्षरा व्याख्या सुप्रसिद्ध है, जिसे हिन्दुओं के कुछ वर्गों में सर्वाधिक प्रमाणिक माना जाता है। *नारदस्मृति, विष्णुस्मृति* आदि अन्य कई स्मृतियाँ हैं। धर्मशास्त्र के अन्तर्गत स्मृतियों के अतिरिक्त निबन्ध-ग्रंथों की भी रचना हुई, जिनमें किसी धार्मिक व्यवस्था, अनुष्ठान, विवादग्रस्त विषय आदि का विवेचन हुआ। बारहवीं शताब्दी के बाद ऐसे अनेक निबन्ध लिखे गए। आधुनिक भारतीय कानूनों को अंग्रेजों ने इन निबन्धों के आधार पर ही बनाया था।



Chapter-12.indd 118 12-08-2016 2:14:05 PM

5. **राजनीतिशास्त्र**— प्राचीन भारत में राजनीति को भी बहुत महत्त्व दिया जाता था। कहते हैं कि सुव्यवस्थित राज्य में ही सभी शास्त्र पनपते हैं। इसलिए राज्य को सुदृढ़ करने के लिए राजनीतिशास्त्र से संबद्ध पर्याप्त चर्चा होती रही। *महाभारत* का शान्ति पर्व इस दृष्टि से बहुत महत्त्व का है। प्राचीन धर्मशास्त्री और स्मृतिकार भी राजनीति की विवेचना करते हैं, किन्तु राजनीतिविषयक सबसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ कौटिल्य का *अर्थशास्त्र* है। इसमें 15 अधिकरण हैं, जिन्हें अध्यायों में विभक्त किया गया है। सम्पूर्ण *अर्थशास्त्र* सूत्रात्मक है। कहीं-कहीं श्लोकों में सूत्र की बातें दोहराई गई हैं।

*अर्थशास्त्र* में राजा की शिक्षा, मंत्रियों की नियुक्ति, गुप्तचरों की नियुक्ति, विभिन्न विभागीय अधीक्षकों के कर्त्तव्य, राज्य के दुष्ट नागरिकों का दमन, कृत्रिम मूल्य-वृद्धि, मिलावट तथा गलत नाप-तोल को रोकने के उपाय, राज्य के सात अंग, शान्ति और उद्योग, शत्रु पर आक्रमण, युद्ध, दुर्ग का घेरा, विष-प्रयोग आदि अनेक विषयों का साङ्गोपाङ्ग वर्णन है। कौटिल्य ने *अर्थशास्त्र* को कठोर अनुशासनबद्ध राजतन्त्र की दृष्टि से लिखा है। राजा आन्तरिक व्यवस्था रखे, प्रजा की रक्षा करे और युद्ध के लिए सदा तत्पर रहे। *अर्थशास्त्र* इस सिद्धान्त को मानता है कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए साधनों का अच्छा-बुरा होना महत्त्वपूर्ण नहीं है। *अर्थशास्त्र राजतरङ्गिणी* के समान ही संस्कृत वाङ्मय का गौरव ग्रन्थ है।

6. **नीतिशास्त्र**— राजनीति के समान सामान्य व्यावहारिक नीति पर भी संस्कृत भाषा में कई ग्रन्थ लिखे गए हैं। *कामन्दकीयनीतिसार* अर्थशास्त्र के प्रमुख विषयों को श्लोकों में प्रस्तुत करता है। इसी प्रकार सोमदेवसूरि कृत *नीतिवाक्यामृत* भी *अर्थशास्त्र* पर आश्रित है। *चाणक्यनीतिदर्पण* नीतिश्लोकों का अव्यवस्थित संग्रह है। भोज का *युक्तिकल्पतरु,* चण्डेश्वर का *नीतिरत्नाकर* और *शुक्रनीति* भी व्यावहारिक नीतिशास्त्र के प्रमुख ग्रन्थ हैं।

7. **चिकित्साशास्त्र**— इसे आयुर्वेद कहा जाता है। बौद्ध ग्रन्थों से पता चलता है कि राजगृह में जीवक नामक बहुत बड़ा वैद्य रहता था, जिसने बुद्ध की भी चिकित्सा की थी। संस्कृत भाषा में इस शास्त्र का प्राचीनतम ग्रन्थ *चरकसंहिता* है। इसमें आठ खण्ड और 30 अध्याय हैं। इसकी रचना प्राय: गद्य में है। इसमें शल्य-क्रिया को छोड़कर चिकित्सा के सभी विषयों का प्रतिपादन है। इसका समय प्रथम शताब्दी ई. माना जाता है। इस शास्त्र का दूसरा महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ *सुश्रुत-संहिता* है, जिसमें शल्यक्रिया पर बहुत बल दिया गया है। इसमें शल्यक्रिया के उपकरणों का भी परिचय दिया गया



Chapter-12.indd 119 12-08-2016 2:14:05 PM

है। दोनों ग्रन्थ सातवीं-आठवीं शताब्दी में अरबी भाषा में रूपांतरित हो चुके थे।

वाग्भट के दो चिकित्सा–ग्रन्थ मिलते हैं— *अष्टांगसंग्रह* और *अष्टांगहृदयसंहिता*। विद्वानों का मत है कि इन दोनों की रचना वाग्भट नाम के दो व्यक्तियों ने की थी, जो एक ही वंश में हुए थे। नागार्जुनकृत *योगसार,* शार्ङ्गधर-रचित *शार्ङ्गधरसंहिता* (तेरहवीं शताब्दी), भावमिश्र-रचित *भावप्रकाश* इत्यादि इस शास्त्र के अन्य प्रमुख ग्रंथ हैं।

8. **ज्योतिष तथा गणित**— इस क्षेत्र में भारतीयों की उपलब्धि वैदिक युग से ही मिलती है। नक्षत्रों की गणना, ग्रहों का विचार, काल-गणना आदि के क्षेत्र में भारतीय ज्योतिषियों की अद्भुत क्षमता थी। 476 ई. में उत्पन्न आर्यभट्ट ने 121 पद्यों में *आर्यभटीय* नामक ग्रंथ लिखा था। उन्होंने पृथ्वी का अपनी धुरी पर घूमना सिद्ध किया था। उनके ग्रहण-विषयक सिद्धांत आज भी मान्य हैं। वराहमिहिर ने प्राय: 550 ई. में ज्योतिषशास्त्र के विभिन्न सिद्धांतों पर *पञ्चसिद्धांतिका* नामक ग्रंथ लिखा था। सातवीं शताब्दी में ब्रह्मगुप्त ने *ब्रह्मस्फुटसिद्धांत* की रचना की। भास्कराचार्य (बारहवीं शताब्दी) ने *सिद्धांत-शिरोमणि* नामक सिद्धांतग्रंथ के अतिरिक्त *लीलावती, बीजगणित, ग्रहगणित* तथा *गोलाध्याय* नामक गणित-ग्रंथ लिखे। गणित के क्षेत्र में आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त तथा श्रीधर का भी महान् योगदान है। आर्यभट्ट ने विश्व में पहली बार शून्य अंक एवं दशमलव का आविष्कार किया, जिससे गणित के क्षेत्र में एक नए युग का आरम्भ हुआ।

फलित ज्योतिष के क्षेत्र में वराहमिहिर की *बृहत्संहिता, बृहज्जातक* और *लघुजातक* नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। *विद्यामाधवीय* तथा *ज्योतिर्विदाभरण* नामक ग्रन्थों में फलित ज्योतिष का विवेचन है। कुछ ज्योतिषियों ने शकुनविद्या, भविष्यफल, स्वप्नविज्ञान तथा सामुद्रिक शास्त्र के विषय में भी विभिन्न ग्रंथ लिखे।

9. **दर्शनशास्त्र**— *ऋग्वेद* में कई दार्शनिक सूक्त हैं, जिनमें संसार के मूल तत्त्व और सृष्टि-प्रक्रिया का विवरण मिलता है। बाद में उपनिषदों में इन्हीं विषयों का रोचक विवेचन किया गया। आत्मा, ब्रह्म, जगत्, मृत्यु, जीवन आदि की व्याख्या रोचक उपाख्यानों के द्वारा इनमें की गई। वैदिक साहित्य के बाद दार्शनिक धारा दो भागों में विभक्त हो गई। पहली धारा वैदिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाली थी, जिसे आस्तिक कहा गया। दूसरी धारा वैदिक परम्परा के विरोध में चली, जिसे नास्तिक कहा गया।

नास्तिक दर्शन के तीन रूप मिलते हैं— चार्वाक, जैन और बौद्ध। चार्वाक पूर्णत: भौतिकवादी दर्शन है, जिसमें ईश्वर, धर्म, आत्मा, परलोक आदि उन सभी विषयों का



Chapter-12.indd 120 12-08-2016 2:14:06 PM

खण्डन है जो प्रत्यक्ष नहीं है। चार्वाक दर्शन का प्रचार बहुत हुआ, जिससे इसका नाम लोकायत भी पड़ा। बृहस्पति इस दर्शन के प्रणेता माने जाते हैं। इनका कोई महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ नहीं मिलता। बौद्ध दर्शन महात्मा बुद्ध के द्वारा आरंभ हुआ। आरंभ में इसके ग्रन्थ पालि भाषा में लिखे गए, किंतु बाद में संस्कृत भाषा मे बौद्ध दर्शन के ग्रन्थ लिखे गए। तिब्बत, चीन, जापान, श्रीलंका, थाइलैण्ड इत्यादि देशों में भी यह धर्म उन देशों की भाषाओं में विकसित हुआ। संस्कृत में महायान धर्म की महत्त्वपूर्ण पुस्तकें लिखी गईं। बौद्ध दर्शन की चार शाखाएँ हो गईं, जैसे- शून्यवाद, विज्ञानवाद, सौत्रान्तिक एवं वैभाषिक। *सद्धर्मपुण्डरीक, ललितविस्तर, लंकावतारसूत्र, माध्यमिककारिका, अभिधर्मकोश* इत्यादि प्रमुख बौद्ध ग्रन्थ हैं, जो संस्कृत में लिखे गए। जैन धर्म का विकास भी बौद्ध-धर्म के पूर्व ही हो चुका था। इसके अधिकांश ग्रन्थ प्राकृत में हैं, किन्तु बाद में संस्कृत में भी बहुत से जैन ग्रंथ लिखे गए। उमास्वामी या उमास्वाति (100 ई.) का *तत्त्वार्थाधिगमसूत्र* प्रथम संस्कृत रचना है जिसमें जैनों के सिद्धांतों का सर्वांगपूर्ण वर्णन है। जैनों ने संस्कृत भाषा में दर्शन, काव्य, व्याकरण तथा अन्य क्षेत्रों में भी रचनाएँ कीं।

